मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.8 | 18.3 |
| जमशेदपुर | 31.4 | 16.2 |
| डालटनगंज | 31.8 | 16.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


**इस्तीफा नहीं दूंगा : केजरीवाल**

ईडी के हिरासत में लिये जाने के फैसले के बाद दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से जाने के क्रम में सीएम अरविंद केजरीवाल ने मीडिया से कहा कि वे सीएम पद से इस्तीफा नहीं देंगे और जेल से ही सरकार चलाएंगे.


www.lagatar.in | शनिवार 23 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 335 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 62,000 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

## ब्रीफ खबरें

### हेमंत ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की याचिका

**रांची/दिल्ली।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है. इस याचिका के माध्यम से उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं दी गई थी. अपनी याचिका में उन्होंने यह मांग की है कि आने वाले दिनों में आहूत होने वाले विधानसभा के सत्र में उन्हें शामिल होने की अनुमति दी जाये. दरअसल, हेमंत सोरेन मनी लाउंड्रिंग के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं.

### झामुमो का 44वां स्थापना दिवस चार को हजारीबाग में

**रांची।** हजारीबाग में झामुमो का 44वां स्थापना दिवस समारोह चार अप्रैल को मनाया जायेगा. इसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से लेकर कल्पना सोरेन व पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता व विधायक शामिल होंगे. चुनाव को लेकर इसे वृहत स्तर पर आयोजित करने की तैयारी स्थानीय जिला समिति द्वारा की जा रही है. कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शक्ति प्रदर्शन की भी तैयारी कर रही है.

### जो जैसा करेगा, वैसा ही भरेगा : भाजपा

**नयी दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल की शराब घोटाले में गिरफ्तारी पर भाजपा ने हमला बोला है. ईडी द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि जो लोग घोटाला करेंगे, उन्हें जेल तो जाना पड़ेगा ही. भाजपा प्रवक्ता ने आगे कहा कि जो लोग गलत करेंगे, उन्हें वैसा ही अंजाम भुगतना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि जो जैसा करेगा, उसे वैसा ही भरना होगा.

### राजद के प्रदेश महासचिव ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**पटना।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए महागठबंधन में सीट बंटवारे का फॉर्मूला अभी तय नहीं हुआ है. लेकिन राजद सुप्रीमो लालू यादव ने अपनी पार्टी के उम्मीदवारों को सिंबल बांटना शुरू कर दिया है. इसके बाद पार्टी के कुछ नेता टिकट न मिलने से नाराज भी हैं. इसी कड़ी में टिकट न मिलने से नाराज राजद के प्रदेश महासचिव विनोद यादव ने राजद की प्राथमिक सदस्यता समेत सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है. इसके साथ ही उन्होंने शनिवार को नवादा लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक भी बुलाई है.

### आईपीएल-17 आज के मैच

पंजाब किंग्स बनाम दिल्ली कैपिटल्स, **स्थान :** चंडीगढ़, **समय :** दिन के 3:30 बजे से

कोलकाता नाइट राइडर्स बनाम सनराइजर्स हैदराबाद **स्थान :** कोलकाता, **समय :** शाम के 7:30 बजे से

## आबकारी नीति घोटाला ▶ पहली बार किसी मुख्यमंत्री को किया गया गिरफ्तार

# केजरीवाल को 6 दिन की ईडी रिमांड पर भेजा



### ईडी की हिरासत में मनेगी होली

भाषा। नयी दिल्ली

आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार की देर शाम को सीएम अरविंद केजरीवाल को 28 मार्च तक के लिए ईडी की रिमांड पर भेज दिया है. अब 28 मार्च को दोपहर दो बजे कोर्ट में उनकी पेशी होगी. उन्हें छह दिन की रिमांड पर भेजा गया है. इससे पूर्व ईडी ने केजरीवाल को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया और 10 दिनों की रिमांड की मांग की. गिरफ्तारी के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की विशेष पीठ के समक्ष भी सुनवाई होनी थी. लेकिन केजरीवाल ने अपनी याचिका वापस ले ली है.

**होली नहीं मनाएगी आप, 26 को पीएम आवास का होगा घेराव :** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता गोपाल राय ने शुक्रवार को कहा कि इस साल उनकी पार्टी होली नहीं मनाएगी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए 26 मार्च को प्रधानमंत्री आवास का घेराव करेगी. मंत्री राय ने कहा, दिनभर पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं को हिरासत में लिया गया. शनिवार पूर्वाह्न 10 बजे आप के सभी विधायक, पार्षद, पदाधिकारी, 'इंडिया' गठबंधन के प्रतिनिधि लोकतंत्र बचाने का संकल्प लेंगे. हम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर शनिवार को शहीदी पार्क में एकत्र होंगे. पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी कार्यक्रम में शामिल होंगे. 24 मार्च को सभी विधानसभा क्षेत्रों में पीएम नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका जाएगा.

- पेज 7 भी देखें

### ईडी ने कोर्ट में केजरीवाल की गिरफ्तारी पर 28 पन्नों की दलील पेश की

#### कोर्ट में ईडी की 11 बड़ी दलीलें

1. हमारी रिमांड याचिका में एक्साइज पॉलिसी केस का पूरा बैकग्राउंड शामिल है.
2. पॉलिसी इस तरह बनाई गई थी कि रिश्वत ली जा सके और रिश्वत देने वाले लोगों को फायदा पहुंचाया जा सके.
3. केजरीवाल घोटाले के सरगना हैं. केजरीवाल ने रिश्वत लेने के लिए कुछ खास लोगों को फायदा पहुंचाया.
4. अपराध की कमाई का इस्तेमाल आम आदमी पार्टी के गोवा चुनाव में किया गया.
5. केजरीवाल पॉलिसी के निर्माण में सीधे तौर पर शामिल थे.
6. सिसोदिया के सेक्रेटरी ने बताया कि सिसोदिया ने उन्हें 2021 में केजरीवाल के आवास पर बुलाया था. इस मामले में सिसोदिया भी गिरफ्तार हैं और उन्हें जमानत नहीं मिली है.
7. विजय नायर (शराब नीति मामले में गिरफ्तार एक और आरोपी) केजरीवाल के साथ मिलकर काम कर रहा था. विजय केजरीवाल के घर के पास रहता था. वह केजरीवाल के काफी करीब रहकर काम कर रहा था. विजय नायर ने बिचौलिए की भूमिका निभाई.
8. केजरीवाल ने दक्षिण के समूह से रिश्वत की मांग की. हमारे पास इसे साबित करने के लिए पर्याप्त बयान हैं.
9. बयानों के मुताबिक, केजरीवाल ने कविता से मुलाकात की और उनसे कहा कि उन्हें दिल्ली एग्साइज पॉलिसी पर मिलकर काम करना चाहिए.
10. दो मौकों पर पैसों का लेनदेन हुआ. विक्रेताओं के माध्यम से रिश्वत के रूप में नकद पैसा दिया गया. इनवॉइस सिर्फ आंशिक राशि के लिए बनाई गई क्योंकि बाकी राशि रिश्वत के रूप में नकद दी गई थी.
11. चैट से हर बात की पुष्टि होती है. चैट के मुताबिक हवाला के जरिए गोवा में 45 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए गए. कई लोगों को भारी नकद राशि सौंपी गई.

#### क्या बोले केजरीवाल के वकील सिंघवी

1. रिमांड ऑटोमैटिक नहीं है. इसे पीएमएलए जैसे कानून के प्रावधानों को पूरा करना होगा.
2. पहली शर्त यह है कि उसके पास कोई भौतिक सामग्री हो. मतलब विश्वास करने का कारण होना चाहिए. और अंततः वह दोषी होना चाहिए. ऐसा सामान्य कानून में क्यों नहीं होता? क्योंकि जब गिरफ्तारी करना मुश्किल होता है तो व्यक्ति को छोड़ना भी मुश्किल होता है.
3. किसी को दोषी मानने की वजह और ईडी के पास मौजूद सामग्री के बीच एक कारणात्मक संबंध होना चाहिए.
4. पहली चीज जो हमें दिखानी चाहिए वह है गिरफ्तारी की आवश्यकता.
5. सिर्फ इसलिए कि आपके पास गिरफ्तार करने की पावर है इसका मतलब यह नहीं कि आपको इसका इस्तेमाल करना ही होगा. प्लीज कानून को एक बार देखें.
6. पूरी रिमांड एप्लीकेशन गिरफ्तारी के ग्राउंड्स की कॉपी पेस्ट है.
7. अगर आपके पास सब कुछ है तो आप हिरासत में लेकर पूछताछ क्यों करना चाहते हैं.
8. 80 प्रतिशत लोगों ने केजरीवाल का नाम नहीं बताया. उन्होंने यह भी नहीं कहा कि वे उनसे कभी मिले भी थे.
9. अगर मेरे शिकायतकर्ता के अधीन काम करने वाला कोई व्यक्ति मेरे खिलाफ बयान देता है तो क्या वह अदालत उसे सबूत मान सकती है? किसी भी गलत काम को दिखाने के लिए कोई सामग्री नहीं मिली, कोई आपत्तिजनक सामग्री भी नहीं मिली.
10. सिंघवी ने पवन बंसल जजमेंट को पढ़ते हुए कहा कि गिरफ्तारी के वक्त सेफगार्ड नहीं अपनाए गए.
11. जब सुप्रीम कोर्ट की बातों को गंभीरता से नहीं लिया जाता तो सुप्रीम कोर्ट को दंडात्मक कार्रवाई करनी चाहिए

### गिरफ्तारी के खिलाफ आप का हल्ला बोल



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) ने देशभर में उग्र प्रदर्शन किया. नयी दिल्ली में पार्टी के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया और इस दौरान 'अरविंद तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं' के नारे भी लगाए गए. पुलिस ने प्रदर्शन के दौरान दिल्ली की कैबिनेट मंत्री मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और अन्य को हिरासत में लिया. पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को भाजपा मुख्यालय की ओर मार्च करने से रोकने के लिए कई स्तरों पर अवरोधक लगाए गए और बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया था. मध्य दिल्ली में राउज एवेन्यू मार्ग पर आप मुख्यालय के बाहर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं का जमावड़ा रहा.

## चंपाई व कल्पना का मिला समर्थन

### लोकतंत्र चलेगा या तानाशाही जनता फैसला करेगी : चंपाई



**रांची।** सीएम चंपाई ने ट्विटर हैंडल के जरिये से कहा कि राजनैतिक दलों को तोड़ने, विधायकों को डराने- धमकाने व लालच देकर सरकारें गिराने, मीडिया पर कब्जे तथा कंपनियों से वसूली के बाद अब विपक्ष के मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी आम बात हो गई है. जरा सोचिए कि एक मेयर का चुनाव जीतने के लिए सारे नियमों को ताक पर रखने वाले ये लोग, लोकसभा का चुनाव जीतने के लिए किस हद तक जायेंगे. आजादी के सात दशकों बाद, यह देश लोकतंत्र से चलेगा या तानाशाही से, आगामी चुनावों में यह फैसला आपको करना है.

### देश का हर कोना इनके जुल्म की कहानी हो गयी है : कल्पना



**आई स्टैंड विद केजरीवाल#** के माध्यम से कल्पना सोरेन मुर्मू सोरेन ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी का नाम लिए बिना जोरदार निशाना साधा है. उन्होंने हेमंत सोरेन के ट्विटर हैंडल पर ट्वीट कहा है कि शासन का मतलब तानाशाही हो गया है. देश का हर कोना इनके जुल्म की कहानी हो गया है. कल्पना मुर्मू सोरेन ने लिखा कि इन्हें लगता है कि करोड़ों लोगों का नेतृत्व कर रहे जन-नेताओं को गिरफ्तार कर ये फिर से गद्दी में बैठ जाएंगे. उन्होंने लिखा कि देश की स्वाभिमानी और निडर जनता इनके भ्रम और अहंकार का मुंहतोड़ जवाब देगी. इंडिया झुकेगा नहीं.

### 'सत्ता के अहंकार में गिरफ्तार कराया'



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया पर अपने बयान में कहा कि तीन बार चुने गए सीएम को गिरफ्तार कराया गया. सत्ता के अहंकार में गिरफ्तारी हुई है. ये दिल्ली के लोगों के साथ धोखा है. आपके तीन बार चुने हुए मुख्यमंत्री को मोदी जी ने सत्ता के अहंकार में गिरफ्तार करवाया. सबको दबाने और खत्म करने में लगे हैं. यह दिल्ली के लोगो के साथ धोखा है.आपके मुख्यमंत्री हमेशा आपके साथ खड़े रहे हैं. अंदर रहें या बाहर, उनका जीवन देश को समर्पित है. जनता जनार्दन है सब जानती है. जय हिंद.

### ओडिशा में अपने दम पर ही चुनाव लड़ेगी भाजपा

**नयी दिल्ली।** ओडिशा में भाजपा और राज्य में सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) के बीच गठबंधन की संभावनाएं शुक्रवार को उस समय लगभग समाप्त हो गईं, जब केंद्र की सत्ताधारी पार्टी ने आगामी लोकसभा व राज्य विस के चुनावों में सभी सीट पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा की. भाजपा की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '4.5 करोड़ ओडिशावासियों की आशा को पूरा करने के लिए पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में विकसित भारत तथा विकसित ओडिशा बनाने के लिए भाजपा इस बार लोकसभा की सभी 21 सीट पर अकेले चुनाव लड़ेगी.

### भारती एयरटेल ने भाजपा को लगभग 234 करोड़ चंदा दिया

भाषा। नयी दिल्ली

भारती एयरटेल और उसकी अनुषंगी कंपनी भारती टेलीमीडिया ने लगभग 235 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदे और इसमें से एक करोड़ रुपये को छोड़कर बाकी सारी राशि सत्तारूढ़ दल भाजपा को दी. चुनाव आयोग के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है. भारती एयरटेल ने भाजपा को लगभग 197.5 करोड़ रुपये, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस को 50 लाख रुपये और राजद को 10 लाख रुपये का चंदा दिया. आंकड़ों के मुताबिक, सुनील मित्तल की



अगुवाई वाली दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल की अनुषंगी भारती टेलीमीडिया ने बीजेपी को 37 करोड़ रुपये के बॉन्ड दान किए. इस तरह भारती समूह की दो कंपनियों ने चुनावी बॉन्ड के जरिए भाजपा को कुल मिलाकर लगभग 234 करोड़ रुपये का चंदा दिया.

### यूट्यूबर एल्विश यादव को मिली जमानत

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर की एक अदालत ने विवादास्पद यूट्यूबर सिद्धार्थ यादव उर्फ एल्विश यादव को संदिग्ध मादक पदार्थ मामले में शुक्रवार को जमानत दे दी. यह जानकारी उनके वकीलों ने दी. रेव पार्टी में सांपों के जहर की आपूर्ति करने के आरोप मे गिरफ्तार किए गए बिग बॉस ओटीटी विजेता व जानेमाने यूट्यूबर एल्विश यादव और उसके दो साथियों ईश्वर और विनय को शुक्रवार को गौतम बुद्ध नगर अदालत ने जमानत दे दी. पुलिस ने एल्विश को बीते रविवार को उस समय गिरफ्तार किया था, जब वह नोएडा के सेक्टर 29 में किसी से मिलने आया था.

## आईपीएल-17 का रंगारंग आगाज



▪ अक्षय-टाइगर ने दिखाया स्टंट, एआर रहमान और सोनू निगम ने भी रंग जमाया



एजेंसी। चेन्नई

आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज रंगारंग अंदाज में हुआ. बॉलीवुड स्टार्स ने अपने प्रदर्शन से फैंस से भरे चेपॉक को अपने रंग में डुबो लिया. फेमस सिंगर सोनू निगम ने राष्ट्रीय गीत गाकर सभी को मन मोहित कर दिया. सेरेमनी में झूमते स्टार्स के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं. सोनू निगम के अलावा सिंगर एआर रहमान ने भी अपनी आवाज का दम दिखाया और फैंस को एंटरटेन किया.

**अक्षय ने दिखाया 'खिलाड़ी' शो :** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार ने अपनी एनर्जी से स्टेज हिला दिया. उन्होंने ''देशी बॉयज'' सॉन्ग पर फैंस को ठुमके लगाने पर मजबूर किया. इसके अलावा टाइगर श्रॉफ ने भी अपने स्टंट भरे डांस से सभी फैंस का मनोरंजन किया. अब फैंस स्टार्स के मनोरंजन के बाद क्रिकेट के रंग में रंगने को तैयार हैं. ओपनिंग सेरेमनी के चलते टॉस में भी कुछ मिनटों की देरी देखने को मिली.



## चुनावी समर भाजपा ने गिरिडीह सीट आजसू के लिए छोड़ी, चतरा-धनबाद से प्रत्याशी घोषित नहीं

# इंडिया-एनडीए में कुछ सीटों के लेकर पेंच ही पेंच

कौशल आनंद। रांची

### चतरा, पलामू, लोहरदगा सीट को लेकर इंडिया गठबंधन में झामुमो, राजद, कांग्रेस में रस्साकशी

लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है. भाजपा ने आम चुनावों की घोषणा से पहले ही झारखंड की 11 सीटों से प्रत्याशी घोषित कर अपर हैंड रहने की कोशिश की. मगर अब भी एनडीए में तीन सीटों को लेकर पेंच है. इंडिया गठबंधन की बात करें तो अभी तक सीट शेयरिंग का आधिकारिक एलान भी नहीं हुआ है. इस खेमे में भी तीन सीटों का पेंच फंसा हुआ है. इन पेंच को सुलझाना दोनों गठबंधन के लिए उतना आसान भी नहीं दिख रहा है. सीटों के पेंच सुलझाने में कई राज्यों में गठबंधन में दरार भी आ रही है. पुराने साथी छोड़कर जा रहे हैं. होली के बाद दोनों गठबंधन की ओर से सीट शेयरिंग और पेंच को सुझलाने का दावा किया जा रहा है.

- भाजपा 11 सीट पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी, पर तीन सीट पर पेंच
- इंडिया गठबंधन में भी तीन सीट को लेकर जारी है रस्साकशी

#### जानें एनडीए में क्यों नहीं हुई घोषणा

- भाजपा ने 14 में 11 सीट पर प्रत्याशी का एलान कर दिया है. जबकि एक सीट गिरिडीह आजसू के लिए छोड़ दी गयी है. दो सीट धनबाद और चतरा पर भाजपा को प्रत्याशी घोषित करना है.
- इस गठबंधन में नया पेंच जदयू ने पैदा कर दिया है. जदयू ने चतरा सीट पर दावेदारी कर दी है. वहीं चतरा के सीटिंग एमपी सुनील सिंह को बदले जाने की चर्चा है. जदयू के महासचिव संतोष सोनी ने कहा कि कांग्रेस की तरह बड़ा दिल दिखाते हुए चतरा सीट जदयू को दे देना चाहिए.
- गिरिडीह सीट को लेकर भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि यह सीट आजसू पार्टी के लिए छोड़ी गयी है. लेकिन अब तक आजसू पार्टी ने इस सीट से सीटिंग एमपी चंद्रप्रकाश चौधरी के नाम का एलान नहीं किया गया है. चर्चा है कि आजसू पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ने के मूड में नहीं है.
- धनबाद की बात करें तो भाजपा की ओर से कांग्रेस विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह पर डोरे डाले जा रहे हैं. सीता सोरेन के भाजपा में आने बाद दुमका और राजमहल को लेकर भी तरह के तरह कयास लगाए जा रहे हैं.

#### इंडिया में इन कारणों से फंसा है मामला

- लोहरदगा सीट से झामुमो और कांग्रेस दोनों ने दावा किया है. झामुमो अपनी ताकत के बल पर इस सीट की मांग चमरा लिंडा के लिए कर रहा है. गीता कोड़ा के जाने के बाद पार्टी किसी भी कीमत पर लोहरदगा सीट छोड़ने को तैयार नहीं है.
- चमरा लिंडा ने लोहरदगा सीट से मजबूत दावेदारी अपनी पार्टी में की है. चर्चा यह भी है कि अगर लोहरदगा सीट झामुमो से नहीं मिलता है तो भी चमरा लिंडा चुनाव मैदान में उतरेंगे, चाहे वह निर्दलीय लड़ें या फिर झारखंड पार्टी से ही क्यों न लड़ें. इसको लेकर टेंशन कांग्रेस को है.
- इंडिया में दूसरा अहम पेंच राजद को लेकर उत्पन्न हो गया है. कांग्रेस राजद को केवल एक सीट पलामू देने के मूड में है. जिसे लेकर राजद नेता तेजस्वी यादव से बात भी कर चुका है. इस सीट के लिए ममता भुईंया पटना जाकर राजद का दामन थाम चुकी हैं और अपना टिकट पक्का होने का दावा कर कर रही हैं.
- राजद ने सबसे बड़ा पेंच चतरा को लेकर डाल दिया है. चतरा से झारखंड सरकार में मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने सिर्फ दावेदारी पेश की है, बल्कि खुद को प्रत्याशी घोषित कर पोस्टर तक जारी कर दिया है. इसे लेकर कांग्रेस टेंशन में है.

### सरकारी स्कूल के बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर झारखंड सरकार गंभीर

# सरकारी स्कूलों में हर बुधवार बच्चों को दी जाएगी आईएफए की गोली

संवाददाता। रांची

झारखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले छात्रों के स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा रहा है. छात्रों को स्वस्थ रखने लिए स्वास्थ्य संबंधित डाटा और अन्य का ध्यान रखा जा रहा है. इसी संबंध में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सरकारी स्कूलों के बच्चों को आईएफए की गोली दी जाएगी. प्रत्येक सप्ताह बुधवार को मध्याह्न भोजन के बाद गोली दी जाएगी. कक्षा एक से पांच तक छात्रों को गुलाबी गोली दी जाएगी. वहीं कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को नीली रंग की गोली दी जाएगी. इसके अलावे कृमि नियंत्रण पर भी जोर दिया जा रहा है. पीटीएम में आए माता-पिता को इसके बारे में अच्छे से समझाना है. स्कूल में कार्यक्रम करके अनीमिया की रोकथाम के बारे में अच्छे से बताएं. अनीमिया टी थ्री(टेस्ट, ट्रीट और टॉक) कैंप का आयोजन करना है. इन सभी के लिए एक रिपोर्टिंग फॉर्म स्कूलों को दिया गया है. इस फॉर्म में सभी का डाटा भरना है.

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत बच्चों की सेहत का ध्यान रखा जाएगा
- एनीमिया टी थ्री कैंप का भी आयोजन किया जाएगा



### शिक्षकों और हेडमास्टर को क्या-क्या करना होगा

- प्रत्येक बुधवार को बच्चों को हर हाल में दवा देनी ,यह सुनिश्चित करने की जिम्मेवारी होगी.
- **वर्ष में दो बार कृमि नियंत्रण की दवा देनी है.**
- सभी बीईईओ आईएफए की गोली तीन महीने के लिए हर हाल में उपलब्ध कराएं.
- **गर्मी की छुट्टी में या अन्य लंबी छुट्टी में बच्चों को दवा उपलब्ध कराने की जिम्मवारी होगी.**
- पीटीएम में माता–पिता को समझाना है.
- **एनीमिया कीरोकथाम के लिए निर्देश**
- **बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है.**
- **अंडे, मीट, चिकन व मछली का सेवन कराना है**
- भोजन से आयरन का अवशोषण बढ़ाने के लिए विटामिन सी की अधिकता वाले खाद्य पदार्थ जैसे ताजा हरी धनिया चटनी, दाल में नींबू का रस, अंकुरित दाल, सब्जी, सलाद, आंवला, नींबू, तरबूज, अमरूद, संतरा आदि खाने के लिए बच्चों को प्रेरित करना.

### सुतियांबे में मुंडाओं ने की समीक्षा बैठक

**रांची।** सुतियांबे मुड़हर पहाड़ बचाओ अभियान समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को सुतियाम्बे परिसर में मुंडाओं की समीक्षा बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता करते हुए प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि आदिवासियों के धार्मिक स्थल से किसी प्रकार से छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए. डबलू मुंडा ने कहा कि 23 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा में महाराजा मदरा मुंडा की जयंती मनायी जाएगी. शैलेंद्र पाहन ने कहा कि सुतियाम्बेगढ़ को जल्द अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जाए. सुतियांबे मुड़हर पहाड़ पर धार्मिक सांस्कृतिक अतिक्रमण और जमीन पर अवैध दखल-कब्जा हटाने के लिए अभियान तेज किया जाएगा.

### बड़ी सिंचाई परियोजनाएं नहीं हो सकीं कारगार

# 24 साल में सिर्फ 10 लाख हेक्टेयर भूमि हुई सिंचित

कौशल आनंद। रांची

झारखंड में पानी का संकट अब बहुत बड़ी समस्या बनती जा रही है. पीने के पानी के संकट के साथ-साथ खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाना अब बड़ी चुनौती बन गयी है. अविभाजित बिहार के समय से शुरू हुई कई बड़ी सिंचाई योजनाएं किसी न किसी कारण से पूरी नहीं हुई. अगर सिंचाई भूमि की बात करें तो झारखंड का हाल काफी खराब है. जल संसाधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड कुल भौगोलिक क्षेत्र 79.72 लाख हेक्टेयर में से कृषि योग्य 29.74 लाख हेक्टेयर है. इसमें 24.25 लाख हेक्टेयर भूमि को ही सिंचित किया जा सकता है. मगर झारखंड गठन के बाद 24 साल में मात्र 10.06 लाख हेक्टेयर भूमि ही सिंचित हो पायी है.

इन आंकड़ों से साबित होता है कि आहिस्ता-आहिस्ता झारखंड मॉनसून आश्रित कृषि प्रदेश बन कर रह गया है. यानि खेती-बाड़ी की पूरी निर्भरता बारिश पर टिकी है. अगर मॉनसून कमजोर या फेल रहा तो झारखंड में कृषि कार्य करना बहुत ही मुश्किल साबित हो रहा है. वर्तमान सरकार ने बड़ी-बड़ी सिंचाई परियोजनाओं का हाल देखकर खेतों में पानी पहुंचाने के टर्म को ही बदल दिया है. अब सरकार बड़ी-बड़ी सिंचाई योजनाओं से तौबा करते हुए लिफ्ट एरिगेशन परियोजना पर काम शुरू कर दिया है. बीते चार साल में राज्य सरकार ने कई लिफ्ट एरिगेशन सिंचाई परियोजनाओं की आधारशिला रखी है. इससे खेतों तक सीधे और कम समय में पानी पहुंच सकता है. अब यह कितना कारगर होगा, यह तो परियोजना पूरी होने के बाद ही पता चल पाएगा. क्योंकि यह पूर्ववर्ती हेमंत सोरेन और वर्तमान चंपाई सोरेन सरकार की नयी सोच की उपज है.




### हाल में इन लिफ्ट एरिगेशन सिंचाई परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ

**9 अक्टूबर 2023** को पूर्व सीएम हेमंत ने देवघर के सारठ में सिकिटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजनाओं का शुभारंभ किया. इसमें कुल 484 .35 करोड़ खर्च होगा. इसे तीन वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. इससे 27 पंचायत की कुल 13 हजार 164 हेक्टयर भूमि सिंचित होगी.

**10 अक्टूबर 2022 को पूर्व सीएम हेमंत ने दुमका में रानेश्वर–मसलिया–रानेश्वर मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का शिलान्यास किया, जिसमें कुल 1300 करोड़ रुपये खर्च होंगे. इससे 5,5000 एकड़ भूमि सिंचित होगी.**

**10 मार्च को** वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन ने गिरिडीह जिला के पीरटांड़ मुख्यमंत्री मेगा लिफ्ट सिंचाई योजनाओं को शिलान्यास किया, जिसकी कुल लागत 551 करोड़ रुपये होगी. इसे आगामी दो वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य है. इससे 17 पंचायत के 197 गांव के कुल 10173 एकड़ भूमि को सिंचित करने का लक्ष्य रखा गया है.

**पलामू में** वर्तमान सीएम चंपाई **सोरेन ने 10 फरवरी को 456 .6 करोड़ रुपये के मेगा पलामू लिफ्ट एरिगेशन का शुभारंभ किया. इससे पलामू और आसपास के करीब 700 से अधिक गांव में पानी पहुंचेगा. इससे करीब 5 लाख एकड़ से अधिक भूमि सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है.**

**क्या है लिफ्ट इरिगेशन परियोजना** — लिफ्ट इरिगेशन परियोजना के तहत सरकार आसपास के नदी, तालाब, झील और जलाशयों से भूमिगत पाइप लाइन के जरिए पानी को लिफ्ट करके खेतों तक पहुंचाया जाएगा. यह परियोजना कम समय में पूर्ण होगी और आसानी से खेतों तक पानी पहुंचाया जा सकता है.

### सीएम उत्कृष्ट विद्यालय की 8,984 सीटों के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

**रांची।** झारखंड के 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ. प्रवेश परीक्षा के लिए धुर्वा स्थित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजन किया गया. 26,230 छात्रों के लिए एडमिट कार्ड जारी हुआ था. इसमें 90 प्रतिशत छात्र परीक्षा में शामिल हुए. परीक्षा केंद्र के बाहर सुरक्षा के इंतजाम किया गया था. जानकारी के अनुसार 30 मार्च को पहली मेधा सूची जारी की जाएगी. एक से सात अप्रैल तक नामांकन लिया जाएगा. आठ अप्रैल को उत्कृष्ट विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होगी. प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन लिया गया था. 8984 सीटों के लिए 36,230 आवेदन प्राप्त आए थे. परीक्षा 10 बजे शुरू हुई, लेकिन छात्रों को 9:30 बजे ही प्रवेश करवाया गया.

### चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की बैठक 21 जून को

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय समिति की बैठक 21 जून को होगी. इस बार की जानकारी चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अशोक सिंह ने प्रेस बयान जारी कर बताया. अशोक सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद के गया स्थित बीएड कॉलेज में बैठक का आयोजन किया जायेगा. इस बैठक में पूरे भारत से राष्ट्रीय समिति से जुड़े लोग शामिल होंगे. अशोक सिंह ने बताया कि अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पूर्ण रूप से सामाजिक संगठन है. इस संगठन के मंच से किसी भी राजनीतिक दल के पक्ष में बयान देना, सभा करना या चुनाव में कहीं भी इस बैनर का उपयोग करना गैरकानूनी होगा. कहा कि कुछ कथित लोग अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रीय महासभा के नाम से अपना राजनैतिक फायदा लेने के लिए 7 अप्रैल को रांची में एक बैठक करने वाले हैं.

### मांडू के जिप सदस्य सर्वेश सिंह समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए

# मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये : रविंद्र

- ज्वाइनिंग कमेटी के सदस्यों के सामने सभी नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली
- पूर्व मंत्री रविंद्र राय ने भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों का माला पहना कर स्वागत किया

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह में मांडू के जिला परिषद सदस्य सर्वेश सिंह अपने समर्थकों के साथ भाजपा में सामिल हो गये. ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक रविंद्र राय, विधायक बिरंची नारायण और प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू के सामने सभी ने भाजपा की सदस्यता ली. भाजपा में शामिल होनेवालों में मुख्य रूप से कुणाल किशोर, सियाराम सिंह, मिथिलेश पाठक, परमेश्वर सिंह, मुकेश सिंह, अमेरिका सिंह, प्रकाश ठाकुर, रौशन सिंह, प्रबल चौहान, रघुनाथ सोरेन, संजय सोरेन, कृष्णा सिंह, चंद्रिका भोक्ता, सुरेंद्र महतो, योगेंद्र प्रसाद, ईश्वर गंझू, धर्मजीत सिंह शामिल हैं.



### 400 पार का संकल्प पूरा होगा : रविंद्र राय

पूर्व मंत्री रविंद्र राय ने भाजपा में शामिल हुए सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दीं. कहा कि झारखंड भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए तैयार है. हर दिन विभिन्न जिलों से लोग पहुंचकर लगातार भाजपा के साथ जुड़ रहे हैं. जनता का भरोसा पीएम मोदी पर बढ़ता ही जा रहा रहा है. प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वंचित वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है. आज 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं. जनता के समर्थन से 400 पार का संकल्प पूरा होगा. झारखंड में सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत होगी.

### भाजपा पार्टी नहीं परिवार है : आदित्य साहू

प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं परिवार है. सर्वेश सिंह के पार्टी में आने से पार्टी और मजबूत होगी. रामगढ़ जिला में पार्टी का जनाधार और बढ़ेगा. देश की जनता को सिर्फ मोदी की गारंटी पर पूर्ण विश्वास है.उन्होंने कहा कि भाजपा में कोई भी व्यक्ति शून्य से शिखर तक पहुंच सकता है, इसका जीता जागता उदाहरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं हैं .चाय बेचने वाला बेटा देश का प्रधानमंत्री बन सकता है, यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है. तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प सत्ता के लिए नहीं बल्कि गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, आदिवासी, दलित, पिछड़े सभी वर्गों की सेवा के लिए है. देश का भविष्य आज मोदी जी के हाथों में सुरक्षित है. हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को और मजबूती के साथ तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है.

### भाजपा के पास स्पष्ट नीति : सर्वेश सिंह

सर्वेश सिंह ने भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी नेताओं के प्रति आभार जताया. कहा कि भाजपा ही ऐसी एकमात्र पार्टी है, जिसके पास स्पष्ट नीति है. विकास का संकल्प और नीयत है. भाजपा के पास विश्व प्रसिद्ध नेता हैं. कहा कि पार्टी के संकल्प को पूरा करने में पूरी ताकत लगा देंगे. कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाईक, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, हजारीबाग लोकसभा के संयोजक शशिभूषण भगत, रामगढ़ जिला ज्वाइनिंग कमेटी के संयोजक रंजीत सिन्हा समेत कई नेता मौजूद थे.

### कांग्रेस विधायक का कथित ऑडियो क्लिप सौंपा, कार्रवाई की मांग

**रांची ।** भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार को महगामा की कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह का एक कथित ऑडियो क्लिप सौंपा है. भाजपा ने दावा किया कि ऑडियो क्लिप में विधायक की आवाज है और वह किसी मुखिया रफीक भाई के साथ बातचीत कर रही हैं. प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन भी सौंपा और मामले की जांच कराने की मांग की. कहा कि इस बातचीत में आचार संहिता का



खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है और भ्रष्टाचार से संबंधित बड़ा रैकेट के होने की भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है. भाजपा ने कहा कि ऑडियो क्लिप में हुई बातचीत में जिस बुलबुल का जिक्र हुआ है, वह कौन है, जिसे विधायक 25 लाख रुपये देने की बात कह रही हैं. मुखिया और रफीक भाई कौन हैं, किस डीसी और डीडीसी के नाम की चर्चा हो रही है.

### कांग्रेस सैनिक प्रकोष्ठ के नेता भीम मुंडा ने थामा आजसू का दामन

# सभी वर्गों का पार्टी से जुड़ना अच्छी बात : सुदेश

संवाददाता ।रांची

कांग्रेस के सैनिक प्रकोष्ठ के नेता और निलय इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरपर्सन भूतपूर्व सैनिक भीम मुंडा आजसू में शामिल हो गये. हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में उन्होंने आजसू की सदस्यता ग्रहण की. उनके साथ प्रदीप उरांव, प्रदीप कुमार, गंगाधर प्रसाद, अफरोज अंसारी (छोटू) समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता



ग्रहण की. पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने सभी को सदस्यता दिलाई. उन्होंने कहा कि सभी वर्गों का पार्टी से जुड़ना अच्छा संदेश है. भीम मुंडा ने देश सेवा के बाद शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया है. उनके आने से आजसू पार्टी मजबूत होगी. राज्य सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप जब सत्ता पर बैठे लोगों पर लगने लगे, तो राज्य के लिए दुखद होता है. नियमों का उल्लंघन करने और नीयत में खोट रहने की वजह से राज्य में अराजकता का माहौल बना है. इससे राज्य को बाहर निकालने की जिम्मेदारी हम सब पर है.

**राज्य और अच्छे लीडर और पार्टी की जरूरत- भीम मुंडा :** भीम मुंडा ने कहा कि राज्य की राजनीति के गिरते स्तर और राज्य वासियों की समस्या को दूर करने के लिए एक अच्छे लीडर और पार्टी की जरूरत है। इस आवश्यकता को सिर्फ आजसू पार्टी और सुदेश महतो के कुशल नेतृत्व से ही पूरा किया जा सकता है। सुदेश महतो ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए हैं। वैसे ही कार्य करने की आवश्यकता पूरे राज्य में है। कार्यक्रम में डॉ देवशरण भगत, राजेंद्र मेहता, पूर्व डीआईजी संजय रंजन, डॉ रीना गोडसारे, जीतेंद्र सिंह, ज्ञान सिन्हा, हरिश कुमार, डॉ पार्थो, बंटी यादव, सुनील यादव, रमेश आदि शामिल थे.

### कोर्ट की खबरें

# प्रेम प्रकाश को नहीं मिली बेल जमानत याचिका हुई खारिज





संवाददाता ।रांची

चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका भी झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है. न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच ने 23 फरवरी को ईडी और प्रेम प्रकाश का पक्ष सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. कोर्ट ने शुक्रवार को अपना फैसला सुनाते हुए प्रेम प्रकाश को बेल देने से इनकार कर दिया. प्रेम प्रकाश फिलहाल अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस और लैंड स्कैम में न्यायिक हिरासत में हैं.

### छवि रंजन को हाईकोर्ट से नहीं मिली जमानत

**रांची।** चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री करने के आरोपी निलंबित आईएएस छवि रंजन को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. अदालत ने उनकी जमानत अर्जी पर फैसला सुनाते हुए उन्हें बेल देने से इनकार कर दिया है. ईडी और छवि रंजन का पक्ष सुनने के बाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने एक मार्च को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. छवि रंजन की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा और अभिषेक चौधरी ने बहस की. छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में हैं.






### योगेंद्र साव की याचिका को कोर्ट ने ठुकराया

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता योगेंद्र साव को बड़ा झटका लगा है. हाईकोर्ट की डबल बेंच ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने बड़कागांव से जुड़े एनटीपीसी भूमि अधिग्रहण केस में रांची सिविल कोर्ट द्वारा दी गई सजा को रद्द करने की मांग की थी. जस्टिस रत्नाकर भेंगरा और जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में क्रिमिनल अपील पर सुनवाई हुई. योगेंद्र साव की ओर से अधिवक्ता विशाल तिवारी ने बहस की. योगेंद्र साव की ओर से हाईकोर्ट के इस आदेश को चुनौती दी जा सकती है. हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब योगेंद्र साव के चुनाव लड़ने पर रोक जारी रहेगी.

### वीरेंद्र राम के पिता व पत्नी की अग्रिम बेल पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के पिता और पत्नी की अग्रिम जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है. शुक्रवार की सुनवाई के दौरान ईडी और बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई. गेंदा राम की ओर से अधिवक्ता सुभाशीष रसिक सोरेन ने बहस की. वीरेंद्र राम के पिता गेंदा राम और उनकी पत्नी राजकुमारी देवी पर फिलहाल गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है, क्योंकि रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट दोनों को अग्रिम बेल देने से इनकार कर चुका है. बता दें कि ईडी ने इसी वर्ष 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था. इससे एक दिन पहले 21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी.

CLASSIFIED



















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


पेज 10

www.lagatar.in

शनिवार 23 मार्च 2024 ● फाल्गुन शुक्ल पक्ष 13, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 335

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**दरिंदगी :** बाघमारा में बुजुर्ग पान दुकानदार की पीट-पीटकर हत्या, बीच-बचाव करने आए दुकानदार के नाती को भी पीटा, अस्पताल में भर्ती

## नशे में धुत युवकों को दुकान के पास लघुशंका करने से मना किया तो ले ली जान

**संवाददाता। बाघमारा/कतरास**

बाघमारा थाना क्षेत्र के हरिणा में शराब के नशे में चूर दो युवकों ने दरिंदगी की हदें पार करते हुए एक बुजुर्ग पन्नालाल साव की पीट-पीटकर जान ले ली. बुजुर्ग की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसने अपनी पान दुकान के सामने उन युवकों को लघुशंका करने से मना किया था. इसी बात पर गुस्साए युवकों ने उसे इतना पीटा कि उनकी मौत हो गई. बीच-बचाव करने आए उनके नाती को भी पीटा गया. घायल नाती का इलाज अस्पताल में चल रहा है. वारदात शामिल दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया.

घटना गुरुवार देर रात की है. हरिणा बाजार निवासी बुजुर्ग पन्नालाल साव की पान दुकान के समीप नशे में धुत्त कुछ युवक लघुशंका कर रहे थे. दुकानदार ने उन्हें थोड़ी दूर जाकर लघुशंका करने को कहा, इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच तू-तू, मैं-मैं होने लगी. युवकों ने बुजुर्ग की लात-घूंसों से जमकर पिटाई कर दी. यह देख पन्ना का नाती राहुल साव बीच-बचाव करने आया. युवकों ने राहुल को भी मार-पीट कर जख्मी कर दिया.पन्ना साव और उसके नाती को लहूलुहान हालत में जमीन पर गिरा देख नशेड़ी युवक बाइक पर सवार होकर भाग निकले. इधर, शोर सुनकर वहां लोगों की भीड़ जुट गई. आनन-फानन में दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने बुजुर्ग पन्नानाल साव को मृत घोषित कर दिया.

वहीं, घायल राहुल अस्पताल में इलाजरत है. उसके सिर में गंभीर चोट लगी है. बाघमारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया.

**वारदात में शामिल दोनों आरोपी गिरफ्तार, नावाडीह निवासी राहुल गोप व दिनेश गोप को भेजा गया जेल**



**घटना के विरोध में बंद रहीं दुकानें :** घटना के बाद से स्थानीय दुकानदारों में रोष व्याप्त है. दुकानदारों ने शुक्रवार को अपनी दुकानें बंद रखीं. इधर, घायल राहुल साव के बयान पर बाघमारा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. इसके साथ ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल गोप व दिनेश गोप को उनके घर नावाडीह से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.




गलियों में घूम-घूम कर बेचता था अंडा, अब आलीशान घर व चारपहिया वाहनों का मालिक

## अंडा बेचने वाला निषाद बना माफिया

**रिजवान शम्स। धनबाद**

झरिया की गलियों में घूम-घूम कर अंडा बेचने वाला राजेश निषाद अब लॉटरी माफिया बन चुका है. अब वो न सिर्फ झरिया के कई इलाके बल्कि बलियापुर में भी लॉटरी का बड़ा कारोबार करने लगा है. निषाद का गढ़ लोदना है. लोदना बाजार से लेकर तिसरा थाना क्षेत्र में उसके दर्जनों हॉकर हैं, जो इल इलाकों के गरीब और असंगठित मजदूरों की गाढ़ी कमाई लूटने में जुटे हैं. निषाद के बारे में बताया जा रहा है कि उसने बलिपापुर में एक आलीशान घर भी बना लिया है और दो चार पहिया वाहन का मालिक भी बन गया है. ये सारी संपत्ति उसने विगत तीन से चार सालों के दौरान खड़ी की है. हालांकि इस दौरान उसे जेल की हवा भी खानी पड़ चुकी है. बावजूद इसके लॉटरी के अवैध कमाई का तिलस्म निषाद को इस अवैध कारोबार से निकलने नहीं दे रहा है.

लोदना एरिया में बीसीसीएल के कई क्वार्टरों में उसके ब्रांड की लॉटरी का भंडारण किया जाता है, इसके बाद यहां से ही आसपास के इलाकों में सप्लाई होती है. क्योंकि लोदना एरिया में निषाद के कई खास हॉकर और पार्टनर मौजूद हैं. जो यहां उसे कारोबार को फैलाने में मददगार साबित हुए हैं.



अवैध लॉटरी का **कारोबार**

**14**

- लोदना के बीसीसीएल क्वार्टरों में करता है सप्ताह भर की लॉटरी का भंडारण, यहीं से होती है पूरे इलाके में सप्लाई
- लॉटरी के धंधे में पूर्व में जा चुका है जेल, लेकिन कमाई की लालच में फिर करने लगा लाटरी का अवैध कारोबार



अंडा व्यापारी राजेश निषाद

### झरिया से लेकर जामाडोबा तक नहीं बिकी लॉटरी

झरिया से लेकर जामाडोबा तक में शुक्रवार को लॉटरी की खरीद बिक्री नहीं हुई है. इस कारण मजदूरों के एक वर्ग में खासी खुशी देखी गई. जबकि भौंरा, सुदामडीह व सिंदरी में लॉटरी की बिक्री हुई है. यहां लॉटरी के कुख्यात समीर की लॉटरी की बिक्री हो रही थी. हालांकि समीर फरार बताया जा रहा है. समीर की तलाश पुलिस कर रही है. समीर के बारे में बताया जा रहा है कि वह धनबाद छोड़ कर पड़ोस के जिले में जाकर छिप गया है. पुलिस तक इस बात की सूचना है, समीर के अलावा जोड़ापोखर थाने में दर्ज अन्य चार आरोपियों की तलाश में भी पुलिस सरगर्मी से जुट गई है. बता दें कि जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के बड़कीटांड इलाके में दो दिन पूर्व ही छापेमारी कर करीब 50 लाख रुपये की लॉटरी जब्त हुई थी. इस मामले में पुलिस ने समीर, जहांगीर, शबीर आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था.

### पवन झुनझुनवाला की टीम से कई भूमिगत हुए

धनबाद में लॉटरी कारोबार के सबसे बड़े शातिर माने जाने वाले पवन झुनझुनवाला के कई खास लोग भूमिगत हो गए हैं. हालांकि कतरास इलाके में प्रदीप अग्रवाल और गोविंदपुर में कुलदीप अग्रवाल का कारोबार बदस्तूर जारी रहा. दोनों के ब्रांड की लॉटरी अपने-अपने क्षेत्र में बेची व खरीदी गई. बता दें कि पवन झुनझुनवाला के खिलाफ भी धनबाद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है. धनबाद शहर में सीआईडी की टीम ने छापेमारी कर चार हॉकरों को दबोचा था. इन हॉकरों ने पवन झुनझुनवाला के बारे में पुलिस को जानकारी दी थी. इसी आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था. पवन डेहरी का रहने वाला है और कई राज्यों में उसका कारोबार चलता है. धनबाद में कतरास के रहने वाले उसका रिश्तेदार प्रदीप व गोविंद अग्रवाल काम देखते हैं.

**सट्टेबाजों का त्योहार शुरू :** शुक्रवार की शाम से आइपीएल के शुरू होते ही धनबाद में सट्टेबाजों का त्योहार शुरू हो गया है. धनबाद में सरायढेला, बरवाअड्डा, झरिया, सिंदरी और कतरास के कई इलाकों में आइपीएल के मैचों में जमकर सट्टेबाजी होती है. लॉटरी कारोबार से जुड़े कई शातिर भी आइपीएल में सट्टा खिलाने का काम करते हैं. यहां सट्टेबाजी सिर्फ मोबाइल फोन पर बुकी के माध्यम से की जाती है. पूर्व में तो कई स्थानों पर बाजाब्ता आफिस जैसा खोलकर सट्टेबाजी के खेल में करोड़ों रुपये कमाए गए थे. पूर्व में पुलिस ने भी सरायढेला में छापेमारी कर सट्टेबाजों को बेनकाब करने का काम किया था.

**ग्रामीणों का विरोध**

## पांच साल गायब रहे, अब रात के अंधेरे में लगवा रहे थे लाइट

- झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन ने सांसद व उसके लोगों पर आचार संहिता उल्लंघन करने का लगाया आरोप

**संवाददादा। महुदा(कतरास)**

सांसद मद से महुदा के पाथरगडिया. के विभिन्न स्थानों पर गुरुवार की देर रात स्टेट लाइट लगाने का ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया. रात में लाइट लगाने पहुंचे लोगों को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा. ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव जीतने के बाद पांच साल सांसद इलाके में नजर नहीं आए आज जब लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है और आचार संहिता लागू कर दिया गया है तब सांसद को जनता याद आ रही है और लाइट लगाकर जनता को पोटने का प्रयास कर रहे हैं.

इधर मामले को लेकर शुक्रवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन सचिव रूपदेव रवानी ने पाथरगड़िया पानी टंकी चौक पर पत्रकार वार्ता कर कहा कि गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी व प्रतिनिधि आचार संहिता का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि देश में लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है. बावजूद सांसद रात के अंधेरे में गाँव के चौक चौराहों पर चोरी छिपे हाइमास्ट लाइट लगवा रहे हैं. जो पूरी तरह से चुनावी प्रलोभन व आचार संहिता का उल्लंघन है. उन्होंने सांसद पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सांसद पाँच वर्षो के कार्यकाल में क्षेत्र में कभी नही दिखे और ना ही कोई विकास कार्य किया है. सांसद ने जनता को छलने का काम किया है. ग्रामीण राधेश्याम महतो ने कहा की रात में हमलोगों के द्वारा काफी विरोध किया गया उसके बावजूद चोरी छिपके लाइट लगाकर सांसद के लोग भाग निकले.वहीं इस मामले को लेकर लाइट लगाने वाले कंपनी के इंचार्ज से पूछने पर पहले तो कुछ भी बोलने से परहेज किया. पत्रकार वार्ता में गोपाल प्रसाद, सुनील रवानी, राजकुमार सिंह, बाबुलाल महतो, रूपेश प्रमाणिक आदि मौजूद थे.



गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के महुदा का **मामला**

### विकास विरोधी लोग पहुंचा रहे बाधाः सांसद

मामले को लेकर जब सांसद सीपी चौधरी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि लाइट लगाने की सैंक्शन आचार संहिता लागू होने से पूर्व मिला है. इसकी जानकारी उपायुक्त व डीडीसी से ली जा सकती हैं. कुछ विकास विरोधी के लोग विकास कार्यों को बाधित करना चाहते हैं. विरोधियों को मालूम नहीं है कि आदर्श आचार संहिता से पूर्व से सैंक्शन हो चुके विकास कार्य पर बंदिश नहीं रहती.



## ग्रामीण बैंक से अपराधियों ने दिनदहाड़े साढ़े पांच लाख लूटे

हथियार से लैस थे सभी तीन अपराधी

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र के ग्रामीण बैंक से शुक्रवार को दिनदहाड़े हथियारबंद अपराधियों ने साढ़े पांच लाख लूट लिये. घटना को अंजाम देने के बाद सभी अपराधी बाइक से भाग गये. घटना की सूचना मिलने के बाद पड़वा थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गयी. प्रशिक्षु डीएसपी राजेश यादव भी घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस बैंक और उसके आसपास के इलाकों के सीसीटीवी खंगाल रही है.

**कर्मियों को बंधक बनाकर बाथरूम में बंद किया :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि पड़वा थाना क्षेत्र स्थित ग्रामीण बैंक की लामी पतरा शाखा शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे खुली. जैसे ही बैंक खुला दो लोग बैंक के अंदर घुसे और कर्मियों को बंधक बनाकर बाथरूम में बंद कर दिया. इसके बाद हथियारबंद अपराधी बैंक से साढ़े पांच लाख लूटकर फरार हो गये. बाथरूम में बंद बैंक कर्मियों ने जब शोर मचाया तो ग्राहकों ने बाथरूम का दरवाजा खोला. बताया जा रहा है कि हथियारबंद दो अपराधी बैंक के अंदर घुसे थे, जबकि एक अपराधी बाहर में था.

**खास बातें**

- सुबह में बैंक खुलते ही तीनों अपराधी घुस गए
- बैंककर्मियों को एक कमरे में बंद कर रुपये उड़ा लिये

### पांकी मुखिया संघ के अध्यक्ष को मारी गोली

**पांकी (पलामू)।** पांकी मुखिया संघ के अध्यक्ष सह तेतराई पंचायत के मुखिया राजेंद्र पांडे उर्फ जितेंद्र पांडे को अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार की शाम सात बजे के करीब पांकी मेदिनीनगर मुख्य पथ स्थित तेतराई पुल के समीप मारी गोली, गोली इनके बांये हाथ में लगी. आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने पांकी सीएचसी केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर सदर हॉस्पिटल डालटनगंज रेफर कर दिया है. बताया जाता है कि मुखिया राजेंद्र पांडे तेतराई पुल के पास वकील राम की दुकान पर चाय पी रहे थे. इसी दौरान बाइक सवार अपराधियों ने मुखिया को लक्ष्य कर चार गोलियां चलायीं. एक गोली मुखिया के बायें हाथ पर लगी. मौके पर पांकी थाने की पुलिस पहुंची.



## वीमेंस यूनिवर्सिटी की 50 छात्राओं का योकोहामा में हुआ प्लेसमेंट

कैंपस प्लेसमेंट में 324 छात्राएं शामिल हुई थीं

**मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में गुजरात स्थित कंपनी योकोहामा की ओर से कैंपस प्लेसमेंट किया गया. इसमें यूनिवर्सिटी की 324 का छात्राएं शामिल हुईं. इनमें से चयनित 89 छात्राओं का साक्षात्कार हुआ. इनमें से 50 छात्राओं का कंपनी की ओर से अंतिम रूप से चयन किया गया. चयनित छात्राओं की पदस्थापना गुजरात में होगी. इस पोस्टिंग में महिलाओं को विशेष अवसर प्रदान किए गए हैं. प्लेसमेंट के दौरान योकोहामा गुजरात के एचआर डायरेक्टर, यूनिवर्सिटी की प्लेसमेंट को-ऑर्डिनेटर डॉ रत्ना मित्रा, डॉ कामिनी कुमारी, डॉ छगन अग्रवाल उपस्थित थे. यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि यह बड़ी उपलब्धि है. उन्होंने कहा है कि यूनिवर्सिटी की छात्राएं देश के विभिन्न क्षेत्रों में विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रही हैं. छात्राओं को सशक्त बनाना और निरंतर इस प्रकार के अवसर उपलब्ध कराना यूनिवर्सिटी लक्ष्य है.



### ब्लास्ट फर्नेस में हादसा ठेका कर्मी हुआ घायल

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के टाटा स्टील कंपनी परिसर में शुक्रवार सुबह हुए एक हादसे में ठेका कर्मी ओम प्रकाश सिंह (32) घायल हो गए. आनन-फानन में कर्मियों ने उसे इलाज के लिए टीएमएच अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर की देखरेख में उसका इलाज चल रहा है. ओम प्रकाश का पैर झुलस गया है, जबकि अंदरूनी चोट भी आई है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ओम प्रकाश कंपनी परिसर के सी ब्लास्ट फर्नेस में बिना सेफ्टी बेल्ट काम कर रहा था. इसी दौरान कार्बनडाई ऑक्साइड गैस का रिसाव हुआ. गैस की चपेट में आकर वह नीचे गिरकर घायल हो गया. हालांकि, कंपनी प्रबंधन का कहना है कि हॉट स्टीम की चपेट में आकर घटना हुई है. ओम प्रकाश ने कुछ खाया नहीं था, जिससे वह और कमजोर था. स्टीम की चपेट में आकर वह गिरकर घायल हो गया है. ओम प्रकाश खतरे से बाहर है.

## रंजय हत्याकांड में मजिस्ट्रेट ने दी गवाही, अहम खुलासे किए

कहा- राजा ने नंद कुमार की पहचान शूटर के रूप में की थी

**संवाददाता। धनबाद**

विधायक संजीव के करीबी रंजय सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह की हत्या के मुकदमे में शुक्रवार को न्यायिक पदाधिकारी अर्पित श्रीवास्तव का बयान अदालत में दर्ज किया गया. कोर्ट को दिए बयान में मजिस्ट्रेट ने कहा कि उन्होंने धनबाद जेल में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर टीआई परेड कराया था. टीआई परेड में गवाह राजा यादव ने उनके समक्ष नंद कुमार सिंह की पहचान शूटर के रूप में की थी. सुनवाई के दौरान जेल मे बंद आरा बेरथ निवासी नंद कुमार सिंह उर्फ बबलू उर्फ रूना सिंह उर्फ मामा को जिला एवं सत्र न्यायाधिश अखलेश कुमार की अदालत ने रांची के होटवार जेल से वीसीएस द्वारा पेश किया गया. वहीं जमानत पर मुक्त हर्ष सिंह हाजिर नहीं थे. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का निर्देश दिया है. बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता आयुष श्रीवास्तव ने पैरवी की.

बता दें कि रूना सिंह ऊर्फ मामा ऊर्फ नंद किशोर सिंह आठ अगस्त से जेल में बंद है. पांच नवंबर 2018 को सरायढेला थाना प्रभारी निरंजन तिवारी ने मामा को शूटर बताते हुए उसके विरुद्ध अदालत में चार्जशीट दायर की थी. जबकि चंदन शर्मा, हरेन्द्र सिंह के विरुद्ध अनुसंधान जारी रखा है. रंजय सिंह उर्फ राजीव रंजन सिंह की हत्या बिग बाजार के सामने चाणक्य नगर मोड़ पर 29 जनवरी 2017 की शाम करीब 5:30 बजे रामेश्वर तिवारी के घर के समीप हुई थी. रंजय अपनी स्कूटी से सिंह मेंशन लौट रहा था, तभी बाइक सवार शूटरों ने उसे गोली मार दी थी.

**पुलिस को मिली बड़ी सफलता** — दो देसी पिस्टल, दो देसी कट्टा, 11 कारतूस और 12 मोबाइल बरामद

## लातेहार में छह सड़क लुटेरे धराये, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**खास बातें**

- पुलिस ने बताया कि सभी सड़क लुटेरा गिरोह से जुड़े थे
- गिरोह के सदस्य सेंधमारी कर चोरी भी किया करते थे

**संवाददाता। लातेहार**



पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी मिली है. पुलिस ने सड़क लुटेरे गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है. पुलिस का दावा है कि इस सड़क लुटेरे गिरोह का अब सफाया हो गया है. गिरफ्तार अपराधी सड़क लूट के अलावा घरों में भी सेंधमारी कर चोरी करते थे. पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए आगे बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बरवाडीह थाना क्षेत्र के केचकी संगम के पास कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं. सूचना के सत्यापन के बाद प्रशिक्षु आईएएस सह बरवाडीह थाना प्रभारी ललित मीणा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया. दल ने चिह्नित जगह में छापामारी की.

इस छापामारी में अपराध की योजना बनाते हुए छह अपराधियों को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया. हालांकि चार अपराधी अंधेरा व जंगल का लाभ उठा कर भाग गये. गिरफ्तार किए गए अपराधियों में उचहारा, पिपराटांड़ का विशाल कुमार वर्मा उर्फ बिट्टू, पगार पिपराटांड़ का डबलू कुमार सिंह, जमुनियाडीह तरहसी का शशिकांत कुमार उर्फ गुड्डू, सिसई, गुमला का बुद्धेश्वर उरांव, भरनो, गुमला का विष्णु उरांव, तरहसी का सत्यप्रकाश सिंह शामिल हैं. पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से दो देसी पिस्टल, दो देसी कट्टे, 11 कारतूस और 12 मोबाइल फोन के अलावा चाकू, ताला तोड़ने, शटर काटने, सेंधमारी व डकैती में प्रयोग आने वाले सामान बरामद किये हैं. एसपी ने बताया कि इस गिरोह के सदस्यों द्वारा लातेहार व पलामू क्षेत्र के कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है. गिरफ्तार अपराधियों में से तीन ने गत माह मनिका थाना क्षेत्र में बकरी से लदी पिकअप वैन में की गयी लूटपाट में अपना अपराध स्वीकार किया है.

### तीनों आरोपियों का है आपराधिक इतिहास

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में से तीन का आपराधिक इतिहास रहा है. शशिकांत कुमार उर्फ गुड्डू, डबलू कुमार सिंह व सत्यप्रकाश पर मनिका थाना में कांड संख्या 07/2024 के तहत मामला दर्ज है. सत्यप्रकाश सिंह पर चैनपुर थाना में कांड संख्या 273/20 भी दर्ज है. एसपी ने बताया कि गिरोह के छह सदस्यों के गिरफ्तार होने पर गिरोह का सफाया हो गया. गिरोह के मास्टर माइंड यही तीनों थे.

## पेट्रोल पंप कर्मी से छिनतई कर भाग रहे दो युवक गिरफ्तार



**संवाददाता ।जमशेदपुर**

मानगो थाना अंतर्गत मानगो पुल के पास शुक्रवार को पेट्रोल पंप कर्मी से पर्स की छिनतई कर भाग रहे दो आरोपियों को स्थानीय लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. गिरफ्तार आरोपियों में उलीडीह निवासी बिट्टू प्रमाणिक और उसका साथी सीतारामडेरा निवासी आकाश श्यामल शामिल हैं. पुलिस ने दोनों के पास से छीना हुआ पर्स बरामद किया है. शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए डीएसपी मुख्यालय-1 भोला प्रसाद सिंह ने बताया कि मानगो पुलिस के पास स्थित पेट्रोल पंप में काम करने वाला गौरव लोहार रात 8.30 बजे पेट्रोल पंप के पास ही चाय पी रहा था. इसी बीच वह पर्स निकालकर चाय के पैसे देकर पर्स को जेब में रख ही रहा था कि पीछे से दो युवकों ने पर्स छीना और भागने लगे. स्थानीय लोगों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया. डीएसपी ने बताया कि बिट्टू पूर्व में भी जेल जा चुका है. दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## ब्रीफ खबरें

### 3.6 किलो जावा महुआ और 60 लीटर महुआ शराब जब्त

**मेदिनीनगर।** होली पर्व लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उत्पाद विभाग का अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान जारी है. हुसैनाबाद के टिकवादह में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर स्थल से 3.6 किलोग्राम जावा महुआ तथा 60 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त किया है. वहीं आरोपी सोनू पासवान और सुनील यादव मौके से फरार हो गए. फरार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया गया है. इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार चुनाव व होली के मद्देनजर छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा.

### खुटीसोत नदी से महिला का शव बरामद हुआ

**नावाबाजार/पलामू।** नावा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहदागखुर्द पंचायत के मल्लाह टोली सुखनदिया बरारी के समीप खुटी सोत नदी के पुल के नीचे से एक महिला का शव बरामद किया गया है. ग्रामीणों ने शुक्रवार को अहले सुबह नदी के गड्ढे में जमा पानी में शव पानी में तैरता देखा. इसके बाद मामले की जानकारी नया बाजार थाना पुलिस को दी. सूचना के बाद थाना प्रभारी चिंटूकुमार एवं पुलिस अवर निरीक्षक विश्वनाथ राणा पुलिस जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच भेजा.

### 30 मार्च से सिगसीगी में लक्ष्मी नारायण महायज्ञ

**उंटारी रोड(पलामू)।** जिले के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सिगसीगी पंचायत में 30 मार्च से श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जाएगा. 30 मार्च को कलश यात्रा निकाली जायेगी. यज्ञ समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार चौधरी ने सभी लोगों से अपील की है की हजारों हजार की संख्या में कलश यात्रा मे शामिल हो . श्री चौधरी ने बताया की महायज्ञ की तैयारी लगभग पूर्ण हो चुकी है जो 31मार्च से 5अप्रैल तक यज्ञ चलेगा. पूजन ,हवन, प्रवचन सह डिजनी लैंड मेला ,मीना बाजार भी लगेगा .

### एसडीओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक

**सिमडेगा ।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को सिमडेगा एसडीओ सुमन तिर्की ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग बैठक की. एसडीओ ने आदर्श आचार संहिता से संबंधित जानकारी दी और उसका पालन करने को कहा. एसडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान सभी प्रकार की अनुमति निर्वाचन आयोग की सुविधा पोर्टल के माध्यम से दिए जाएंगे. मौके पर एलआरडीसी अरुणा कुमारी एवं विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे.


**Before the Notary Public, Ranchi**

I, Rupa Bhattacharjee W/o Ashim Bhattacharjee, R/o HouseNumber4C, Jagat bandhu Apartment 45 Peace Road, Lalpur-Kokar Road Lalpur Ranchi G.P.O. Ranchi Jharkhand-834001. Aadhar No. 9116 4402 4571 do hereby solemnly affirm and declare as under:

1. That my maiden name is Rupa Kumari Goswami.
2. That I got married to Ashim Bhattacharjee on 19/04/2016 at CD/283/ Sector-2 P.O. Dhurwa Dist. Ranchi vide marriage certificate having number 969/16 dated 09.08.2016issued by Registrar Ranchi Govt. of Jharkhand. After marriage my name is Rupa Bhattacharjee mentioned in my Aadhar no. 911644024571 and Rupa Goswami mentioned in Pan.
3. That I have a Bank account in SBI HEC Sector-2 Branch A/c No. 20041472422 in the name of Rupa Kumari Goswami which is joint account with my father amrendra Nath Goswami but I put my signature as Rupa Goswami.
4. That I state that Rupa Kumari Goswami, Rupa Goswami and Rupa Bhattacharjee is the name of one and the sane person and that is myself.

Hence I am swearing this Affidavit as same person of all the names above mentioned. All statemente made above are true to my knowledge and belief Sworn & signed at Ranchi on 15/03/2024.


माह-ए-रमजान का दूसरे जुमे की नमाज सभी मस्जिदों में की गई अदा

# रोजा में सभी मुसलमानों पर फर्ज है जकातः ईमाम

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

अल्लाह ताला ने अपने बंदों के लिए जकात को भी उसी तरह फर्ज किया है. जिस तरह से नमाज और रोजे को. इसे इबादत का दर्जा दिया गया है. इसे किसी खास मकसद से फर्ज किया गया है. शरई एतबार से जकात माल का यह हिस्सा है जो अल्लाह ने गरीबों, मिस्किनों और जरूरतमंदों के लिए मुकर्रर किया है. रमजान में अपनी कमाई से जकात के पैसे से गरीबों और बेसहारा की मदद की जाती है. रमजान का पाक महीना चल रल रहा है.

इस माह में लोग अल्लाह के इबादत में लगे रहते है. आज 11वां रमजान है. रमजान के दूसरे जुमा है. दूसरा जुमा की नमाज अकीदत के साथ सभी मस्जिदों में अदा की गयी. शहर के छः मुहान स्थित जामा मस्जिद, बाजार स्थित चौक बाजार मस्जिद, पहाड़ी मुहल्ला स्थित नूरी मस्जिद, कुंड मुहल्ला स्थित मिल्लत मस्जिद, मुस्लिमनगर स्थित मदीना मस्जिद, अहले हदीस मस्जिद, मोहम्मदिया मस्जिद, शाहपुर स्थित तैबा मस्जिद, इमामियां मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गयी. जामा मस्जिद के पेशईमाम मुफ्ती मो शाहनवाज कासमी ने बताया कि जकात फर्ज है और सभी मुसलमानों को अदा करनी चाहिए. जकात अदा करने से दौलत बढ़ती है.

उन्होंने बताया कि जकात अदा करने से अल्लाह तबार, कवताला बेशुमार सवाब आता करता है. जकात अदा करने से परेशानियां दूर होती है. मुफ्ती मोहम्मद शाहनवाज कासमी ने बताया कि सदका-ए-फितर अपने गरीब भाईयों, मिस्किनी, बेवाओ, यतीमों, दिनी अदारो को देना चाहिए. उन्होंने बताया कि एक सदका-ए-फितर 1.692 ग्राम गेहूँ (मीडियम कवालिटि) या उसकी कीमत अदा करना है. पेशईमाम मो. कासमी ने बताया कि जो लोग जकात अदा नहीं करते है उनका अल्लाह ताला के घर पकड़ होगी. अल्लाह के घर में उसी दौलत को आग बना कर दागा जायेगा और दौलत सांप बन कर डंसेगा.



**खास बातें**

- जकात अदा करने से परेशानियां दूर होती है : मुफ्ती कासमी
- जकात के पैसे से गरीबों और बेसहारा की मदद की जाती है

पलामू जिला अधिवक्ता संघ ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

# होली आपसी भाईचारे और उमंग का त्योहार हैः पीडीजे

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

होली आपसी भाईचारे व उमंग का त्योहार है. उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही. वे शुक्रवार को पलामू जिला अधिवक्ता संघ में होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए थे. उन्होंने कहा कि होली में सभी लोग गीले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हैं .व खुशियों का त्यौहार मनाते हैं. इस मौके इस कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मार्तण्ड प्रताप मिश्र,जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार, द्वितीय विनोद कुमार सिंह ने भी होली की बधाई दी.इस मौके पर पारंपरिक गीत गाकर कलाकारों ने समां बांधे रखा .कलाकारों ने एक से बढ़कर एक होली गीत की प्रस्तुति की. पीडीजे सहित सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी ने अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. मौके पर डी जे अमरेश कुमार, प्रेमनाथ पांडेयअभिमन्यु कुमार ,शंकर महाराज,, आनंद सिंह ,संदीप निशित बारा,निशिकांत अर्पित श्रीवास्तव, शिखा अग्रवाल, चंदन कुमार गोस्वामी, अपेक्षा, मिस रूबी,दर्जनों लोगों उपस्थित थे.कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता शिव कुमार तिवारी ने की.



**खास बातें**

- जमकर उड़े अबीर गुलाल,सभी ने एक दूसरे को लगाया
- पारंपरिक गीत गाकर कलाकारों ने समां बांधा

अधिवक्ता संघ भवन में बार व बेंच ने खेली होली

## रंगों का त्योहार है होली : प्रधान जिला जज

**लातेहार।** होली रंगों का त्यौहार है, इससे मन में रही किसी भी प्रकार की दुर्भावना को त्याग कर नई शुरुआत करने की सीख मिलती है. उक्त बातें जिला अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित होली मिलन समारोह के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार ने कही. श्री कुमार ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है, जिसे सभी जाति धर्म के लोग मनाते हैं और पुरानी विद्वेष को त्याग कर एक नई शुरुआत का संकल्प लेते हैं. इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमणि प्रसाद ने मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिल कुमार, जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, द्वितीय अमित कुमार, तृतीय संजीव कुमार झा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अब्दुल नासिर, जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी मिथिलेश कुमार, प्रभारी न्यायाधीश राहुल कुमार, विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार दास का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की. श्री प्रसाद ने होली के अवसर पर संघ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की रूपरेखा से आगंतुक न्यायिक पदाधिकारियों को अवगत कराया. संघ के सचिव वृंद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि सभी गिला शिकवा त्याग कर होली के अवसर पर हमलोग गले मिलते हैं और परंपरा को कायम रखते हैं. कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ता नवीन कुमार गुप्ता ने भी होली की पौराणिक महत्व को रखते हुए राग द्वेष त्यागने की अपील की. संघ द्वारा आयोजित इस मिलन समारोह में जमकर न्यायिक पदाधिकारी एवं अधिवक्ताओं ने गुलाल लगाकर होली खेली.



### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर परिचर्चा का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में कार्यकम का आयोजन किया गया. कार्यकम की शुरुआत मां सरस्वती व महान वैज्ञानिक सी बी रमन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया. कार्यकम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया. मोर्चा अध्यक्ष श्री राम ने कहा कि प्रख्यात विज्ञानी सी बी रमन की स्मृति में 1987 से राष्टीय विज्ञान दिवस मनाई जाती है. आज का युग विज्ञान का युग है. हर क्षेत्र में विज्ञान मनुष्य के जीवन मे वरदान के रूप में मौजूद है. हर क्षेत्र में विज्ञान की उपयोगिता है. मौके पर अरुण कुमार, कुंदन कुमार, राजू राम, प्रेम कुमार, यशवंत कुमार, विकास कुमार, दीपक कुमार, राजेश राम, बबन राम, महेंद्र कुमार, अनुप कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए. धन्यवाद ज्ञापन आलोक कुमार ने किया.

### हैदरनगर पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया

**हुसैनाबाद (पलामू ) ।** पलामू पुलिस लगातार अवैध बालू तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है. इसी कड़ी में हैदरनगर पुलिस ने बुधवार रात हैदरनगर पंसा मुख्य पथ पर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया. हालांकि पुलिस को देख ट्रैक्टर चालक फरार हो गया. पुलिस जब्त ट्रैक्टर को अपने साथ थाना ले आयी है और खनन विभाग के पदाधिकारी को इसकी सूचना दे दी है. ताकि वह आगे की कार्रवाई कर सके. थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि कोयल व सोन नदी से अवैध खनन कर बालू की तस्करी करने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.

## जिला समाचार पत्र बिक्रेता संघ ने किया होली मिलन समारोह आयोजित



**संवाददाता। मेदिनीनगर**

माटी कला बोर्ड परिसर में अखबार जिला समाचार पत्र बिक्रेता संघ का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया. इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष गोपाल प्रजापति ने की . मौके पर रंगारंग कार्यक्रम कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया. मुख्य अतिथि प्रो जगन्नाथ प्रसाद सिंह ने कहा कि होली ही एक ऐसा पर्व है जो जात पात, भोद भाव, उंच-नीच को मिटाकर एक दूसरे से गला मिलाती है. यह पर्व असत्य पर सत्य का प्रतीक है. उन्होंने कहा कि भागवान कृष्ण ब्रज में जब होली खेले थे तो उस समय सभी एक रंग में रंग गये थे. आज वर्तमान समय में हम सभी को जात पात, अमीर गरीब को भूलाकर एक रंग में रंगने की जरूरत है. तभी जाकर इस युग में मानव समाज का कल्याण होगा. टेंपो चालक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने अपनी जीवन व्यथा को व्यक्त करते हुए कहा कि एक समय था कि मैं भी अखबार बेचकर जीवन व्यतीत करता था. आज अखबार का देन है कि हम इस मुकाम पर हैं. समाज में अखबार बिक्रेताओं को लोग दूसरे नजरिया से देखते हैं. जबकि देखने वाले लोगों को यह पता नहीं है कि यही अखबार बिक्रेता हमारे अपने व पराये लोगों का समाचार हम तक पहुंचाता है.

### लाधुप में जंगली हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**चंदवा ( लातेहार)।** प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है. बीते गुरुवार देर रात्रि लाधुप पंचायत के आरा व कुदरा गांव में जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है. हाथियों के झुंड ने शांति देवी, रितु मसोमात, व लालो मसोमात के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और घर मे रखे अनाज को चट कर गए. घटना के बाद से ग्रामीणों के बीच भय का माहौल है. जानकारी मिलने पर लाधुप पंचायत मुखिया बिफई मुंडा और समाजसेवी बुधन गंझू आरा व कुदरा गांव पहुंचे और हाथियों द्वारा पहुंचाये गए नुकसान का जायजा लिया. मुखिया बिफई मुंडा व बुधन गंझू ने कहा कि लगातार हाथियों के द्वारा पंचायत में ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है. बीते पांच मार्च को भी हाथियों के झुंड ने हेसला गांव में काफी नुकसान पहुंचाया था. उन्होने वन विभाग अविलंब जंगली हाथियों के झुंड को आबादी वाले क्षेत्र से दूर भगाने एवं क्षति का मुआवजा देने की मांग की है.

## मतदान प्रक्रिया की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं सेक्टर पदाधिकारी : डीडीसी



**संवाददाता। मेदिनीनगर**


स्थानीय जिला स्कूल के सभागार में सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के महत्त्वपूर्ण कड़ी हैं. इसलिए उन्हें पूरा प्रशिक्षण लेने के साथ सजग, सचेष्ट व क्रियाशील होना आवश्यक है. प्रशिक्षण के दौरान डीडीसी ने सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों से संवाद कर तैयारी का जायजा लेते हुए कहा कि कोई भी चूक अस्वीकार्य है. छत्तरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने सेक्टर पदाधिकारियों के दायित्वों के साथ रिजर्व ईवीएम का उपयोग, बूथ विजिट, मॉकपोल व रिपोटिंग के बारे में विस्तार से बताया. एलआरडीसी प्यारेलाल ने कहा कि सही जानकारी ही आप सबको संकट से उबारेगी तथा समुचित कार्य निष्पादन में सहायक होगी. उन्होंने कहा कि अगर आप प्रशिक्षण में पसीना बहाते हैं तो कार्य के समय परेशानी नहीं होगी. पुलिस निरीक्षक सह शहर थाना प्रभारी थाना देवव्रत पोद्दार ने पुलिस पदाधिकारी एवं सेक्टर पदाधिकारीगण के साथ समन्वय कर कार्य करने तथा मतदान के पहले, मतदान के दौरान व मतदान के पश्चात की विधि व्यवस्था व सुरक्षा सुनिश्चित करने के कौशल की जानकारी दी.

**टूटती परंपराएं** होलिका दहन की धूल उड़ते ही ढोलक-मंजिरा लेकर शहर में होता था भ्रमण

# खत्म होती जा रही हैं परंपराएं, होली में अब नहीं उड़ते धूल

**आशीष टैगोर। लातेहार**

पहले की होली और अब की होली में काफी फर्क का आ गया है. या यूं कहें कि पांरपरिक होली को आधुनिकता ने पीछे छोड़ दिया है तो गलत नहीं होगा.अब होली में झाल व मंजीरे की आवाज सुनाई नहीं पड़ती. इसकी जगह अब चौक-चौराहों पर बड़े -बड़े साउंड बॉक्स व कनफोड़ डीजे बजते हैं. आज से एक दशक पहले तक लातेहार जिला मुख्यालय में पारंपरिक होली खेली जाती थी और होलिका दहन से ही इसकी शुरूआत हो जाती थी. यूं तो लातेहार में कई जगहों पर होलिका दहन किया जाता है. लेकिन शहर का प्रमुख होलिका दहन शिवपुरी रोड के गंभेल स्थान पर होती है.



**होली में हुड़दंग बढ़ गयी है : अशोक महलका**

होली मंडली के वयेवृद्ध सदस्य अशोक कुमार महलका व भुनेश्वर साहू ने कहा कि अब होली पारंपरिक रूप से कहां मनायी जाती है. पहले का सप्ताह-15 दिन पहले से ही शहर के विभिन्न टोलों में होली गीत व मिलन समारोह का आयोजन किया जाता था. लोग घंटों झाल व मजीरा व ढोलक ले कर होली के गीत गाते थे. होलिका दहन के बाद धूल उड़ायी जाती थी, फिर होली शुरू होता था. लोग दूसरे से मिलते थे. पुआ पकवान खाते थे. लेकिन अब होली में हुड़दंग बढ़ गया है. लोग एक दूसरे का कपड़ा फाड़ देते हैं. शराब पीना होली में फैशन हो गया है.

**सूखे गोबर का विशाल होलिका बनाया जाता है :** होलिका दहन में कई समुदाय के लोग भाग लेते हैं. मारवाड़ी समुदाय की विशेष होलिका होती है. सूखे गोबर का विशाल होलिका बनाया जाता है. पूजा अर्चना के बाद होलिका दहन किया जाता है. होलिका दहन के उपरांत बैगा (पुजारी) होलिका दहन की राख को उड़ाते हुए शहर में धूल उड़ने की ऐलान करता था. बाद में बैगा के द्वारा गंभेल (ग्राम देवता) पर होलिका दहन की राख एवं अबीर लगा कर ढोल पीट-पीट कर होली मनाने का ऐलान किया जाता था. इसके बाद होली मंडली, ढोलक, झाल व मंजीरा लेकर शहर में निकल पड़ता था. जम कर शहर में होली खेली जाती थी. थाना चौक से अनुमंडल कार्यालय परिसर तक टोली के सदस्य जाते थे. दोपहर बाद औरंगा नदी में स्नान करने बाद रंग की होली समाप्त होती थी.

**शिव लिंग अबीर चढ़ाने के बाद लोग खेलते थे :** इसके बाद दूसरे पहर में प्राचीन शिव मंदिर बाजारटांड़ में अबीर शिव लिंग पर चढ़ाने के उपरांत लोग अबीर खेलते थे और अपने दोस्तों रिस्तेदारों के घरों में जा कर पुआ पकवान खाते थे.

**खास बातें**

- बैगा करते थे होली का ऐलान,तब लोग खेलते है रंग
- नहीं रहे टोली के कई सदस्य, अब केवल रस्म अदायगी

## न्यूज अपडेट

### डीडीसी ने किया योजनाओं का निरीक्षण



**महुआडांड़ (लातेहार)।** डीडीसी सुरजीत सिंह ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रही विकास योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया. उन्होंने मनरेगा योजनाओं के तहत चल रहे आम बागवानी एवं कूप निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. अक्सी पंचायत के ग्राम चेतमा में 40 लाभुकों की भूमि पर लगे आम बागवानी का निरीक्षण किया. मरियम एक्का, संजीवन कुजूर, बिरसुमणी एवं अन्य लाभुकों के खेतों में कूप निर्माण योजना का जायजा लिया. अपूर्ण एवं लंबित योजनाओं को शीघ्र ही पूर्ण करने का निर्देश दिया. डीडीसी ने योजनाओं का मॉनिटरिंग करने का निर्देश अधिकारियों को दिया.

### दिनेश कॉलेज में होली मिलन समारोह का आयोजन



**गढ़वा।** शहर के बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित दिनेश कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सेमिनार कक्ष में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुनीता गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया. इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं प्रशिक्षुओं ने होली के गीत गाये और एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर होली की शुभकामना दी. मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या ने होली की शुभकामना देते हुए कहा कि होली प्रेम और सद्भावना का त्यौहार है.

### पीड़ित परिवार से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल



**गढ़वा।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नशरुद्दीन अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शहर के सहिजना मोड़ स्थित अंबेडकर प्रतिमा के समीप आंदोलनरत नुरसबा बीबी के हत्यारे को सजा दिलाने को लेकर धरना पर बैठे पीड़ित परिवार से मिला. इस दौरान भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष ने कहा कि झामुमो कांग्रेस मिलकर अल्पसंख्यक समुदाय का इस्तेमाल करने का काम किया है. अल्पसंख्यक समुदाय के नुरसबा बीबी का मौत रहस्यमय तरीके से कर दिया गया. उनका परिवार छोटे छोटे बच्चों के साथ पिछले कई दिनों से धरना पर बैठा हुआ है.

### बीएस कॉलेज में विश्व जल दिवस पर किया गया पौधरोपण



**लातेहार ।** शहर के बनवारी साहु महाविद्यालय में विश्व जल दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना ने पौधरोपण किया. पौधरोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय की सचिव अंजू गुप्ता, प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी और कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे. मौके पर सचिव अंजू गुप्ता ने कहा कि आज पूरा विश्व जल संकट से जूझ रहा है.आने वाले समय में जल संकट के लिए युद्ध संभव है. महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पीके तिवारी ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है. जल है तो जीवन और सृष्टि है.

### जन भावनाओं के कारण लड़ूंगा चुनावः राजीव कुमार



**लातेहार।** पूर्व आइएएस अधिकारी व लातेहार के पूर्व डीसी राजीव कुमार आसन्न लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाएंगे. हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किस दल से चुनाव लड़ेंगें. 24 फरवरी को उन्होंने चतरा व लातेहार का भ्रमण किया था. उस दौरान कई लोगों ने उन्हें चुनाव लड़ने की सलाह दी थी और कहा कि इस क्षेत्र से उनके जैसे एक सुलझे व्यक्ति को चुनाव लड़ना चाहिए. श्री कुमार शुक्रवार को चंदवा भ्रमण के दौरान उक्त बातें पत्रकारों से कही. उन्होंने कहा कि लातेहार का डीसी रहते हुए उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को जाना था. क्षेत्र के लोगों को कैसे बेहतर शिक्षा मिले, कैसे बेहतर सड़क व स्वास्थ्य सुविधाएं मिले इसके लिए हमेशा प्रयासरत रहा.

### शशिभूषण जायसवाल का निधन, क्षेत्र में शोक



**लातेहार ।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर, लातेहार के संस्थापक सदस्य सह संरक्षक शशिभूषण जायसवाल का निधन गुरुवार को हो गया. शशिभूषण जायसवाल का अंतिम संस्कार औरंगा नदी मुक्तिधाम में किया गया. उनके निधन पर गुरुवार शाम मंदिर परिसर में संध्या आरती के बाद शोकसभा का आयोजन किया गया. शोकसभा में दिवगंत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया. मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, सचिव आशीष टैगोर, पुजारी राजेश्वर पाठक, प्रभात रंजन तिवारी, गोलू पाठक, पारितोष ठाकुर, अंगद कुमार, मनोज कुमार, अंकित कुमार, वीरनाथ प्रजापति समेत मंदिर समिति के कई लोग मौजूद रहे.

### कोयला रास्ते में ही बेचने के आरोप में चालक गिरफ्तार

**बालूमाथ(लातेहार)।** थाना क्षेत्र में संचालित कुशमाही कोल साइडिंग में तुबेद कोल माइंस से परिचालन कर रहे एक हाइवा वाहन के चालक पर रास्ते में ही कोयला बेच देने का आरोप कपंनी के द्वारा लगाया गया है. कंपनी के साइडिंग इंचार्ज ने उक्त हाइवा को जब्त कर चालक को बालूमाथ पुलिस को सौंप दिया. मामले के संबंध में जानकारी देते हुए डेवलेक्टो माइनिंग लिमिटेड एमडीओ, कुशमाही कोल साइडिंग इंचार्ज अनिल राजगढ़िया ने बताया कि साइडिंग परिसर में जांच के दौरान हाइवा वाहन संख्या (जेएच02बी-2153) में आधा हाइवा कोयला देखी गई. जिसके बाद वाहन चालक से पूछताछ की गई. पूछताछ के क्रम में यह पता चला कि तुबेद कोलियरी से 31 टन कोयला लोड कर कुशमाही कोल साइडिंग के लिए भेजा गया था. लेकिन रास्ते में ही आधा हाइवा कोयला को चालक ने बेच दिया.

### संत मरियम विद्यालय में होलिकोत्सव का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर ।** संत मरियम विद्यालय के आवासीय परिसर में होलिकोत्सव का आयोजन किया गया. विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उपप्राचार्य एसवी. साहा व अन्य शिक्षकों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. वहीं विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कलाकारों को लाल चुनरी ओढ़ाकर स्वागत किया. कार्यक्रम में संगीत के धुन और अबीर, गुलाल व नृत्य के पर बच्चे झूमते नजर आए. विद्यालय के चेयर मैन श्री अविनाश देव ने शिक्षक, शिक्षिकाएं समस्त कर्मचारी समेत सभी बच्चों को रंगोत्सव होली की शुभकामनाएं दी. इस मौके पर गायक पंकज निराला, श्याम, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, एडवोकेट ओंकार नाथ तिवारी, प्रवीण दुबे सभी समन्वयक व समस्त कर्मचारी गण के साथ-साथ सैकड़ो बच्चे मौजूद थे.

### खाद्य सुरक्षा की टीम कई होटलों में की छापेमारी

**सिमडेगा ।** सिविल सर्जन सिमडेगा डॉ. अजीत खलखो के निर्देश पर होली पर्व को लेकर विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों, होटलों में छापेमारी अभियान चलाया गया. मौके पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी सिमडेगा ने विभिन्न मिठाईयों का नमूना संग्रहण कर खाद्य प्रयोगशाला भेजा. साथ ही कोटपा अधिनियम 2003 के तहत कुल 7 खाद्य कारोबारियों से मानक का उल्लंघन करने पर जुर्माना वसूला गया.ज्ञात हो कि होली पर्व के आते ही मिठाई कारोबारियों के द्वारा मिठाइयों में मिलावट की जाने सूचना मिलने लगती है. खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि सिमडेगा जिला के विभिन्न होटलों में औचक निरीक्षण एवं छापेमारी अभियान अभी निरंतर चलेगा. मिलावटखोरी करने वाले खाद्य कारोबारियों के ऊपर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

### उपायुक्त ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण

**सिमडेगा ।** डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ने पंडरीपानी आर सी प्राथमिक विद्यालय (मतदान केंद्र संख्या 103) का निरीक्षण किया. अजय कुमार सिंह ने निरीक्षण के दौरान मतदान केंद्र में विधि व्यवस्था, बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, पहुंच पथ, फर्नीचर की व्यवस्था का जायजा लिया. डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये. मौके पर उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, आईटीडी ए निदेशक सरोज तिर्की, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल मुकेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.

## ब्रीफ खबरें

### एसडीओ ने चेक पोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के जमशोला एवं दारिशोल में बनाए गए चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सचिदानंद महतो ने किया . जिसमें होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए दूसरे राज्य से आने वाले छोटे-बड़े वाहनों का जांच कर रहे कर्मचारियों को कई सारे दिशा निर्देश दिए.साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की डिक्की तथा कागजात की संपूर्ण जांच पड़ताल करने के पश्चात ही प्रवेश करने दें.

### मीना बाजार के बगल में पार्क का निर्माण शुरू

**किरीबुरु।** सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन के सिविल विभाग ने मीना बाजार के बगल में खाली भूभाग पर पार्क का निर्माण कराने का कार्य प्रारम्भ किया है. इस खाली भूभाग पर हमेशा गंदगी का अंबार पड़ा रहता था.चारों तरफ झाड़िया उगी रहती थी. महाप्रबंधक (सिविल) के बी थापा एवं सहायक महाप्रबंधक राम बाबू डोराडला की मौजूदगी में उक्त भूभाग को सेल प्रबंधन का पेलोडर मशीन से जगह को समतल कर व साफ-सफाई कराया जा रहा है.

### टेंपो चालक ने फंदे से झूलकर आत्महत्या की

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के कालियाडिंगा एन एच 49 के सर्विस रोड किनारे अवस्थित अपने घर पर विमल पांडा ने गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली. मिली जानकारी के अनुसार विमल पांडा (42) टेंपो चलाता था. वह अपना काम समाप्त करके विगत रात्रि अपने घर लौटा तथा कमरे में जाकर दरवाजा बंद करके फंदासे लटक कर आत्महत्या कर लिया. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को अपने कब्जे में लेकर शुक्रवार को अंत परीक्षण के लिए घाटशिला भेज दिया.

### बाहा बोंगा के अवसर पर जाहेरथान में की गई पूजा

**डुमरिया ।** डुमरिया प्रखंड अंतर्गत आस्ताकोवली पंचायत के आस्ता घाटी जाहेरथान में शुक्रवार को देशुआ बाहा बोंगा के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना की गई. वन क्षेत्र में लगे नये साल के पत्तों और फुलों को देवताओं को अर्पित किया गया. इस पूजा के उपरांत ग्रामीण नये पत्तों का प्रयोग घर में करेंगे. पोटका के विधायक संजीव सरदार इस अवसर पर आस्ता घाटी जाहेरथान पंहुचे और पूजा अर्चना में शामिल हुए. विधायक ने जाहेरथान में माथा टेककर क्षेत्र के विकास और सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा.

### वृद्ध ने धातकीडीह तालाब में कूदकर आत्महत्या की

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत धातकीडीह तालाब इन दिनों सुसाइड प्वाइंट बन गया है. बीते 20 फरवरी को हरिजन बस्ती के सुरेश मुखी और 9 मार्च को कपाली को एक महिला ने तालाब की कूदकर आत्महत्या कर ली थी. इधर शुक्रवार को भी तालाब में एक शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई. स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को स्थानीय गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया.

### काली पूजा कमेटी का होली मिलन आज

**आदित्यपुर ।** आदित्यपुर 2 स्थित एमआईजी सार्वजनिक काली पूजा कमेटी का होली मिलन समारोह शनिवार को शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा. इस समारोह में बक्सर के लोक गायक मनीष ठाकुर अपने गंवई होली के गीतों पर आदित्यपुवासियों को झुमाएंगे. यह जानकारी काली पूजा कमेटी के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि यह आयोजन हर वर्ष की भांति आयोजित होगा लेकिन इस बार आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए एसडीएम के आदेश से सम्पन्न होगा.

---

होली के दिन नशा और हुड़दंग से बचने का पप्पू सरदार ने दिया संदेश

# चेशायर होम में विशेष बच्चों ने राधा-कृष्ण संग खेली होली

**मुख्य संवाददाता।जमशेदपुर**





होली नजदीक आते ही लोगों पर खुमारी छाने लगी है. शुक्रवार को सुंदरनगर स्थित चेशायर होम के विशेष बच्चों (दिव्यागों) ने राधा-कृष्ण, सुदामा और गोपियों संग फूलों और अबीर-गुलाल की होली खेली. होली के गीतों पर स्थानीय कलाकारों के साथ ही विशेष बच्चों तथा उपस्थित लोग भी खूब थिरके. फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर और गुलाल उड़ाकर विशेष बच्चे होली के रंग में रंग गए. यह आयोजन हर साल की तरह इस साल भी सिने तारिका माधुरी दीक्षित के फैन पप्पू सरदार की ओर से किया गया. पप्पू ने अपने चिर-परिचित अंदाज जोकर के वेश में विशेष बच्चों संग होली की खुशियां बांटी. साथ ही होली के दिन नशा नहीं करने, हुड़दंग करने से परहेज तथा राधा-कृष्ण की तरह खुशियां बांटने का संदेश दिया.

**होली गीतों विशेष बच्चों संग जोकर बने पप्पू सरदारः** इस अवसर पर होली के गीतों पर विशेष बच्चों संग जोकर बने पप्पू सरदार ने जमकर डांस किया. राधा-कृष्ण बने कलाकारों पर फूलों की वर्षा तथा माधुरी दीक्षित की तस्वीर पर अबीर गुलाल लगाकर इस कार्यक्रम की शुरुआत की गयी. इस अवसर पर चेशायर होम की हेड सिस्टर डेजी, सिस्टर रोजली, स्मिता एवं सरिता ने होली की बधाई देते हुए कहा कि होली के रंग खूब बिखरें, लेकिन भाई चारा के साथ, जोर जबरदस्ती रंग किसी को भी नहीं लगायें.

### चेशायर होम के विशेष बच्चों को रहता है इंतजार

उन्होंने कहा कि चेशायर होम के विशेष बच्चों को भी पप्पू सरदार के साथ रंग खेलने के लिए इस दिन का इंतजार रहता हैं. राधा-कृष्ण बने कलाकारों ने भी होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चेशायर होम में विशेष बच्चों के बीच पहली बार कार्यक्रम कर खुशियां बांट रहे हैं, जिसका सारा श्रेय समाजसेवी पप्पू सरदार को जाता हैं. पप्पू सरदार की ओर से यहां के बच्चों के बीच सुबह का सूखा नाश्ता एवं दोपहर का भोजन (लजीज व्यंजन) वितरण किया गया. तीन घंटे के इस कार्यक्रम में सभी ने जमकर लुत्फ उठाया.

---

# बेतरकिया गांव के कोलायसाई में चल रहा हब्बा-डब्बा का खेल

- जगन्नाथपुर और नोवामुंडी व कोटगढ़ के लोग करे रहे संचालन
- लोग पैसे हारकर परिवार वालों के साथ करे मारपीट, ग्रामीण परेशान

**संवाददाता।नोवामुंडी**



गुवा थाना क्षेत्र अन्तर्गत बेतरकिया गांव के कोलायसाई में हब्बा-डब्बा जैसे जुआ का खेल बडे. पैमाने पर संचालित किये जाने से बेतरकिया,दुधबिला व आसपास के ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है.कुछ ग्रामीणों ने बताया की हब्बा-डब्बा जैसे जुआ का खेल का संचालन जगन्नाथपुर और नोवामुंडी व कोटगढ़ के जुआ माफिया द्वारा संचालित कराया जा रहा है. सबसे बडी. बात यह है कि बेतरकिया में सप्ताह में दो दिन नियमित रुप से यह जुआ का खेल खुलेआम संचालित किया जा रहा है. जुआ खेलने आसपास व दूर-दराज गांवों के ग्रामीणों के अलावे भारी तादाद में युवा आ रहे हैं. ये ग्रामीण अपना कृषि व वन उत्पादों को बेच जो पैसा प्राप्त होता है वह हब्बा-डब्बा जुआ के खेल में मोटी जीत प्राप्त करने के लालच में हार चले जा रहे हैं. इससे इनकी आर्थिक व मानसिक नुकसान पहुंच रहा है.कई लोग पैसे हारकर परिवार के साथ घरेलू हिंसा कर रहे हैं तथा कुछ लोग चोरी व अन्य छोटे अपराध की ओर अग्रसर हो रहे हैं.

---

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में जमकर उड़े अबीर गुलाल

# सिया निकले अवधवा की ओर होलिया खेले रामलला





**मुख्य संवाददाता।जमशेदपुर**

### उड़े गुलाल

- विद्यार्थियों ने प्रस्तुति देकर माहौल को होलियाना बनाया
- एमबीए विभाग ने भी सुन्दर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया

जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में ही धूमधाम से होली मिलन समारोह काआयोजन किया गया. कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह हमें उल्लासित करने वाला पर्व है. यह पर्व आपसी प्रेम को संचारित करने का पर्व है, ताकि हम एकता के सूत्र में बंधे रहें.

इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण में कई प्रकार के रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. राजनीतिक शास्त्र की छात्रा अंजलि सोरेन की बनाई गई पेंटिंग भेंट कर कुलपति का स्वागत किया गया. इस पेंटिंग में महाराष्ट्र की जीवन शैली को चित्रित किया गया है. डॉ सनातन दीप के नेतृत्व में संगीत विभाग की छात्राओं ने सूफियाना गीत एवं ''''सिया निकले अवधवा की ओर होलिया खेले रामलला... एवं अन्य कई होली गीत प्रस्तुत किये. शिक्षिका सुधा दीप के निर्देशन में स्नातक की छात्राओं ने सामूहिक राजस्थानी नृत्य की बेहतरीन प्रस्तृति दी. शालिनी प्रसाद के निर्देशन में मास कॉम की छात्राओं ने पारम्परिक एवं वेर्स्टन नृत्य के माध्यम से मथुरा की खुशबू को दर्शाया.

बायोटेक विभाग की छात्राओं ने भी जोगीरा सा रा रा जैसे गीत पर नृत्य से मन मोह लिया. एमबीए विभाग द्वारा भी सुन्दर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया. एनएसएस की छात्राओं ने रंग लेके गुलाल लेके... गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी. यूनिवर्सिटी के कुलसचिव प्रो राजेन्द्र कुमार जायसवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा, वित्त पदाधिकारी डॉ जावेद अहमद, परीक्षा नियंत्रक डॉ रमा सुब्रह्मण्यन, विकास पदाधिकारी डॉ सलोमी कुजूर , डॉ सबीहा युनूस, सीवीसी डॉ अन्नपूर्णा झा, डॉ रिजवाना परवीन समेत अन्य सभी पदाधिकारी, सभी संकायाध्यक्ष, स्नातकोत्तर विभाग के अध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थीं.

### ग्रेजुएट कॉलेज में होली मिलन समारोह आयोजित

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची स्थित थे ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन के हिंदी विभाग की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की प्राचार्य डॉ वीणा सिंह प्रियदर्शिनी उपस्थित थीं. इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि होली उत्साह, उमंग और एकता के महत्व को स्थापित करने का त्योहार है. होली में लोग आपसी वैमनस्यता को मिटा कर खुशी मनाते हैं. इस अवसर पर छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी.कार्यक्रम का संचालन श्रुति चौधरी और खुशी मंडल तथा धन्यवाद ज्ञापन हिन्दी विभागाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने किया. कार्यक्रम में प्रो डोरीस दास, डॉ कमलेश कुमार कमलेंदु, डॉ विनय कुमार सिंह, डॉ अनामिका, डॉ कल्याणी झा, शारदा कुमारी, मुकेश कुमार, प्रीति सिंह, डॉ अपराजिता पूनम कुमारी, सोनी कुमारी, संजु कुमारी, दिव्या कुमारी, आरती, स्नेहा, बिंदु, सुनीता गिरि, प्रीति कुमारी, काजल कुमारी, जयश्री महतो समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विभाग की छात्राएं उपस्थित थीं.



### घाटशिला कालेज में 23 को बाहा मिलन समारोह

**घाटशिला ।** घाटशिला कालेज में संताली विभाग की ओर से शनिवार को बाहा मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा. इसमें संताल संस्कृति पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा. यह समारोह कॉलेज के प्राचार्य डॉ आर के चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न होगा. समारोह के संबंध में प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि बाहा पर्व का शाब्दिक अर्थ 'फूलों का पर्व' होता है. संताल जनजातियों में फूलों को सृष्टि-उत्पत्ति का मूलभूत तत्व माना जाता है.

### सोशल मीडिया पर गलत संदेश भेजने पर होगी कार्रवाई : एसपी

**किरीबुरु।** आगामी लोकसभा चुनाव व विभिन्न त्योहारों के मद्देनजर किसी भी प्रकार के धार्मिक भावनाओं को भड़काने, ठेस पहुंचाने वाले संदेश, अप्रमाणिक जानकारी, भ्रामक मैसेज, तस्वीर, वीडियो इत्यादि सोशल मीडिया यथा फेसबुक, ट्विटर (एक्स), वाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूटयूब इत्यादि पर पोस्ट, अपलोड या शेयर न करें. यदि ऐसा करते हुए पाए जाते हैं तो उस यूजर आइडी या ग्रुप एडमीन की पहचान कर उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उक्त जानकारी चाईबासा पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने देते हुये बताया कि चाईबासा पुलिस सोशल मीडिया पर 24 घंटे पैनी नजर रखे हुए है. पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा चुनाव, विभिन्न त्योहारों के अवसर पर पुलिस नियंत्रण कक्ष की ओर से फेक न्यूज, भ्रामक, तथ्यहीन और आपत्तिजनक खबरों पर प्रभावी कार्रवाई हेतु संपर्क नम्बर जनहित में जारी करते हुये उक्त प्रकार की सूचना नजदीकी थाना को सूचित करने की अपील की है.

### लक्ष्मण हांसदा व सह यात्री अनामिका का भव्य स्वागत

**चाईबासा।** कांग्रेस पार्टी का भारत जोड़ो न्याय यात्रा 14 राज्य 85 जिले 67 दिन 67 सौ किलोमीटर की यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई थी. झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिला से लक्ष्मण हासदा व सह यात्री अनामिका सरकार ने सफलतापूर्वक यात्रा को पूरा कर आज चाईबासा पहुंचने पर जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिमी सिंहभूम की ओर से कांग्रेस भवन चाईबासा में जिला अध्यक्ष चन्द्रशेखर दास की अगुवाई में एक भव्य समारोह का आयोजन कर भव्य तरीके से फूल माला व अंगवस्त्र देकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया. मालूम हो कि यात्रा मणिपुर से आरंभ होकर नागालैण्ड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, आसाम , बंगाल, बिहार, झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान , गुजरात होते हुए महाराष्ट्र में सम्पन्न हुई. इस यात्रा में शामिल लक्ष्मण हासदा झारखण्ड की ओर से तिरंगा झंडा का नेतृत्व सेवादल के रूप में किया जो पूरे झारखंड प्रदेश के लिए गौरव की बात है.


## न्यूज अपडेट

### सीएच एरिया में चोरी का पुलिस ने किया खुलासा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत सीएच एरिया स्थित सिग्नेचर अपार्टमेंट निवासी सौरभ चावला के घर चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है. पुलिस ने इस मामले में आरोपी बिष्टुपुर चुना बाजार निवासी राजू साहु उर्फ झगरू को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने झगरू की निशानदेही पर चोरी किए गए दो मोबाइल फोन और एक टैब बरामद किया है. चोरी के सामानों का बाजार मूल्य तीन लाख रुपये बताया गया है.

### वोटर अवेयरनेस फोरम की बैठक संपन्न



**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में वोटर अवेयरनेस फोरम की एक बैठक आयोजित की गयी. बैठक में आसन्न लोकसभा सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान से संबंधित गतिविधियों और उनके कार्ययोजना पर चर्चा की गई.उपायुक्त ने बताया कि जिले के सभी विभागों के कार्यालय अध्यक्षों को वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है.

### जागधा के ग्रामीणों ने धूमधाम से मनाया सरहुल



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के राजलाबांध पंचायत अंतर्गत जागधा गांव के ग्रामीणों ने जाहेर थान में शुक्रवार को बड़ी धूमधाम से सरहुल मनाया गया.जिसमें सर्वप्रथम पुजारी दुर्गा हेंब्रम ने मारंगबुरू,जाहेर आयो,मड़ेको,तुरुईको की पूजा अर्चना किया.पूजा समाप्ति के तत्पश्चात मादर व धुमसा के ताल में बाहा नृत्य किया गया . वहीं सरहुल पर्व को सफल बनाने के लिए राजीव मुर्मू, शाल खान हेंब्रम, भागवत सोरेन, सुशील हेंब्रोम, जयपाल हेंब्रम,मदन टुडू, सुखलाल सोरेन सहित जागधा ग्राम वासी लगे हुए हैं.

### विश्व जल दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन



**चांडिल ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला व अनुमंडलीय विधिक सेवा समिति चांडिल की ओर से विश्व जल दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया. चिंगड़ा पारकीडीह और ईचागढ़ प्रखंड के चंदनपुर में आयोजित शिविर में ग्रामीणों को जल के उपयोगिता और जीवन में उसके महत्व समेत विधिक जानकारी दी गई. नीमड़ीह प्रखंड के चिंगड़ा पारकीडीह में आयोजित शिविर में पीएलवी शुभंकर महतो ने जल संरक्षण को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि जल ही जीवन है.

### महिला समूह की सदस्यों का उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित



**मझगांव ।** अंगरपदा पंचायत भवन परिसर में एस्पायर और टाटा स्टील फाउंडेशन के द्वारा बीसी नारायण मूर्ति की अध्यक्षता में पंचायत क्षेत्र के 6 महिला समूह के सदस्यों का उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई. कार्यशाला में उपस्थित महिला समूह की सदस्यों को नारायण मूर्ति ने कहा कि बच्चों का पहला शिक्षक उनकी मां होती है. मां के संस्कारों से ही बच्चे आगे बढ़ पाते हैं. शिक्षा का अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए सभी महिला समूह की सदस्यों को आगे आने की आवश्यकता है.

### दंतैल हाथी ने चारदीवारी तोड़ी, सब्जियां नष्ट की



**किरीबुरु।** सारंडा जंगल के छोटानागरा थाना अन्तर्गत कुमडीह गांव में एक दंतैल हाथी ने उत्पात मचाते हुए सुनील बारला के बगान की चारदीवारी तोड़ लगी सब्जियों को खा गया. यह घटना आज सुबह लगभग 3 बजे की बताई जा रही है. सुनील बारला ने बताया कि हम सभी सोये हुये थे तभी अचानक बगान से तेज आवाज आयी. जब हम बाहर निकले तो देखा की एक हाथी बगान को तोड़ उसमें लगी गोभी, बरबट्टी आदि सब्जियां खा रहा है. वह घर की तरफ भी आता. इसके बाद वह लोगों को आवाज लगाकर जगाया तथा सभी मिलकर टार्च की लाईट व अन्य पारम्परिक तरीके से हाथी को गांव से भगाया.

---

डीसी ने मतदाता जागरूकता के तहत उद्यमियों से की बात

# मतदान के दिन दें सवैतनिक अवकाश

**संवाददाता।आदित्यपुर**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी सरायकेला -खरसावां रवि शंकर शुक्ला ने मतदाता जागरूकता के तहत शुक्रवार को ऑटो क्लस्टर सभागार में औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों से बात की और सभी उद्यमियों से कहा कि वे इस महापर्व में अपने शत प्रतिशत मतदान कराएं. उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को सवैतनिक शत फीसदी कर्मचारियों से मतदान कराएं. साथ ही डीसी ने सारे उद्यमियों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर उनके समस्याओं और सुझाव दे सकें. इस कार्यक्रम में आदित्यपुर नगर निगम के प्रशासक आलोक कुमार, एसडीओ सुधीर कुमार प्रजापति, एनडीसी गौतम प्रसाद साहू, अविनाश कुमार साहू, डीटीओ ,एसिया के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल, लघु उद्योग भारती के अध्यक्ष ज्ञान जायसवाल, राजीव रंजन मुन्ना, प्रवीण गुटगुटिया, संतोख सिंह समेत करीब 300 उद्यमी शामिल हुए.

होली मिलन समारोह का आयोजन, जिला न्यायाधीश भी शामिल हुए

# बार एसोसिएशन परिसर में जमकर उड़े गुलाल

**संवाददाता।चाईबासा**



जिला बार एसोसिएशन परिसर में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विश्वनाथ शुक्ला शामिल हुए. होली मिलन समारोह में अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारी एवं पदाधिकारियों को अबीर गुलाल लगाकर होली मनाई. वही कार्यक्रम में चैता गीत संगीत से सभी झूम उठे. कार्यक्रम में सभी ने लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया. इस अवसर पर मुख्य रूप से एडीजे 1 ओम प्रकाश, एडीजे 2 सूर्यभूषण ओझा, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विनोद कुमार, एसडीजेएम सदर सुप्रिया रानी तिग्गा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राजीव कुमार सिंह, झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य अधिवक्ता अनिल कुमार महतो, जिला बार एसोसिएशन के महासचिव फादर अगस्तीन कुल्लू, वरिष्ठ अधिवक्ता निरंजन प्रसाद साव, मदन मोहन दरिपा, नीरज कुमार, सरकारी वकील पवन शर्मा, सतीश चंद्र महतो, सुभाष चंद्र मिश्रा, अधिवक्ता सह रोहित राज गुप्ता, अजीत विश्वकर्मा, विशाल शर्मा, मोहित शर्मा, लोक अभियोजक ज्ञानेंद्र कुमार झा, सहायक लोग अभियोजक मुकेश कुमार गुप्ता,प्रदीप कुमार सिंह के अलावा काफी संख्या में अधिवक्तागण कार्यक्रम मौजूद थे.

---

**तैयारी**

सदस्यों ने कहा- बालू के कारोबार को लेकर सरायकेला-खरसावां जिला हमेशा सुर्खियों में रहता है

# जिला लोक जनप्रतिनिधि निगरानी परिषद गठित

**संवाददाता।चांडिल**



### खास बातें

- बालू के अवैध कारोबार को रोकेगा परिषद
- सरकारी विकास योजनाओं की निगरानी भी करेगा

सरायकेला-खरसावां जिले में बालू का अवैध कारोबार और सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार को रोकने और निगरानी करने के लिए जिला लोक जनप्रतिनिधि निगरानी परिषद का गठन किया गया है. परिषद के संयोजक मंडली की चौका थाना के समीप फूलो-झानो चौक परिसर में हुई बैठक में पदाधिकारियों का चयन किया गया. परिषद के पदाधिकारी व सदस्य बालू के अवैध खनन और परिवहन के अलावा विकास कार्यो की निगरानी करेगा और अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विभाग को इसकी जानकारी देते हुए समुचित कार्रवाई करवाएगा. परिषद के सदस्यों ने कहा कि बालू के अवैध कारोबार को लेकर सरायकेला-खरसावां जिला हमेशा से सुर्खियों में रहता है. बालू के अवैध कारोबार से सरकार के राजस्व ही हानि हो रही है. वहीं दूसरी और क्षेत्र के नवयुवकों में गलत काम कर पैसे कमाने की प्रवृति बढ़ रही है. इसे रोकना हर अमन पसंद लोगों की जिम्मेदारी बनती है.

### देवेंद्र नाथ चांपिया के मार्गदर्शन में बनी समिति

फूलो-झानो चौक पर बिहार विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ चांपिया समेत कई जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, वार्ड सदस्य, मुंडा, पारंपरिक माझी, ग्राम सभा, संयोजक मंडली के सदस्य और कई जन संगठनों के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय लोक जनप्रतिनिधि निगरानी परिषद का गठन किया गया. बैठक में बताया गया कि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ईचागढ़ व तिरुलडीह थाना क्षेत्र के साथ ही कपाली ओपी क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार परवान पर है.

### झींगी अध्यक्ष व सविता महासचिव

अध्यक्ष कुचाई के जिप सदस्य झींगी हेंब्रम को चुना गया. परिषद का महासचिव चांडिल पश्चिम भाग के जिप सदस्य सविता मार्डी को चुना गया. असके अलावा ईचागढ़ भाग दो के जिप सदस्य ज्योतिलाल माझी को कोषाध्यक्ष, विजय कुईरी को सचिव, माझी बाबा महेंद्रनाथ माझी को उपाध्यक्ष, विशेश्वर माझी को सह सचिव, शाहजहां अंसारी को सह कोषाध्यक्ष, आदिवासी समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रकाश मार्डी को अनुमंडल संयोजक, डोमन बास्के को जिला सह संयोजक बनाया गया.

---

सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को मतदान दिवस तय

# पुलिस प्रशासन ने शुरू की तैयारी

**संवाददाता।चाईबासा**

भारत निर्वाचन आयोग-नई दिल्ली द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के जारी अधिसूचना के तहत सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आगामी 13 मई 2024 को मतदान दिवस तय है. जिसको लेकर जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी शुरू हो गई है. मतदाता जागरूक कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा कि मतदान तिथि को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर मताधिकार का प्रयोग करने हेतु मतदाताओं को पहले मतदाता पहचान पत्र (वोटर कार्ड) प्रस्तुत करना है. यदि किसी कारणवश कोई वोटर मतदान तिथि के दिन मतदान केंद्र में वोटर कार्ड/आईडी प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, तो ऐसी स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के आलोक में मतदाता कुल 12 वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं.

### वोटर कार्ड के अलावा मताधिकार हेतु मान्य दस्तावेज

- आधार कार्ड
- पैन कार्ड
- विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी)
- राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र
- बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक
- स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय)
- ड्राइविंग लाइसेंस
- पासपोर्ट
- राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) का कार्ड
- फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
- सांसद/विधायक/विधानपार्षद को जारी कार्ड
- मनरेगा जॉब कार्ड

### आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन

# वंचित लोगों के जीवन में रंग भरने की जरूरत : डॉ. मुनीष

संवाददाता। हजारीबाग

होली के त्योहार से पहले ही शहर के साथ-साथ पूरा हजारीबाग जिला होली के रंगों में रंग चुका है. हर ओर होली मिलन समारोह के जरिए आपसी भाईचारा और खुशियां बांटने का सिलसिला जारी है. इसी क्रम में आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.

जिसमें विश्वविद्यालय के प्राध्यापक-प्राध्यापिकाएं व कर्मियों के अलावा समारोह में शामिल तरबा-खरबा, महेशरा, जिनगा, कबिलासी, हरली, सिलवार, रामदेव-खरिका, मेढकुरी, हुटपा, मेरू सहित अन्य जगहों से आए मुखिया, प्रतिनिधियों, पंसस, समाजसेवी, शिक्षाविद् व अन्य बतौर अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए. सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी. बता दें कि इस खास मौके पर विभिन्न पंचायतों के मुखिया व बुद्धिजीवियों के आगमन ने होली मिलन समारोह को और खास बना दिया. लजीज पकवान और व्यंजनों का भी लोगों ने खूब लुत्फ उठाया.

**नेहा सिन्हा ने कविताओं से लोगों का दिल जीता**



**होली मिलन**

- समारोह में कबिलासी व सिलवार के पंसस आए
- लोगों ने लजीज पकवान का जमकर लुत्फ उठाया

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद ने कहा कि हम सभी को जाति, पंथ, धर्म और नस्ल से ऊपर उठकर ऐसे मौकों पर वंचित लोगों के जीवन में रंग भरने के लिए एकजुट होने की जरूरत है. कहा कि जिस प्रकार होली के रंग-गुलाल में रंगकर हम सभी एक समान हो जाते हैं, उसी प्रकार हमें जाति-धर्म, ऊंच-नीच के भेदभाव को पीछे छोड़कर समाज में एक समान होकर रहना चाहिए. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए. कुमारी सीमा, माधवी मेहता, आशा गुप्ता, शिवांजली, विजय लाल, रितेश कुमार सहित अन्य के फगुआ गीतों ने लोगों को झूमने पर विवश कर दिया. मीना कुमारी, शुभा कुमारी, पायल कुमारी, निशु कुमारी के नृत्य ने लोगों को पांव थिरकाने पर विवश कर दिया. नेहा सिन्हा व शिव कुमार की कविताओं ने लोगों का दिल जीत लिया. होली को लेकर कैलाश प्रसाद, प्रभू कुमार व रोहित मिंज की नाट्य प्रस्तुति ने जमकर वाहवाही बटोरी. इस अवसर पर कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद के हाथों सभी को सम्मानित किया गया. अतिथियों ने कहा कि आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से आमंत्रित कर सम्मानित करना सराहनीय कदम है. कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति व्यास ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रोजीकांत ने किया. समारोह में विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों के साथ-साथ स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी थी. कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. प्रीति व्यास, रविकांत कुमार का योगदान रहा.

# गोला में खाद्य प्रतिष्ठानों में चलाया गया जांच अभियान

संवाददाता। रामगढ़

**मिठाई दुकान**

- गोला प्रखंड में डीवीसी चौक पर दुकानों में की गई जांच
- कृष्णा स्वीट्स और रुचिका स्वीट्स की गई जांच

होली पर्व को लेकर शुक्रवार को मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया. अभिहित अधिकारी सह अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एके रामा के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा प्राधिकारी दीप श्री एवं अन्य सदस्यों के द्वारा गोला प्रखंड अंतर्गत डीवीसी चौक के समीप होटल, मिठाई दुकानों और राशन दुकानों में जांच अभियान चलाया गया. मौके पर आमजनों को मिलावटी खाद्य सामग्रियों से बचाने एवं पर्व के दौरान मिलावटी खाद्य सामग्रियों की बिक्री की संभावना को देखते हुए कृष्णा स्वीट्स, रुचिका स्वीट्स, होटल बजरंग, महाराजा स्वीट्स, गौरव भंडार और शुभम स्वीट्स आदि दुकानों का निरीक्षण किया गया. वहीं दुकानों से खाद्य पदार्थ के सैंपल भी इकट्ठा किए गए. मौके पर पदाधिकारी के द्वारा लोगों से पर्व के दौरान मिलावटी खाद्य पदार्थों से सावधान रहने, किसी भी पदार्थ को खरीदने के दौरान एक्सपायरी डेट आदि एवं विभिन्न तरीकों से खाद्य पदार्थों की पहचान को लेकर आवश्यक जानकारियां दी गईं व लोगों को जागरूक किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क किनारे घायल अवस्था में मिले दो युवक

**हजारीबाग।** लोहसिंघना थाना क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज के पास गुरुवार की रात दो युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क के किनारे पड़े थे. पुलिस को किसी ने 11 बजे रात में इन घायल युवकों की जानकारी दी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संदीप कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे. पुलिस ने जल्द ही दोनों युवकों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवा दिया. दोनों युवकों की पहचान बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत खिरगांव निवासी अमित कुमार सिंह और मोहित कुमार के रूप में की गई. इसके बाद परिजन भी पहुंच गए. वे अस्पताल प्रबंधन पर दबाव बनाते हुए दोनों युवकों को रेफर कराकर रांची लेकर चले गये. वहीं इस संबंध में दोनों युवाओं के रांची में भर्ती होने के कारण फर्द बयान नहीं लिया जा सका. थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि फर्द बयान के बाद प्राथमिकी दर्ज कर ली जाएगी.

### बिजली तार जमीन पर बिछाकर छोड़ा विभाग

**हजारीबाग।** विद्युत विभाग द्वारा कॉलेज मोड़ डाकघर परिसर में स्थित पंजाब नेशनल बैंक को दिए गए बिजली कनेक्शन में भारी लापरवाही बरती गई है. इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है. पोस्टमास्टर नंदन कुमार ने बताया कि यहां प्रतिदिन कॉलेज के विद्यार्थी, कर्मचारी, प्राध्यापक व आसपास के लोग डाकघर संबंधित कार्य से आते जाते रहते हैं. समय-समय पर सैकड़ों की संख्या में स्कूल के छात्र-छात्राएं डाकघर के क्रियाकलापों के संबंध में जानकारी करने के लिए आते रहते हैं. परिसर को सोहराई कला से सुसज्जित किया गया है, जिसे देखने देसी व विदेशी पर्यटक भी आते रहते हैं. ऐसे में बिजली विभाग द्वारा बिजली कनेक्शन के तार को जमीन पर बिछाकर छोड़ा जाना काफी लापरवाही भरा कार्य है. इससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है. इस पर ध्यान देकर ठीक करना चाहिए.

### ब्रह्माकमारी संस्थान में मनाया होली मिलन

**बरही।** ब्रह्मा कुमारीज संस्थान में होली मिलन महोत्सव मनाया गया. इस अवसर पर सेंटर में आए भाई-बहनों ने विकारों को जलाकर परमात्मा के रंगों में रंगने का संकल्प लिया. बरही सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी रीना बहन ने कहा कि होलिका दहन अर्थात विकारों का दहन कर आत्मा के आंतरिक सात रंगों को लाना है. वह है पवित्रता, शांति, प्रेम, सुख,आनंद, शक्ति व ज्ञान. यह रंग जीवन में कभी भी मिटता नहीं है. होली पर्व में एक दूसरे भाइयों को रंग लगाना चाहिए. मौके पर विजय भाई, ज्योति बहन, रूपा माता, सोनी माता व मीना माता सहित कऊ भाई-बहनें उपस्थित थीं.

### पांच दिन से अंधेरे में डूबा हुआ है बरगड्डा गांव

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र के बरगड्डा पंचायत भवन के समीप लगा ट्रांसफार्मर खराब है. पांच दिन से बिजली नहीं होने के कारण पूरा गांव अंधकार में डूबा हुआ है. ग्रामीणों के मुताबिक होली पर्व नज़दीक है. ऐसी स्थिति मे बिजली नहीं रहने से ग्रामीण काफी परेशान हैं. खराब ट्रांसफार्मर को बनाने को लेकर कटकमसांडी फिडर के मिस्त्री सहित विभाग से संपर्क भी किया गया. लेकिन विभाग मौन है. इसे लेकर ग्रामीण नाराज हैं. ग्रामीण विभाग से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को शीघ्र बनवाने की अपील की है, ताकि होली पर्व में गांव रोशन हो सके.

### होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक में बोले अधिकारी

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं होली

**प्रशासन अलर्ट**

- सुरक्षा को लेकर सशस्त्र बल तैनात किया जा रहा है
- चिन्हित स्थानों पर मजिस्ट्रेट के साथ रहेगा लाठी बल



संवाददाता। हजारीबाग

सदर थाना परिसर में शुक्रवार को होली, रामनवमी और रमजान त्योहार और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. इसमें पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में सभी समुदाय के लोगों ने होली त्योहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया. बैठक की अध्यक्षता करते सदर अंचल अधिकारी शैलेश कुमार ने कहा कि होली को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है. शहर मे सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी. भादवि की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है. इसमें कई तरह की पाबंदियां है. वहीं सुरक्षा को लेकर पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल को तैनात किया जा रहा है. रैपिड एक्शन फोर्स के साथ पैरा मिलिट्री फोर्स की टुकड़ी रिजर्व रहेगी.

### शराब पीकर गाड़ी चलाने पर वाहन सीज कर लिया जाएगा

कहा कि अति उत्साहित होकर कानून को नहीं तोड़ें. जो लोग विधि व्यवस्था को हाथ मे लेंगे. होली के नाम पर हुड़दंग मचाएंगे. पुलिस उनके साथ सख्ती से निपटेगी. होली के समय शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़े जाने पर वाहन सीज कर लिया जाएगा. शराब पीकर दूसरों पर उनकी इच्छा के विरुद्ध रंग डालने से बचें. निर्धारित समय सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक से अधिक समय तक संगीत बजाने की शिकायत पर सख्ती से निपटा जाएगा. अगर शरारती तत्वों ने शहर के होली के उत्सव की भावना को खराब करने की कोशिश की तो उन्हें कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा. शराब के कारण किसी भी कीमत पर माहौल नहीं बिगड़ना चाहिए. किसी भी डीजे संचालक या कार्यक्रम आयोजक को आपत्तिजनक, भड़काऊ और अश्लील गाने नहीं बजाना चाहिए. कहा किसोशल मीडिया पर आपत्तिजनक मैसेज भेजने से बचें.

### यूथ विंग ने वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों संग मनाई होली, लिया आशीर्वाद

**हजारीबाग।** यूथ विंग के पदाधिकारियों और सदस्यों ने वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों संग होली मनाई. हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारी और सदस्य शुक्रवार को शहर के दीपूगढ़ा स्थित ओल्ड ऐज होम पहुंचे. यहां बुजुर्गों के बीच प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फल, जूस, हॉरलिक्स, मिक्चर, बिस्कुट और दूध समेत कई जरूरत के सामानों का वितरण किया. इसके बाद होली के गीत पर बुजुर्गों संग खूब थिरके. एक-दूसरे को गुलाल लगाकर धूमधाम से होली मनाई. वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने यूथ विंग के सदस्यों को खूब आशीर्वाद दिया. बुजुर्गों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आप सभी दीर्घायु हो, हमेशा सेवा का कार्य करते रहें, अपने क्षेत्र में सफलता हासिल करें, हम सभी ईश्वर से यही कामना करते हैं. कार्यक्रम में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित वैली क्युएटी कमांडो विवेक तिवारी मुख्य रूप से शामिल थे. मंच संचालन कोषाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल ने किया.

### होली और शब-ए-बारात दोनों त्योहार हमें शांति और प्रेम का पाठ सिखाती है: लकड़ा

दूसरी तरफ चौपारण थाना परिसर में भी होली व रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक की गई. अध्यक्षता सीओ सह प्रभारी बीडीओ संतोष कुमार गुप्ता व संचालन बेला पंचायत के शिक्षाविद प्रधान-मुखिया शंभु नारायण सिंह ने किया. इस दौरान मुख्य रूप से बरही सर्कल इंस्पेक्टर विमल लकड़ा उपस्थित थे. सर्कल इंस्पेक्टर विमल लकड़ा ने कहा कि होली और शब-ए-बारात दोनों त्योहार हमें शांति और प्रेम का पाठ सिखाती है. उन्होंने प्रखंड वासियों से शांतिपूर्ण ढंग से होली व शब-ए-बारात तरीके से मनाने की अपील की. वहीं सीओ सह प्रभार बीडीओ संतोष ने कहा कि किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें. अगर कहीं पर किसी प्रकार की अफवाह हो, तो इसकी जानकारी तुरंत प्रशासन और पुलिस को दें.

# गोविंदपुर में होली मिलन समारोह

संवाददाता। कटकमसांडी



कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र कंचनपुर पंचायत के गोविंदपुर में होली मिलन समारोह हुआ. आर्यण युवा क्लब हेदलाग गोविंदपुर की ओर से फुटबॉल कोच रवि रंजन उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य अंजू बाला देवी भी शामिल हुईं. आर्यण युवा क्लब की महिला खिलाड़ी अंजली कुमारी ने उन्हें अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया. क्लब के युवा रंग गुलाल और डीजे धुन पर खूब थिरके. होली मिलन समारोह के मौके पर पंचायत समिति सदस्य अंजू बाला देवी, संयोजक भोला राणा, वार्ड सदस्य दीपक यादव, दिनेश राणा, फुटबॉल कोच रवि रंजन उर्फ गुड्डू, पवन कुमार, हिरामन यादव, कुणाल यादव, सुनील कुमार, शेखर कुमार, अजय कुमार, विरेन्द्र यादव, अभिषेक कुमार, सन्नी कुमार, धीरज कुमार, सुजीत कुमार, अमन कुमार, दीपक सत्यम कुमार, दुर्गेश कुमार, उजाला कुमार, राखी कुमारी, संतोष कुमार, सोनू कुमार, अंजली कुमारी, रानी कुमारी, मोहन कुमार, सुजीत कुमार, रंजन कुमार, मुंशी कुमार, प्रकाश कुमार उर्फ मानो, सोनी कुमारी, अमित कुमार, राहुल कुमार, राजेश कुमार, सुरज कुमार, पिंटू कुमार यादव, विशाल कुमार, गोपाल कुमार और गोपी भैया समेत कई युवा शामिल थे.

### चरही में क्षत्रिय समाज का होली मिलन समारोह

**चरही।** चुरचू प्रखंड के चरही बिरसा मैदान स्थित बीर कुवंर सिंह भवन में क्षत्रिय समाज के लोगों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. समारोह के पूर्व भगवती दुर्गा की तस्वीर को रखकर घी के दीपक को जलाकर विधिवत पूजा-अर्चना किया गया. समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे समाज के लोगों से परिचय प्राप्त किया गया. समारोह में आये मेहमानों को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया. सभी के माथे पर गुलाल-अबीर लगाया गया. समाज के लोगों ने बारी-बारी से संबोधित करते हुए कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को दूर करते हुए अपने बच्चों को शिक्षित करने पर ध्यान दें. साथ ही समाज को एकजुट करने के लिए प्रत्येक सप्ताह बैठक करें. इसके लिए सभी को आमंत्रित किया जाना चाहिए.

# होलिका दहन में तीन बातों का ध्यान रखें: पं राम कुमार

संवाददाता। रामगढ़



भुरकुंडा जवाहर नगर निवासी मां दुर्गा के उपासक पं रामकुमार पाठक होलिका दहन को नियम के साथ मनाने की बात कहते हैं. उनका कहना है कि होली और होलिका दहन में तीन बातों को ध्यान रखना चाहिए. प्रथम रात का समय हो, पूर्णिमा तिथि हो और भद्रा बीत चूका हो. इस वर्ष 24 तारीख, रविवार, चतुर्दशी तिथि दिन के नौ बजकर 24 मिनट तक है. इसके बाद पूर्णिमा तिथि प्रवेश कर रहा है जो कि 25 तारीख सोमवार को दिन 11-31 बजे तक है.

भद्रा 24 तारीख दिन 9-24 से रात्रि 10-27 बजे तक है. इसलिए होलिका दहन का शुभ मुहूर्त 24 तारीख रात्रि 10-30 बजे से 11-30बजे तक होना चाहिए. होली पर्व प्रतिपदा मे मनाना चाहिए. 25 तारीख सोमवार को पूर्णिमा दिन 11-30 बजे तक है. उसके बाद प्रतिपदा तिथि प्रवेश कर रही है. इसलिए सोमवार को दिन 11-30 बजे के बाद होली मनाया जा सकता है. कुछ का मत है कि उदय तिथि के प्रतिपदा मे होली मनाएं.

### युवक की मौत को लेकर ग्रामीणों ने की सड़क जाम

**केरेडारी।** भारी वाहन की चपेट में आने से बड़कागांव के कराली निवासी 35 वर्षीय बबलू भुइयां की गुरुवार को मौत हो गई. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया और प्रदर्शन करने लगे. करीब 25 घंटे तक ग्रामीणों ने सड़क जाम रखा. सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी एवं कई जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटवाने की कोशिश की. मगर आक्रोशित ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे. कोल कंपनी में परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का आश्वासन देने के बाद लोग माने और जाम हटाया. मृतक बबलू भुइयां के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं. मौके पर केरेडारी प्रमुख प्रतिनिधि प्रेम रंजन पासवान, थाना प्रभारी अजीत कुमार, केरेडारी सीओ राम रतन वर्णवाल, और ऋतिक कंपनी से अनुराग गुप्ता मौजूद थे. इनलोगों की मौजूदगी में 50,000 रुपये तुरंत और आपदा प्रबंधन के द्वारा 1,00,000 देने का आश्वासन दिया गया.

# आजसू की बैठक में संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा



संवाददाता। रामगढ़

चितरपुर स्थित आजसू प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को आजसू पार्टी की बैठक हुई. बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव सह प्रखंड प्रभारी लालचंद महतो मौजूद थे. इस दौरान पार्टी की मजबूती को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा हुई.

निर्णय लिया गया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा, ताकि पार्टी मजबूत हो सके. इस दौरान पंचायत प्रभारियों का भी चयन किया गया, ताकि पंचायत स्तर पर पार्टी मजबूत हो सके. मुख्य अतिथि ने कहा कि 2024 में हजारीबाग लोकसभा में एनडीए का परचम लहराएगा. इसको लेकर आजसू पार्टी द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुटने का निर्देश दिया. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक ने किया. इस दौरान कई लोगों को पंचायत प्रभारी बनाया गया. इसमें बोरोबिंग से ओम चौधरी व महिला लाली महतो, सुकरीगढ़ा से मलेश्वर नायक व नीलम देवी, मनोरमा देवी व अकिता कुमारी और चितरपुर पश्चिमी से इन्तेखाब आलम को प्रभारी नियुक्त किया गया.

### गौर पूर्णिमा महोत्सव में भंडारा का आयोजन

**हजारीबाग।** गौर पूर्णिमा महोत्सव श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को मटवारी गांधी मैदान में भंडारा का आयोजन हुआ. इसका आयोजन गौरांग सेवा फाउंडेशन द्वारा किया गया है. इस दौरान कृष्ण भक्तों द्वारा नरसिम्हा महायज्ञ और गुरुकुल के बच्चों द्वारा भव्य कीर्तन हुआ. वहीं भंडारा में चालीस से पचास हज़ार की संख्या में कृष्ण भक्तों के बीच में प्रसाद बांटा गया. अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक दास गदा धर दास प्रभु ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हर नगर में आयोजित होने चाहिए. गौरांग सेवा फाउंडेशन के निर्देशक ने कहा कि अब बारी है आंतरिक परिवर्तन लाने की. वहीं विकास के साथ-साथ आंतरिक विकास की ओर ध्यान देने की भी जरूरत है. समाज में बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए अध्यात्म की ओर जोड़ने का प्रयास करना चाहिए. कहा कि नगर विकसित होगी तो राज्य विकसित होगा. राज्य विकसित होगा तो राष्ट्र विकसित होगा. मौके पर कार्यक्रम संयोजक उतान पाद प्रभु मौजूद थे.

### प्रखंडों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# मतदान करने का लिया संकल्प

संवाददाता। रामगढ़



**करेंगे मतदान**

- आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत किया जागरूक
- छावनी परिषद में भी चलाया गया जागरुकता अभियान

लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर निर्वाचन आयोग गंभीर है. इसके तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरुकता कोषांग को रचनात्मक तरीके से विभिन्न प्रतियोगिताओं और कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्देश दिया गया है.

इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा शुक्रवार को जिले के प्रखंडों में आंगनबाड़ी सहिया सेविका के द्वारा स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान अपने-अपने क्षेत्र में "वोट करेगा रामगढ़, 20 मई" "चुनाव का पर्व देश का गर्व" आईएम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरुकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया. उपस्थित मतदाताओं को मतदाता जागरुकता को लेकर रैली व मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया. इसी क्रम में छावनी परिषद स्थित पुस्तकालय में अध्ययन करने वाले सैकड़ों छात्रों ने मतदाता जागरुकता अभियान में हिस्सा लिया. सभी ने आगामी चुनाव में मतदान करने का संकल्प भी लिया. आंगनबाड़ी सहिया सेविका के द्वारा चितरपुर प्रखंड अंतर्गत लगाए जाने वाले हाट बाजारों में आगामी चुनाव में सभी से अपने मतों का प्रयोग करने की अपील की गयी. मतदाताओं को आगामी चुनाव, जो रामगढ जिले में 20 मई को होना है, उसकी जानकारी दी गई. ईवीएम वीवीपीएट मशीन से मतदान करने की सही प्रक्रिया के बारे में बताया गया.

**लोस चुनाव**

### हजारीबाग सीट से भाजपा के मनीष जायसवाल के लिए आसान नहीं है चुनावी डगर

# दोस्त थे तो साथ थे, अब चुनावी दंगल में करेंगे दो-दो हाथ

प्रमोद उपाध्याय । हजारीबाग

चंद लम्हों का रहा साथ, अब होंगे दो-दो हाथ...यह वाक्या लोकसभा चुनाव के दौरान हजारीबाग में होने जा रहा है. चंद लम्हे इसलिए कि पिछले ही विधानसभा चुनाव में दल बदल कर मांडू के झामुमो विधायक जयप्रकाश भाई पटेल भाजपा में पूरे तामझाम के साथ शामिल हुए थे और लोकसभा चुनाव आते-आते पाला बदल लिया. अब वह कांग्रेस में शामिल हो गये और हजारीबाग सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं. हालांकि कांग्रेस ने अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है. जब जेपी भाई भाजपा में शामिल हुए थे, तो हजारीबाग सदर विस क्षेत्र के विधायक मनीष जायसवाल ने उनका स्वागत किया था. अपने सबसे बड़े स्पोर्ट्स टूर्नामेंट नमो फुटबॉल का उद्घाटन तक उनसे कराया था. सदर और मांडू विधायकों की गलबहियां भी बढ़ गई थीं. लेकिन यह सियासत है, कब वक्त बदल जाए और दूरियां बढ़ जाएं, कोई नहीं जानता. बस अवसर की तलाश रहती है. तब शायद किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि दोनों दोस्त सहसा सियासी प्रतिद्वंद्वी बनकर एक-दूसरे को टक्कर देंगे. अब लोकसभा चुनाव में यह हकीकत में बदल सकता है. मनीष जायसवाल तैयारी में जुटे गए हैं. पटेली भी तैयारी कर रहे हैं.चुनाव में हजारीबाग लोकसभा सीट पर रोमांचक मुकाबला होगा, यह तो तय माना जा रहा है.

**मनीष की राह आसान नहीं**

देखा जाय तो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी मनीष जायसवाल की राह उतनी आसान नहीं रह गई है, जैसा कल तक था. इस सियासी महाभारत में उनके सारथी बने डॉ केपी शर्मा को भी चाणक्य की भूमिका में आना होगा. वैसे भी वर्तमान राजनीति साम, दाम, दंड, भेद से इतर नहीं मानी जाती है. ऐसे में चाणक्य नीति में कौन किस पर भारी पड़ेगा, यह तो भविष्य के गर्भ में है, लेकिन पलड़ा दोनों तरफ बराबर है.



**कड़ा मुकाबला**

- दोनों ही प्रत्याशी ओबीसी से ताल्लुक रखते हैं
- क्षेत्र में दोनों प्रत्याशियों का पलड़ बराबर माना जाता है

**भाजपा के लोगों को एकजुट रखना होगा**

मनीष के पिता बादल जायवाल की भी अपने इलाके में खासी पहचान रही है. वैसे मनीष चुनावी तैयारी में जोरशोर से जुट गये हैं. लोगों से लगातार संपर्क कर रहे हैं. पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के एकजुट रखने की भी चुनौती उनके सामने है. वैसे हजारीबाग सदर क्षेत्र में तो उनकी पकड़ रही है, लेकिन पूरे लोकसभा क्षेत्र में प्रतिद्वंद्वी से निबटने की भी चुनौती होगी. जयंत सिन्हा का टिकट कटने से भाजपा का एक खेमा नाराज चल रहा है. भितरघात से बचने और नाराज नेताओं को जोड़े रखने के लिए उन्हें अलग पसीना बहाना पड़ सकता है.

# अमर बाउरी, भानु व नवीन ने मनीष जायसवाल के साथ की चुनावी मंत्रणा



संवाददाता। हजारीबाग

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टियों ने तैयारी शुरू कर दी है. शुक्रवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के हजारीबाग स्थित आवास पर झारखंड प्रदेश के भाजपा विधायक दल के नेता सह चंदनकियारी विधायक अमर कुमार बाउरी पहुंचे. उनके साथ भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही, गोड्डा विधायक अमित मंडल और हटिया विधायक नवीन जायसवाल भी थे. भाजपा के सभी विधायकों ने मनीष से चुनावी मंत्रणा की और आगे की चुनावी रणनीति पर विशेष चर्चा की. वहां पर सभी विधायकों का भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने भव्य स्वागत किया. सभी ने कहा कि एनडीए के सांसद प्रत्याशी मनीष ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे.



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** पंचम चंद्र है. शिक्षण संस्थान से कोई शुभ समाचार मिलेगा. बदनामी भी हो सकती है, पर मन में आत्मविश्वास भरपूर रहेगा. परिवार में आपका प्रभाव अच्छा रहेगा. वर्तमान में माता से लगाव अधिक रहेगा. स्फटिक या सफेद वस्तु का दान करें.

**वृषभ** भाई-बहन के साथ कहीं घूमने का मौका मिलेगा. शरीर में शक्ति की कमी महसूस करेंगे. अपने कार्य को आत्मविश्वास के साथ करें, परंतु सावधानी भी रखें. किसी कार्य में एकाग्रता की कमी से गलती हो सकती है.

**मिथुन** मन में एक उलझन होगा, पर आपकी वाणी प्रभावपूर्ण रहेगी. धन के आगमन के योग हैं. मामा पक्ष से भी लाभ मिलने की संभावना है. लोगों के बीच लीडरशिप करने का मौका मिलेगा. अन्न दान करें.

**कर्क** समय बहुत ही अच्छा है. कोई बड़ा धन मिलेगा. साथ ही डूबा धन मिलेगा. पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. अतिक्रोध से बचें. परिस्थिति अपने अनुकूल न होने पर भी संयम रखें. वाणी पर नियंत्रण रखें. शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करें.

**सिंह** मानसिक सुख में वृद्धि होगा. कोई पुराना कानूनी मामले सुलझने की संभावना है. बाहर की यात्रा का भी योग बनता है. अचानक से धन प्राप्ति के भी योग बनते हैं. मन भी खुश रहेगा. सूर्य को अर्घ्य दें.

**कन्या** बाहरी वातावरण आनंददायक होगा, जिससे प्रफुल्लित रहेंगे. पिता द्वारा व्यापार में सहयोग प्राप्त हो सकता है. कार्यक्षेत्र में कुछ अस्थिरता के योग बनते हैं. वाणी में संयम रखें. धन अधिक खर्च होने के भी योग बनते हैं.

**तुला** समय बहुत ही अच्छा है. आपकी मेहनत का फल मिलेगा. एकाग्रता बढ़ेगी. कार्य के प्रति गंभीरता में वृद्धि होगी. जीवनसाथी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. दिमाग अधिक सक्रिय रहेगा. स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है. इत्र का दान लक्ष्मी मंदिर में करें.

**वृश्चिक** पिता के कार्य में गति मिलने से धन की वृद्धि होगी. धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी. रोजगार के अवसर मिलेंगे. माता का ध्यान अधिक रखेंगे. माता-पिता धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. स्त्री जाति का कार्यक्षेत्र में पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा.

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा. मन में किसी चीज़ को लेकर तनाव की वृद्धि होगी. धन की स्थिति और मजबूत होगी. धार्मिक यात्रा के योग बनते हैं. आपके विचारों में भिन्नता भी रहेगी, परंतु सामंजस्य बनाए रखें. गाय को घास दें.

**मकर** गुप्त रोग से संबंधित शिकायत हो सकती है. उन्हें त्वचा या श्वसन संबंधित रोग हो सकता है. अधिक क्रोध न करें. कानूनी कार्यों में रुकावट आ सकती है. कोई काम बहुत जल्दीबाजी में नहीं करें. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**कुंभ** जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का योग बन रहा है. कार्यक्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण यात्रा हो सकती है. संतान से संबंधित शुभ समय है. स्थायी संपत्ति से लाभ मिलेगा. धन की आय के अच्छे अवसर उपस्थित होंगे.

**मीन** यदि बहुत जरूरी नहीं हो तो ऋण लेने से बचना चाहिए. माता का आशीर्वाद आपको प्राप्त होगा. आपके द्वारा, संतान पर धन खर्च होगा. आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है. बड़ा निवेश से बचें. मिठाई का दान करना चाहिए

### जमशेदपुर में कोई पार्टी या प्रत्याशी लगातार तीन बार नहीं जीत सका है चुनाव, भाजपा ने अबतक छह बार दर्ज की जीत

# जीत की हैट्रिक लगाएंगे विद्युत वरण महतो या इतिहास दोहराया जाएगा

**लोकसभा चुनाव 2024**

**कुल मतदाता**
**18,41,646**

| महिला | पुरुष |
|---|---|
| 9,17,272 | 9,24,246 |

**ट्रांसजेंडर : 28**

**प्रवीण कुमार। रांची**

जमशेदपुर लोकसभा सीट पर इस बार दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा. सीट बंटवारे को लेकर फंसे पेंच की वजह से अबतक यह फैसला नहीं हो पाया कि इंडिया गठबंधन से कांग्रेस चुनाव लड़ेगी या फिर झामुमो. उधर, भाजपा ने तीसरी बार यहां से विद्युत वरण महतो को अपना प्रत्याशी बनाया है. जमशेदपुर लोकसभा सीट में भाजपा के अंदर खींचतान की वजह से इस बार विद्युत वरण के सामने कई चुनौतियां हैं. अगर इस सीट के इतिहास को देखें तो कोई भी यहां से तीन बार सांसद नहीं बन पाया है. अबतक मात्र तीन सांसद ही दो-दो बार चुनाव जीत पाये हैं. 1989 और 1991 में झामुमो प्रत्याशी शैलेंद्र महतो जीते थे. इसके बाद 1998 और 1999 में भाजपा से आभा महतो जीतीं. 2014 और 2019 में भाजपा से ही विद्युत वरण महतो जीते, लेकिन इस बार यह देखना दिलचस्प होगा कि विद्युत वरण महतो तीसरी बार जीत का हैट्रिक लगाते हैं या फिर जमशेदपुर का इतिहास खुद को फिर से दोहराता है.

- **नीतीश भारद्वाज ने पहली बार भाजपा को दिलाई जीत :** जमशेदपुर लोकसभा सीट महाभारत सीरियल के कृष्ण नीतीश भारद्वाज, माले नेता उदय शंकर मिश्रा, रुद्र प्रताप षाड़ंगी, अर्जुन मुंडा और बीआर चोपड़ा समेत कई बड़े चेहरे भाग्य आजमा चुके हैं. 1957 में पहली बार हुए चुनाव में यहां कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी, लेकिन 1984 के बाद से कभी भी कांग्रेस यहां से नहीं जीत पाई. 1996 में जमशेदपुर में पहली बार भाजपा ने सेंधमारी की. नीतीश भारद्वाज ने यह सीट जीतकर भाजपा की झोली में डाली. इसके बाद 1998, 1999, 2009, 2014 और 2019 में भाजपा यहां से जीतती रही. कुल मिलाकर भाजपा यहां 6 बार चुनाव जीत चुकी है.
- **पहली बार कांग्रेस ने जमशेदपुर सीट जीता :** जमशेदपुर लोकसभा सीट पर 1957 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी. एमके घोष चुनाव जीतकर जमशेदपुर के पहले सांसद बने थे. घोष को 35.5 % वोट मिले, जबकि झारखंड पार्टी के उम्मीदवार एरिक डिकोस्टा को 29.5 % वोट प्राप्त हुए थे.
- **1962 में सीपीआई ने कब्जा जमाया :** 1962 के लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर सीट पर सीपीआई ने कब्जा जमा लिया. उदय शंकर मिश्रा ने सीपीआई की टिकट पर चुनाव जीता. इस बार कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी बदल दिया था. उदय शंकर मिश्रा का 41.3 % वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी एनसी मुखर्जी को 30.4 % वोट प्राप्त हुए.
- **1967 में कांग्रेस ने सीपीआई से छीन ली सीट:** 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने यह सीट सीपीआई से छीन ली. इस बार भी कांग्रेस ने यहां प्रत्याशी बदल दिया था. कांग्रेस ने सुरेश चंद्र प्रसाद को चुनाव लड़वाया था, जबकि सीबीआई से उदय शंकर मिश्रा ही प्रत्याशी थे. इस चुनाव में कांग्रेस को 35.5 % और सीपीआई को 16.5 % वोट मिले थे.




- **1971 में भी कांग्रेस ने जमाया कब्जा :** 1971 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने फिर से अपना प्रत्याशी बदल दिया. इस बार उसने सरदार सरवन सिंह को उतारा. उधर, सीपीआई ने भी कैंडिडेट बदल दिया. कांग्रेस को 26.6 % वोट मिले, जबकि सीपीआई प्रत्याशी केदार दास को 26.5 % वोट मिले. हार-जीत का अंतर 1000 से कम वोटों का था.
- **1977 में भारतीय लोक दल ने की सेंधमारी :** 1977 के लोकसभा चुनाव में भी यहां से कांग्रेस प्रत्याशी बदल दिया और इस बार उसे नुकसान हो गया. कांग्रेस को हराकर भारतीय लोक दल ने जमशेदपुर सीट पर कब्जा जमा लिया. भारतीय लोक दल के प्रत्याशी रुद्र प्रताप सारंगी को 48.7 % और कांग्रेस प्रत्याशी वीजी गोपाल को 25.5 % वोट मिले थे.
- **1980 में जनता पार्टी ने जीत की दर्ज :** 1980 के लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस ने प्रत्याशी नहीं बदला, लेकिन वह चुनाव हार गई. उधर, रुद्र प्रताप सिंह ने जनता पार्टी से चुनाव लड़ा. रुद्र प्रताप सिंह को 28.5% वोट मिले थे, जबकि वीजी गोपाल को 25.3% वोट मिले.
- **1984 में फिर कांग्रेस ने कब्जा जमाया :** 1984 के लोकसभा चुनाव में फिर से कांग्रेस ने जमशेदपुर पर कब्जा जमाया. इस बार फिर प्रत्याशी बदले गये. कांग्रेस से गोपेश्वर कुमार को टिकट दिया गया था. 44.4 % वोट लाकर वे चुनाव जीते. वहीं, सीपीआई से उम्मीदवार टीकाराम मांझी दूसरे नंबर पर रहे. उन्हें 29.5 % वोट मिले थे.
- **1989 में झामुमो का पदार्पण :** 1989 के लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर सीट पर झामुमो का पदार्पण हुआ. झामुमो ने पहली बार यहां शैलेंद्र महतो को चुनाव लड़वाया. 26.3% वोट के साथ उन्होंने जमशेदपुर पर कब्जा जमाया. उधर, कांग्रेस के प्रत्याशी चंदन बागची को 24.7% वोट मिले थे. इस बार भी कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार बदला था.
- **1991 में फिर चली झामुमो की लहर :** 1991 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से झामुमो ने इस सीट पर कब्जा किया. इस बार भी शैलेंद्र महतो ही झामुमो के प्रत्याशी थे. वे 39.3 % वोट लाकर चुनाव जीते, लेकिन इस बार दूसरे नंबर पर भाजपा आ गई. उसे 28.5% वोट मिले. कांग्रेस 16.8 % वोट के साथ तीसरे नंबर पर आई.

### खास बातें

- नीतीश भारद्वाज समेत कई बड़े चेहरे आजमा चुके हैं भाग्य
- कांग्रेस 67 सालों में सिर्फ चार ही बार जीत पाई है चुनाव
- 1996 में भारतीय जनता पार्टी ने जमशेदपुर सीट पर की सेंधमारी

- **1996 में भाजपा ने की सेंधमारी :** 1996 में जमशेदपुर सीट पर पहली बार भाजपा ने सेंधमारी की. टीवी सीरियल ''महाभारत'' के श्रीकृष्ण नीतीश भारद्वाज भाजपा के टिकट पर 32.9 % वोट लाकर चुनाव जीते. वहीं जनता दल से इंदर सिंह नामधारी चुनाव लड़े. 24.7 % वोट के साथ वे दूसरे नंबर पर रहे. झामुमो तीसरे नंबर पर पहुंच गई.
- **1998 में फिर भाजपा जीती :** 1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने अपना उम्मीदवार बदल दिया. भाजपा ने आभा महतो को टिकट दिया. इसका फायदा भी पार्टी को मिला और भाजपा 41% वोट के साथ चुनाव जीत गई. वहीं, निर्दलीय उम्मीदवार रूसी मोदी 27.5 %वोट के साथ दूसरे नंबर पर रहे.
- **1999 में भी जीतीं आभा महतो :** 1999 की लोकसभा चुनाव में एक बार फिर आभा महतो ने भाजपा की टिकट पर जीत दर्ज की. उन्हें 44.9 % वोट प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस के घनश्याम महतो को 25.8 % वोट मिले. वहीं, झामुमो के प्रत्याशी सुनील महतो को 12.7 % वोट प्राप्त हुए.
- **2004 में फिर झामुमो का कब्जा :** बिहार से अलग होकर बने झारखंड राज्य में 2004 में लोकसभा चुनाव हुए. जिसमें जमशेदपुर पर फिर झामुमो का कब्जा हो गया. झामुमो प्रत्याशी सुनील कुमार महतो ने 51% वोट के साथ इस सीट पर कब्जा किया. वहीं, भाजपा प्रत्याशी आभा महतो को 37.4 % ही वोट मिले.
- **2009 में अर्जुन मुंडा जीते :** 2009 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर परिवर्तन हुआ. भाजपा ने अर्जुन मुंडा को प्रत्याशी बनाया. अर्जुन मुंडा ने 45.3 % वोट हासिल कर चुनाव जीता. वहीं, झामुमो प्रत्याशी सुमन महतो को 28.3% वोट मिले थे. झारखंड विकास मोर्चा ने उम्मीदवार उतारा था, जिसे 11.2% वोट प्राप्त हुए थे.
- **2014 में भाजपा से जीते विद्युत वरण :** 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने जमशेदपुर से अपना उम्मीदवार बदल दिया. अर्जुन मुंडा की जगह विद्युत वरण महतो मैदान में उतारे. उन्हें चुनाव में 44.30 % वोट प्राप्त हुए थे, वहीं झारखंड विकास मोर्चा के प्रत्याशी अजय कुमार दूसरे नंबर पर थे. उन्हें 34.7 % वोट मिले थे.
- **2019 में फिर जीते विद्युत :** 2019 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर यह सीट बीजेपी के खाते में गई और विद्युत वरण महतो दूसरी बार यहां से भाजपा के सांसद बने. भाजपा को 59.4 % वोट मिले, जबकि झामुमो प्रत्याशी चंपाई सोरेन दूसरे नंबर पर रहे. उन्हें 33 % वोट मिले थे.

### सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में विश्व जल दिवस के दौरान गूंजा नारा-

# 'पानी बचाने का करो यत्न क्योंकि जल है बहुमूल्य रत्न'

- पानी बचाने के लिए जागरूकता फैलाने का संदेश

**मुख्य संवाददाता। जमशेदपुर**

सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल में शुक्रवार को विश्व जल दिवस मनाया गया. इसमें स्कूल की केजी से लेकर 12वीं कक्षा तक की सभी छात्राओं ने हिस्सा लिया. कार्यक्रम में छात्राओं ने नृत्य, योग, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से अपने परिवार और पड़ोस में पानी बचाने के लिए जागरूकता फैलाने का संदेश दिया. स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर रश्मिता एसी ने छात्राओं को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मौजूदा वर्ष 2024 के लिए तय की गई थीम 'शांति के लिए जल' का पालन करके, विश्व जल दिवस मनाने के लिए प्रोत्साहित किया.

उन्होंने बताया कि हर साल 22 मार्च को विश्व जल दिवस मनाया जाता है. इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों को पानी बचाने के लिए शिक्षित करना है, ताकि पृथ्वी पर हर कोई शांति और खुशी से रह सके. उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति पानी का संरक्षण करेगा और उसे बर्बाद नहीं करेगा तो आने वाली पीढ़ियों को पानी की कमी नहीं होगी. इसलिए हमें हमेशा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम पानी बर्बाद न करें. स्कूल के पर्यावरण क्लब की संचालक शिक्षिका समर्पिता ने छात्राओं को अपने और अपने आसपास पानी बचाने के लिए जल बचाओ, पानी बचाओ' का नारा दिया. 'पानी बचाने का करो यत्न, क्यों की पानी है बहुमूल्य रत्न'... का नारा देते हुए उन्होंने कहा कि अगर हम जल बर्बाद करेंगे, तो आने वाली पीढ़ी जल की एक बूंद के लिए तरस जाएगी. इसलिए इस जल दिवस पर आओ हाथ से हाथ मिलाएं और सभी मिलकर जल को बचाएं.



## जेके कॉलेज में मनाया गया विश्व जल दिवस समारोह

**घाटशिला।** सालबनी स्थित जामिनी कल्याणी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट सांइस एंड कॉमर्स में शुक्रवार को विश्व जल दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया. मौके पर प्रो. सुशांति कुमारी ने विश्व जल के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल ही जीवन है, इसलिए जल को बचाकर रखना है. आने वाली पीढ़ी के लिए इसकी जानकारी दी. इसमें डिग्री और बीएड दोनों संकाय के छात्र छात्राएं उपस्थित थे. विश्व जल दिवस के अवसर पर भाषण प्रतियोगिता में बीएड कि छात्रा बबीता महतो का प्रथम स्थान रहा है और बंदना सोरेन ने द्वितीय स्थान प्राप्त की. समापन के दौरान होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि हमारा देश विभिन्नताओं का देश है, फिर भी हम सब एक हैं.



## होली मिलन समारोह में विद्यार्थियों ने खेला अबीर-गुलाल

**घाटशिला।** ऑक्सफोर्ड कान्वेंट स्कूल दाहीगोडा में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में किया गया. होली मिलन समारोह के दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. मौके पर विद्यालय की सचिव शिल्पी सरकार ने विद्यार्थियों को होली के महत्व पर जानकारी देते हुए कहा कि देश अनेकताओं में एकता है. कई समुदाय के लोग हैं परंतु हम एक दूसरे के साथ आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए एक दूसरे का त्योहार खुशी से मनाते हैं. होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है. इसलिए आपस में मिलकर त्योहार मनाएं.



# चुनाव को लेकर शॉर्ट फिल्म 'लोकतंत्र' की शूटिंग हुई पूरी



**संवाददाता। जमशेदपुर**

उदय मूवीज के बैनर तले शनिवार को आगामी लोक सभा चुनाव और विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक शॉर्ट मूवी 'लोकतंत्र' की शूटिंग पूरी हो गई है. इस फिल्म को सोनारी स्थित उदय मूवीज स्टूडियो में शूट किया गया है. फिल्म में मुख्य रूप से रतन टाटा पर गीत गाकर चर्चित हुए गायक अजीत अमन, शहर के जानेमाने रंग मंच कलाकार व अभिनेता कन्हैया लाल, अभिनेत्री हेमा साहू ने अभिनय किया है. इस मूवी के निर्देशक व निर्माता शहर के जाने माने फिल्म मेकर उदय साहू हैं. निर्देशक उदय साहू ने बताया कि वे फिल्म के माध्यम से लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के अधिकार को बताया गया है. एक परिवार का सदस्य जो अपने देश से दूर सात समुंदर पार नौकरी करता है, लेकिन जैसे ही उसे मतदान तिथि की जानकारी मिलती है, वह भागे-भागे अपना देश लौट आता है. अपने देश के प्रति उसके मन में ललक होता है. देश प्रेम यहां झलकता है. गायकी के साथ अभिनय करने वाले अजीत अमन ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व पर बन रही शॉर्ट फिल्म का हिस्सा बनकर उन्हें काफी खुशी है. उन्होंने कहा कि देश की मजबूती के लिए सभी नागरिकों को मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए. इस फिल्म की शूटिंग डीओपी सोलमन दास ने किया है. इसके अलावे मनोज पांडे और हरिदर्शन सिंह ने भी योगदान दिया है.

## लोस चुनाव की ट्रेनिंग का निरीक्षण करने पहुंचे डीसी

**नोवामुंडी।** शुक्रवार को जिला उपायुक्त के द्वारा गुवा स्थित सेल कर्मियों को दिए जा रहे निर्वाचन प्रशिक्षण का निरीक्षण किया, जिसमें उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, आईटीडीए डायरेक्टर स्मिता कुमारी, सहायक समाहर्ता श्रुति राजलक्ष्मी की उपस्थिति में निर्वाचन को सफल बनाने पर विचार-विमर्श किया गया. उपायुक्त के द्वारा निर्वाचन कार्य के संबंध में कर्मानुक्रम पोलिंग पार्टियों के ठहराव, डिस्पैच सेंटर से सुरक्षित रूप से क्लस्टर में ठहराव एवं वीवीपीएटी मशीनों को वज्र ग्रह में रखने के तरीके तथा मतदान के दिन निर्वाचन कार्य को सफल बनाने के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई.

## पेज एक का शेष

### केजरीवाल को 6 दिन की ईडी...

**केजरीवाल ने गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट से दायर याचिका वापस ली :** अरविंद केजरीवाल ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर की गयी याचिका शुक्रवार को वापस ले ली. इससे कुछ घंटे पहले उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को ही इस याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जता दी थी. शीर्ष अदालत ने पूर्वाह्न 10 बजकर 45 मिनट पर कहा था कि तीन-सदस्यीय पीठ केजरीवाल की याचिका की सुनवाई दिन में करेगी, लेकिन मुख्यमंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया और कहा कि वह शीर्ष अदालत से याचिका वापस लेने की अनुमति चाहते हैं.

**केजरीवाल की गिरफ्तारी प्रतिशोध की राजनीति : कांग्रेस :** कांग्रेस ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को 'प्रतिशोध और उत्पीड़न की राजनीति' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि इस तरह के कदम से 'इंडिया' गठबंधन और एकजुट होगा क्योंकि यह गठबंधन नहीं, बल्कि 'जनबंधन' है. पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह बौखलाए हुए हैं यह बिल्कुल साफ हो गया है कि इस चुनाव में जनादेश हमें ही मिलने वाला है इसलिए उन्होंने पहले झारखंड के मुख्यमंत्री (हेमंत सोरेन) को गिरफ्तार किया और अब दिल्ली के मुख्यमंत्री (केजरीवाल) को गिरफ्तार किया है और कई नेताओं के पीछे आयकर, सीबीआई और ईडी को छोड़ दिया है.

**केजरीवाल ने मेरी एक नहीं मानी : अन्ना हजारे :** केजरीवाल के गुरु कहे जाने वाले अन्ना हजारे ने कहा कि केजरीवाल को उनके कर्मों की सजा मिल रही है. अन्ना ने कहा कि ये सब उनकी शराब नीति के चलते हुआ है. उन्होंने कहा कि मुझे दुख इस बात का है कि केजरीवाल मेरे साथ शराब के खिलाफ आवाज उठाते थे, लेकिन अब वो शराब पर नीति बना रहे हैं. अन्ना ने अपने गांव रालेगण सिद्धि से जारी एक बयान में कहा कि मुझे दुख है कि केजरीवाल जैसे आदमी ने मेरे साथ काम किया. अन्ना ने कहा कि केजरीवाल को उनके कर्मों का फल मिल रहा है. अन्ना ने कहा कि मुझे और कुछ नहीं कहना है, जो भी आगे होना है, वो सरकार को करना है. अन्ना ने आगे कहा कि मैंने केजरीवाल को शराब नीति को लेकर दो बार चिट्ठी तक लिखी, लेकिन उन्होंने मेरी एक नहीं मानी.

**सूचना** इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने मीडियाकर्मियों को आवश्यक श्रेणी में रखा है

# पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे मीडियाकर्मी

**विशेष संवाददाता। रांची**

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने मीडिया कर्मियों को आवश्यक श्रेणी में रखा है. लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव कवरेज के दौरान अपने कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान इन्हें वोटिंग की सुविधा प्रदान की गयी है. वैसे सभी मीडियाकर्मी, जिन्हें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कवरेज के लिए 'प्राधिकार पत्र' जारी किया गया है, इस बार पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे. यह जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने दी.



**ऐसे प्राप्त कर कसते हैं पोस्टल बैलेट:** रवि कुमार ने बताया कि मीडियाकर्मी अपने संबंधित जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं निर्वाची पदाधिकारी कार्यालय से फॉर्म-12 डी प्राप्त कर सकते हैं. इसके अलावा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के अधिकृत वेबसाइट से फॉर्म-12 डी डाउनलोड किया जा सकता है.

### दी जानकारी

- बैलेट केंद्र सुबह 9 से शाम 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे
- वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं फॉर्म-12 डी

### फॉर्म कहां और कैसे जमा करें

चुनाव की अधिसूचना के 5 दिनों के भीतर नोडल पदाधिकारी के प्रमाण पत्र के साथ उक्त फॉर्म को संबंधित निर्वाची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा किया जाएगा.

### मतदान के छह दिन पूर्व ही कर सकते हैं मतदान

चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मतदान दिवस के 6 दिन पूर्व से निर्धारित मतदान दिवस के 3 दिन पूर्व तक मीडिया कर्मी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना महत्वपूर्ण वोट दे सकते हैं. उक्त 3 दिनों के दौरान पोस्टल बैलेट केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यरत रहेंगे. पोस्टल बैलेट केन्द्र संबंधित निर्वाची पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया जायेगा, जहां मीडिया कर्मियों को भरे हुए पोस्टल बैलेट जमा करना होगा.

# जल्द चिकित्सक बहाल नहीं होगा तो होगा जन आंदोलन : बहादुर



**संवाददाता। घाटशिला**

घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञ तथा जनरल फिजिशियन की पदस्थापना नहीं होने से नाराज माझी पारगाना माहाल (मापम) के प्रतिनिधी मंडल ने शुक्रवार को अनुमंडल अस्पताल पहुंचे. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के अनुपस्थिति में मापम के प्रखंड अध्यक्ष बहादुर सोरेन ने प्रधान लिपिक से मिलकर नाराजगी व्यक्त की. अनुमंडल अस्पताल के प्रधान लिपिक संग्राम मुर्मू ने जानकारी दी कि अस्पताल में 14 चिकित्सकों के स्थान पर मात्र 8 चिकित्सक ही कार्यरत है. 83 स्वास्थ्य कर्मियों के स्थान पर 22 कर्मी ही पदस्थापित है. इसके अलावा सफाईकर्मी, ड्रेसर सहित अन्य मैनपॉवर की काफी कमी है. बहादूर सोरेन ने कहा कि यदि जल्द से जल्द चिकित्सक बहाल नहीं होता है, तो इस मुद्दे को जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा.

Before the Notery public Ranchi

**AFFIDAVIT**

I, RUMA ADHIKARI W/O DIPTESH CHANDRA ADHIKARI, R/O Latdag,Chharda, District Gumla - 835214 Jharkhand do here by solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That I am Indian citizen and my permanent address is at Latdag, Chharda, District Gumla - 835214 Jharkhand presently I am residing at H-99 Harmu Housing Colony. Harmu, Ranchi - 834002.
2. That MANAS CHANDRA ADHIKARI is my son His date of birth is 3 Sept. 2009 and a birth certificate has already been issued by the Registrar, Birth & Death, Ranchi Municipal Corporation vide Registration No. 2516 Date 5 Feb. 2011.
3. That correct name of my son is MANAS CHANDRA ADHIKARI but by mistake the name of my son has been wrongly mentioned as MANAT CHANDRA ADHIKARI which is wrong and incorrect.
4. That now it is require for Correction the name of my son as MANAS CHANDRA ADHIKARI instead of MANAT CHANDRA ADHIKARI in the birth certificate by the Registrar, birth & death, Ranchi Municipal Corporation and after that please issue a fresh birth certificate in english Bar-code.

Hence I am swearing this Affidavit. All statements made above are true to the best of my knowledge & belief, if found wrong I shall be responsible for the same.

Aff. No. 51/16-09-23

## पारदर्शी चुनाव की बाधाएं

समान अवसर के बगैर किसी भी लोकतांत्रिक चुनाव की परिकल्पना संभव नहीं है. बांग्लादेश में विपक्ष के तमाम नेताओं को जेल में बंद कर सत्तापक्ष की नेता शेख हसीना ने चुनाव जीत लिया. अमेरिका सहित दुनिया के कुछ देशों ने असंतोष जरूर जताया, लेकिन फिर सब कुछ सामान्य हो गया. पड़ोसी देश पाकिस्तान के सबसे बड़े नेता इमरान खान को जेल में बंद किया गया, उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न तक छीन लिया गया, बावजूद उनकी पार्टी दो तिहाई सीट जीत गयी, लेकिन उसे तकनीकी तौर पर हरा दिया गया. पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने सैनिक शासकों के इशारे पर उनकी मनपसंद पार्टियों को संसद में बहुमत दिलवा दिया. रूस में पहले विपक्ष के नेता नवलनी की हत्या करा दी गयी और उसके बाद हुए एक तरफा चुनाव में पुतिन जीत गए. इन प्रक्रियाओं के बावजूद लोकतंत्र का नाम लेने वालों की कमी नहीं है. भारत एक परिपक्व लोकतंत्र तो जरूर है, लेकिन कुछ ऐसे सवाल उठ रहे हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है. विपक्ष के नेताओं को केंद्रीय एजेंसियां निशाने पर ले रही है. झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है. जिस शराब घोटाले के नाम पर उनकी गिरफ्तारी हुई है, उसी में दिल्ली के उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह कई महीनों से जेल में हैं. इसी पार्टी के एक अन्य मंत्री भी जेल में हैं. इसी तरह के शराब घोटाले के आरोप में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को भी गिरफ्तार किया गया है. ईडी ने जिन नेताओं पर मामले दर्ज कर रखे हैं, उनमें से 95 प्रतिशत विपक्षी दल से जुड़े हैं. इलेक्टोरल बांड्स में एजेंसियों की जांच और चंदा देने के बाद जांच बंद किए जाने की घटना प्रकाश में आ चुकी है. यही नहीं, विपक्ष के सबसे बड़े दल कांग्रेस के सारे बैंक अकाउंट फ्रीज कर दिए गए हैं. कांग्रेस के नेताओं ने इसे लोकतंत्र को फ्रीज किए जाने की संज्ञा दी है. तो क्या भारत विपक्ष मुक्त किए जाने की दिशा में जा रहा है. यह एक ऐसा सवाल है, जिसका जवाब सत्ता पक्ष और अन्य संवैधानिक संस्थाओं को देना चाहिए. पारदर्शी, स्वतंत्र और स्वच्छ चुनाव की राह में ये बड़ी बाधाएं हैं. बड़ा सवाल तो यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा पारदर्शी और परिपक्व लोकतंत्र है तो विपक्ष की भी उसमें बड़ी भूमिका है. भारत को बारंबार 'लोकतंत्र की जननी' बतलाने वाले लोकसभा का चुनाव लड़ने के मार्ग में विपक्ष के लिए अड़चनें पैदा कर रहे हैं. कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने बतलाया कि किस प्रकार से पार्टी के आगे बड़ा वित्तीय संकट खड़ा कर दिया गया है. वर्तमान दौर में किसी भी चुनाव में धन के महत्व एवं उसकी आवश्यकता से कोई इंकार नहीं कर सकता. सभी दलों को समान अवसर की गारंटी पारदर्शी चुनाव की सर्वाधिक महत्वपूर्ण जरूरत है.

> विपक्ष के नेताओं को केंद्रीय एजेंसियां निशाने पर ले रही है. झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है.

### सुभाषित

**गते शोको न कर्तव्यो भविष्यं नैव चिन्तयेत् ।**
**वर्तमानेन कालेन वर्तयन्ति विचक्षणाः ॥**

बीते हुए समय का शोक नहीं करना चाहिए और भविष्य के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, बुद्धिमान तो वर्तमान में ही कार्य करते हैं. यह इसलिए भी आवश्यक है, जो बीत गया, उसे पुनः वापस नहीं लाया जा सकता, वहीं भविष्य का भी कोई ठिकाना नहीं है.

# देखते जाइए, कौन कहां गिरता है

**कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व सिंहभूम की सांसद के दल बदलने का अनुमान साल भर पहले से ही हवा में गूंज रहा था. वे भाजपा में गईं और झट उनकी उम्मीदवारी का ऐलान हो गया. '32 के खतियानी डोमिसाइल जैसी उनकी कुछ ग्रिवान्स हो सकती है, लेकिन पति-पत्नी की रोज-रोज अदालती दौड़ भी कम परेशानी की बात नहीं है. वे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं और कोड़ा पर सीबीआई, ईडी आदि के कई केस चल रहे हैं.**



देश-काल



श्याम किशोर चौबे

पूरे देश में एक गरमागरम मुद्दा है, कौन कहां गिरा? सेवकाई के लिए नेता धड़ाधड़ दल बदल रहे हैं. चुनाव आते ही इसीलिए हैं शायद. राजनीति से नीति लापता होने के कारण अपनी विद्या-बुद्धि के अनुसार मौसम भांप दल बदलने में न कोई संकोच करता है, न ही किसी गैर को अपनाने में. आदर्श बघारनेवाली देश की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा अव्वल नंबर पर जा रही है. दूसरे दलों से टूट-फूटकर या किसी डर-भय से आये नेताओं को पहली प्राथमिकता दी जाती है. शायद इसीलिए विरोधी व्यंग्य में जनसंघी खतियानी की उपेक्षा की बात करने लगे हैं. इन पंक्तियों के लिखे जाने तक महज 14 संसदीय सीटोंवाले छोटे से झारखंड में तीन बड़े दल-बदल हो चुके थे, जबकि कुछ और के लाइन में लगे होने की संभावना बनी हुई है. भाजपा तबतक 11 प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी थी. एक सीट पार्टनर आजसू की मान ली जाय तो कम से कम दो सीटों पर नाम उसने होल्ड पर रखा हुआ था. प्रतिपक्षी समूह इंडिया में सीट शेयरिंग से लेकर नाम घोषणा तक के कर्मकांड की प्रतीक्षा के बीच राजद के सत्यानंद भोक्ता ने चतरा से अपनी उम्मीदवारी का ऐलान कर दिया था. जिन तीन महामान्यों ने दल बदला, उनमें पहला नाम 26 फरवरी को ही सामने आ गया था गीता कोड़ा का. कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व सिंहभूम की सांसद के दल बदलने का अनुमान साल भर पहले से ही हवा में गूंज रहा था. वे भाजपा में गईं और झट उनकी उम्मीदवारी का ऐलान हो गया. '32 के खतियानी डोमिसाइल जैसी उनकी कुछ ग्रिवान्स हो सकती है, लेकिन पति-पत्नी की रोज-रोज अदालती दौड़ भी कम परेशानी की बात नहीं है. वे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी हैं और कोड़ा पर सीबीआई, ईडी आदि के कई केस चल रहे हैं. दल बदलनेवालों में जामा की विधायक सीता सोरेन दूसरे नंबर पर रहीं. वे झारखंड के मशहूर राजनीतिक परिवार के मुखिया शिबू सोरेन की बड़ी बहू हैं. उन्होंने 19 मार्च को भाजपा का दामन थामा. इससे सोरेन परिवार का अन्तर्कलह स्पष्ट हो गया. अगले दिन देवरानी-जेठानी कल्पना सोरेन और सीता के 'एक्स-वार' से यह बात और खुलकर सामने आ गई. कल्पना के पति हेमंत सोरेन 31 जनवरी तक राज्य के मुख्यमंत्री थे. 31 जनवरी की रात ईडी ने उनको जमीन मामले में गिरफ्तार कर लिया था. चर्चा चली थी कि कल्पना को अगला मुख्यमंत्री बनाया जाएगा, लेकिन पारिवारिक अन्तर्कलह ने उनका रास्ता रोक लिया और पहले की तरह सीता को कैबिनेट में जगह नहीं मिली. दोनों गोतनियां बाबामय हैं लेकिन बाबा शिबू सोरेन उम्रजनित व्याधियों के कारण पस्त हैं. इस परिवार के तीसरे कुलदीपक बसंत सोरेन को चंपाई कैबिनेट में सरकार कहलाने का मौका मिल गया, जबकि हेमंत कैबिनेट का 12वां पद खाली रखकर ऊपरी तौर पर परिवार को समेटे चल रहे थे. सीता पर 2012 के राज्यसभा चुनाव में वोट फॉर नोट का सीबीआई केस चल रहा है. वे राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट गई थीं, लेकिन इसी 04 मार्च को उनको कोरा सा जवाब मिल गया. शीर्ष अदालत ने अनुच्छेद 105 और 194 के तहत 1998 के फैसले को ही खारिज कर दिया, जिसमें सदन में किसी बात या वोट के लिए माननीयगण कोर्ट में जवाबदेह नहीं बनाये जा सकते. शिबू सोरेन आदि इसी फैसले के कारण बरी हो गये थे. सीता के केस में उनके पिता भी अभियुक्त हैं और वे भी जेल जा चुके हैं. उनके पति दुर्गा सोरेन का 2009 में असमय देहांत हो गया था. उसके बाद से वे झामुमो के बैनर तले तीसरी मर्तबा विधायक चुनी गई थीं, लेकिन अब उनकी नजर संसद पर है, चाहे उनको अवसर मिले या बेटी को. सोरेन परिवार की पगड़ी उछालने में वे टूल बन सकती हैं, भाजपा स्वाभाविक तौर पर ऐसा चाहेगी ही.

गीता, सीता को खोकर विपक्षी खेमे इंडिया को ताजाताजी जेपी पटेल के रूप में एक तसल्ली 20 मार्च को हाथ लगी. जेपी महोदय मांडू से भाजपा विधायक हैं और सदन में दल के सचेतक भी. 2019 के विधानसभा चुनाव के पहले हालांकि वे झामुमो के थे. उनके पिता स्व. टेकलाल महतो बड़ा नाम और झामुमो का कुड़मी चेहरा भी थे. उनके देहान्त के बाद दिसंबर 2011 से जेपी लगातार तीसरी बार विधायक चुने गये. उनके श्वसुर मथुरा प्रसाद महतो झामुमो के बड़े नेता हैं. पिछले साल जुलाई में एक ऐसा दौर भी आया था, जब जेपी को भाजपा विधायक दल का नेता बनाये जाने का गुमान हो गया था, लेकिन ऐसा हो न सका. उनकी भाजपा से रूखसती के साथ पार्टी विधायक दल के नेता ने स्पीकर को अर्जी देकर सदन से उनकी सदस्यता खत्म करने की गुहार लगा दी, क्योंकि बिना इस्तीफा किये उन्होंने दल बदल लिया. कांग्रेस कुड़मी क्राइसिस से गुजर रही थी. इसे उसने अत्यंत महत्वाकांक्षी जेपी के रूप में पूरी कर ली है. खासकर चुनावी माहौल में दल बदल न तो बेशर्त होता है, न ही निःस्वार्थ. सेवा तत्व राजनीति का मुखौटा भर रह गया है. 05 दिसंबर 2012 को झारखंड में ही क्या सत्ता पक्ष और क्या प्रतिपक्ष, सभी दलों ने सदन का बहिष्कार कर इतिहास रच दिया था, क्योंकि विधायक निधि के खर्च का डीसी बिल जमा नहीं करने के कारण उनका अगला आवंटन रोक दिया गया था. इस वित्तीय प्रावधान की धज्जियां उड़ाते हुए तत्काल इसमें ढील दे दी गई थी. यह है न राजनेताओं की सेवकाई का बेमिसाल नमूना! कहना कम, समझना ज्यादा.

### बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



## बुराई और भलाई

उभरती बुराई ने दबती-सी अच्छाई से कहा, "कुछ भी हो, लाख मतभेद हों, है तो तू मेरी सहेली हो. मुझे अपने सामने तेरा दबना अच्छा नहीं लगता. आ, अलग खड़ी न हो, मुझ में मिल जा, मैं तुझे भी अपने साथ बढ़ा लूंगी, समाज में फैला लूंगी." भलाई ने शांति से उत्तर दिया, "तुम्हारी हमदर्दी के लिए धन्यवाद, पर रहना मुझे तुमसे अलग ही है." "क्यों?" आश्चर्यभरी अप्रसन्नता से बुराई ने पूछा. ₹बात यह है कि मैं तुमसे मिल जाऊं तो फिर मैं कहां रहूंगी, तब तो तुम-ही-तुम होगी सब जगह.₹ अच्छाई ने और भी शान्त होकर उत्तर दिया. गुस्से से उफन कर बुराई ने अपनी झाड़ी अच्छाई के चारों ओर जकड़ कर फैला दी और फुंकार कर कहा, ₹ले, भोग मेरे निमन्त्रण को ठुकराने का नतीजा! अब पड़ी रह मिट्टी में मुंह दुबकाये! दुनिया में तेरे फैलने का अब कोई मार्ग नहीं.₹ अच्छाई ने अपने नन्हे अंकुर की आंख से जहां भी झांका, उसे बुराई की जकड़बंध झाड़ी के तेज कांटे, भाले के समान तने हुए दिखाई दिए. सचमुच आगे कदम भर सरकाने की भी जगह न थी. बुराई का अट्टहास चारों ओर गूंज गया. परिस्थितियां निश्चय ही प्रतिकूल थीं. फिर भी पूरे आत्म-विश्वास से अच्छाई ने कहा, ₹तुम्हारा फैलाव आजकल बहुत व्यापक है, बहन! जानती हूं इस फैलाव से अपने अस्तित्व को बचाकर मुझे वृद्धि और प्रसार पाने में पूरा संघर्ष करना पड़ेगा, पर तुम यह न भूलना कि कांटे-कांटे के बीच से गुजर कर जब मैं तुम्हारी झाड़ी के ऊपर पहुंचूंगी तो मेरे कोमल फूलों की महक चारों ओर फैल जायेगी और सभी की दृष्टि मोहक फूलों पर जमेगी, तब तेरा अस्तित्व ओझल ही रहेगा. अन्ततः यह जानना भी कठिन होगा कि तुम हो कहां.₹ व्यंग्य की शेखी से इठलाकर बुराई ने कहा, ₹दिल के बहलाने को यह ख्याल अच्छा है.₹ गहन सन्तुलन में अपने को समेटकर अच्छाई ने कहा, ₹तुम हंसना चाहो, तो जरूर हंसो, मुझे आपत्ति नहीं, पर जीवन के इस सत्य को कृत्रिम हंसी में झुठलाया नहीं जा सकता कि तुम्हारे प्रसार और प्रशंसकों की भी एक सीमा है, क्योंकि उस अति की सीमा तक तुम्हारे पहुंचते-न-पहुंचते तुम्हारे सहायकों और अंगरक्षकों का ही दम घुटने लगता है. जबकि इसके विपरित मेरे फैलाव की कोई सीमा ही प्रकृति ने नहीं बांधी, बुराई बहन! !₹ बुराई गंभीर हो गई और उसे लगा कि उसके कांटों की शक्ति स्वयंमेव पहले से कम होती जा रही है और अच्छाई का अंकुर तेजी से वृद्धि पा रहा है.

# शहीद भगत सिंह के विचार अब भी प्रासंगिक

विमर्श

भारत डोगरा

"देशभक्ति के लिए यह सर्वोच्च पुरस्कार है, और मुझे गर्व है कि मैं यह पुरस्कार पाने जा रहा हूं. वे सोचते हैं कि मेरे पार्थिव शरीर को नष्ट करके इस देश में सुरक्षित रह जायेंगे. यह उनकी भूल है. वे मुझे मार सकते हैं, लेकिन मेरे विचारों को नहीं मार सकते. वे मेरे शरीर को कुचल सकते हैं, लेकिन मेरी भावनाओं को नहीं कुचल सकेंगे. ब्रिटिश हुकूमत के सिर पर मेरे विचार उस समय तक एक अभिशाप की तरह मंडराते रहेंगे, जब तक वे यहां से भागने के लिए मजबूर न हो जाएं." भगत सिंह ने ये शब्द अपनी शहादत से कुछ ही महीने पहले कहे थे. उन्होंने अपने थोड़े से वर्षों के सार्वजनिक जीवन में जिस दिलेरी और दृढ़-निश्चय का परिचय दिया, इसके बारे में जितना कहा जाए कम है. किन्तु इसके साथ यह भी जरूरी है कि उन्होंने क्रांति, सामाजिक बदलाव और आर्थिक विषमताओं जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर जो विचार व्यक्त किये, उन्हें अधिक पढ़ा और समझा जाए. भगत सिंह और उनके कुछ साथियों ने भारत और विश्व की स्थिति पर बहुत गहराई से सोच-विचार किया था और यही कारण है कि उनके विचारों को आज भी पढ़ते समय हमें लगता है कि वे हमारे समाज के लिए बेहद प्रासंगिक और प्रेरणादायक हैं. क्रांति के संबंध में भगत सिंह से जब पूछा गया कि क्रांति शब्द से उनका क्या मतलब है, तो उत्तर में उन्होंने कहा था, ''क्रांति के लिए खूनी संघर्ष अनिवार्य नहीं है और न ही उसमें व्यक्तिगत प्रतिहिंसा के लिए कोई स्थान है. वह बम और पिस्तौल का संप्रदाय नहीं है. क्रांति से हमारा अभिप्राय है - अन्याय पर आधारित समाज व्यवस्था में आमूल परिवर्तन." उन्होंने और उनके साथियों ने कहा, "समाज का प्रमुख अंग होते हुए भी आज मजदूरों को उनके प्राथमिक अधिकार से वंचित रखा जा रहा है और उनकी गाढ़ी कमाई का सारा धन पूंजीपति हड़प जाते हैं. दूसरों के अन्नदाता किसान आज अपने परिवार सहित दाने-दाने के लिए मुहताज हैं. दुनिया भर के बाजारों को कपड़ा मुहैया करने वाला बुनकर अपने तथा अपने बच्चों के तन ढकने भर को भी कपड़ा नहीं पा रहा है. सुंदर महलों का निर्माण करने वाले राजगीर, लोहार तथा बढ़ई स्वयं गन्दे बाड़ों में रहकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर जाते हैं. इसके विपरीत समाज के जोंक शोषक पूंजीपति जरा-जरा सी बातों के लिए लाखों का वारा-न्यारा कर देते हैं." "यह भयानक असमानता और जबरदस्ती लादा गया भेदभाव दुनिया को एक बहुत बड़ी उथल-पुथल की ओर लिए जा रहा है. यह स्थिति बहुत दिनों तक कायम नहीं रह सकती. स्पष्ट है कि आज का धनिक समाज एक भयंकर ज्वालामुखी के मुंह पर बैठ कर रंगरलियां मना रहा है और शोषकों के मासूम बच्चे तथा करोड़ों शोषित लोग एक

> दुनिया भर के बाजारों को कपड़ा मुहैया करने वाला बुनकर अपने तथा अपने बच्चों के तन ढकने भर को भी कपड़ा नहीं पा रहा है. सुंदर महलों का निर्माण करने वाले राजगीर, लोहार तथा बढ़ई स्वयं गन्दे बाड़ों में रहकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर जाते हैं. इसके विपरीत समाज के जोंक शोषक पूंजीपति जरा-जरा सी बातों के लिए लाखों का वारा-न्यारा कर देते हैं.

भयानक खड्ड की कगार पर चल रहे हैं." "सभ्यता का यह संकट यदि समय रहते संभाला न गया तो शीघ्र ही चरमराकर बैठ जाएगा. देश को एक अमूल परिवर्तन की आवश्यकता है और जो लोग इस बात को महसूस करते हैं उनका कर्त्तव्य है कि साम्यवादी सिद्धांतों पर समाज का पुनः निर्माण करें. जब तक यह नहीं किया जाता और मनुष्य द्वारा मनुष्य का तथा एक राष्ट्र द्वारा दूसरे राष्ट्र का शोषण, जो साम्राज्य शाही के नाम से विख्यात है, समाप्त नहीं कर दिया जाता, तब तक मानवता को उसके क्लेशों से छुटकारा मिलना असंभव है. तब तक युद्धों को समाप्त कर विश्व शान्ति के युग का प्रादुर्भाव करने की सारी बातें महज ढोंग के अतिरिक्त और कुछ भी नहीं हैं. क्रांति से हमारा मतलब अन्ततोगत्वा एक ऐसी समाज व्यवस्था से है, जो इस प्रकार के संकटों से बरी होगी और जिसमें सर्वहारा वर्ग का आधिपत्य सर्वमान्य होगा. जिसके फलस्वरूप स्थापित होने वाला विश्व संघ पीड़ित मानवता को पूंजीवाद के बंधनों से और साम्राज्यवादी युद्ध की तबाही से छुटकारा दिलाने में समर्थ हो सकेगा." 1929 में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने जेल से पंजाब छात्र संघ को एक पत्र भेजा था, ''इस समय हम नौजवानों से यह नहीं कह सकते कि वे बम और पिस्तौल उठायें. आज विद्यार्थियों के सामने इससे भी अधिक महत्वपूर्ण काम है. आने वाले लाहौर अधिवेशन में कांग्रेस देश की आजादी के लिए जबरदस्त लड़ाई की घोषणा करने वाली है. राष्ट्रीय इतिहास के इन कठिन क्षणों में नौजवान के कंधों पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ पड़ेगी. यह सच है कि स्वतन्त्रता के इस युद्ध में अग्रिम मोर्चा पर विद्यार्थियों ने मौत से टक्कर ली है. क्या परीक्षा की इस घड़ी में वे उसी प्रकार की दृढ़ता और आत्म विश्वास का परिचय देने से हिचकिचायेंगे? नौजवानों को क्रांति का संदेश देश के कोने-कोने में पहुंचाना है, फैक्टरी-कारखानों के क्षेत्रों में, गन्दी बस्तियों और गांवों की जर्जर झोपड़ियों में रहने वाले करोड़ों लोगों में इस क्रांति की अलख जगानी है, जिससे आजादी आयेगी और तब एक मनुष्य द्वारा दूसरे मनुष्य का शोषण असंभव हो जाएगा."

# अब भी प्रासंगिक है लोहिया का वैश्विक समाजवाद

सामयिकी

कुमार कृष्णान

देश की राजनीति में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और स्वतंत्रता के बाद ऐसे कई नेता हुए, जिन्होंने अपने दम पर शासन का रुख बदल दिया, उनमें एक थे राममनोहर लोहिया. प्रखर देशभक्ति और समाजवादी विचारों के कारण अपने समर्थकों के साथ—साथ अपने विरोधियों के बीच भी अपार सम्मान हासिल किया. उनमें सन्त की सन्तता, फक्कड़पन, मस्ती, निर्लिप्तता और अपूर्व त्याग की भावना थी. वे समाजवादी इस मायने में थे कि समाज ही उनका कार्यक्षेत्र था और वे अपने कार्यक्षेत्र को जनमंगल अनुभूतियों से महकाना चाहते थे. उनका सपना था कि, व्यक्ति-व्यक्ति के बीच कोई भेद, कोई दुराव और कोई दीवार न रहे. सब जन समान हों. सब जन सबका मंगल चाहते हों. सबमें वे हों और उनमें सब हों. वे दार्शनिक व्यवहार के पक्ष में नहीं थे. उनकी दृष्टि में जन को यथार्थ और सत्य से परिचित कराया जाना चाहिए. प्रत्येक जन जाने की कौन उनका मित्र है? कौन शत्रु है? जनता को वे जनतंत्र का निर्णायक मानते थे. 23 मार्च 1910 को फैजाबाद के अकबरपुर में जन्मे राम मनोहर लोहिया के पिताजी श्री हीरालाल पेशे से अध्यापक व सच्चे राष्ट्रभक्त थे. उनके पिताजी गांधी जी के अनुयायी थे. जब वे गांधी जी से मिलने जाते तो राम मनोहर को भी अपने साथ ले जाया करते थे. इस कारण गांधी जी के व्यक्तित्व का उन पर गहरा असर हुआ. लोहिया जी अपने पिताजी के साथ 1918 में अहमदाबाद कांग्रेस अधिवेशन में पहली बार शामिल हुए. पांच वर्ष की उम्र में पास ही की टण्डन पाठशाला में उनका नाम लिखा दिया गया. इसके बाद तमसा पार स्थित विश्वेश्वरनाथ हाई स्कूल में लोहिया को पांचवीं कक्षा में प्रवेश दिलाया गया. वे शरीर से दुर्बल, परन्तु मन से सुदृढ़ थे और बुद्धि से कुशाग्र थे. मारवाड़ी विद्यालय में प्रवेश के बाद वे शहरी परिवेश से अचानक जुड़ गए, क्योंकि बम्बई का मारवाड़ी स्कूल विश्वेश्वरनाथ हाईस्कूल से कई अर्थों में अति आधुनिक था. बम्बई से वे वाराणसी लौटे. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में इण्टर का अध्ययन शुरू कर दिया. वहां से सन 1927 ई. में वहां से उन्होंने इण्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की. इण्टर पास करने के बाद सन 1927 में लोहिया कलकत्ता आ गए. उन्होंने सेंट जेवियर्स तथा स्काटिश चर्च जैसे ख्यातिनामा महाविद्यालय को छोड़कर विद्यासागर महाविद्यालय में प्रवेश लिया था, जो उस समय ₹भेड़ों की सराय₹ के नाम से जाना जाता था. लेकिन इस कॉलेज के प्राचार्य राष्ट्रीय विचारधारा से सम्बद्ध थे और लोहिया राष्ट्रीय विचारधारा के पूर्णतः समर्थक थे. लोहिया का अंग्रेज़ी भाषा पर

> मारवाड़ी विद्यालय में प्रवेश के बाद वे शहरी परिवेश से अचानक जुड़ गए, क्योंकि बम्बई का मारवाड़ी स्कूल विश्वेश्वरनाथ हाईस्कूल से कई अर्थों में अति आधुनिक था. बम्बई से वे वाराणसी लौटे. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में इण्टर का अध्ययन शुरू कर दिया. वहां से सन 1927 ई. में वहां से उन्होंने इण्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की.

ख़ासा अधिकार था. उनके मन में स्वतंत्र देश का स्वाभिमान जाग उठा था. वे शिक्षा प्राप्त करने की अपेक्षा सम्मान के प्रति ज़्यादा सजग हो उठे थे. इस कारण अपने देश को आज़ाद कराने की बात गहरे पैठती गई थी. वे देश की आज़ादी के प्रतिबद्ध हो चुके थे. इन्हीं कारणों से लोहिया बर्लिन के लिए रवाना हो गए. वहां उन्होंने बर्लिन के हुम्बोल्ट विश्वविद्यालय में प्रवेश ले लिया और पढ़ाई पूरी की. उन्होंने सदा ही विश्व-नागरिकता का सपना देखा था. वे मानव-मात्र को किसी देश का नहीं, बल्कि विश्व का नागरिक मानते थे. उनकी चाह थी कि एक से दूसरे देश में आने जाने के लिए किसी तरह की भी क़ानूनी रुकावट न हो और सम्पूर्ण पृथ्वी के किसी भी अंश को अपना मानकर कोई भी कहीं आ-जा सकने के लिए पूरी तरह आज़ाद हो. लोहिया एक नयी सभ्यता और संस्कृति के द्रष्टा और निर्माता थे. अपनी प्रखरता, ओजस्विता, मौलिकता, विस्तार और व्यापक गुणों के कारण वे अधिकांश में लोगों की पकड़ से बाहर रहे. इसका एक कारण है-जो लोग लोहिया के विचारों को ऊपरी सतही ढंग से ग्रहण करना चाहते हैं, उनके लिए लोहिया बहुत भारी पड़ते हैं. गहरी दृष्टि से ही लोहिया के विचारों, कथनों और कर्मों के भीतर के उस सूत्र को पकड़ा जा सकता है, जो सूत्र लोहिया-विचार की विशेषता है, वह सूत्र ही तो उनकी विचार-पद्धति है. लोहिया की दृष्टि में मार्क्स पश्चिम के तथा गांधी पूर्व के प्रतीक हैं और लोहिया पश्चिम-पूर्व की खाई पाटना चाहते थे. मानवता के दृष्टिकोण से वे पूर्व-पश्चिम, काले-गोरे, अमीर-ग़रीब, छोटे-बड़े राष्ट्र नर-नारी के बीच की दूरी मिटाना चाहते थे. लोहिया की विचार-पद्धति रचनात्मक है. लोहिया ने लिखा है- जैसे ही मनुष्य अपने प्रति सचेत होता है, चाहे जिस स्तर पर यह चेतना आए और पूर्ण से अपने अलगाव के प्रति संताप व दुःख की भावना जागे, साथ ही अपने अस्तित्व के प्रति संतोष का अनुभव हो, तब यह विचार-प्रक्रिया होती है कि वह पूर्ण के साथ अपने को कैसे मिलाए, उसी समय उद्देश्य की खोज शुरू होती है.

### मीडिया में अन्यत्र

## अरबपति राज का उदय

**हर** खबर विचलित करने वाली है कि देश में मौजूदा आर्थिक असमानता ब्रिटिश काल से भी अधिक है, जो संकेत देती है कि हमारा लोकतंत्र विगत में समतामूलक आय सृजन के अवसरों का पोषक नहीं रहा है. अंतरराष्ट्रीय संस्था थामस पिकेटी व तीन अर्थशास्त्रियों द्वारा तैयार रिपोर्ट चौंकाने वाले निष्कर्ष पेश करती है कि भारत में वर्ष 2022-23 में देश के शीर्ष एक फीसदी अमीरों की देश की संपत्ति में 40 फीसदी हिस्सेदारी है. वहीं उनकी आय में हिस्सेदारी 22.6 फीसदी है. देश में अरबपतियों के उदय का खुलासा करने वाली रिपोर्ट निश्चिय ही संपन्न तबके के वर्चस्व को दर्शाती है. यानी हमारी धन केंद्रित आर्थिकी के चलते देश में आर्थिक असमानता की ओर ही इशारा करती है. दरअसल, देश में आर्थिक असमानता में 1980 के दशक में गिरावट देखी गई थी. लेकिन वैश्वीकरण व उदारीकरण के दौर में उदार आर्थिक नीतियों ने आय में असमानता को ही बढ़ावा दिया है. निश्चित रूप से यह स्थिति हमारी आयकर प्रणाली की विसंगतियों को भी दर्शाती है. लंबे समय से मांग की जाती रही है कि देश के कर ढांचे में सुधार किया जाए. संपन्न वर्ग की आय व संपत्ति पर यह कर लगाया जाए. इससे होने वाली आय का निवेश कालांतर स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण की स्थिति सुधारने के लिए किया जाए. लेकिन इस सुझाव की तरफ गंभीरता से विचार नहीं किया गया. जिसके चलते संसाधनों के निर्मम दोहन का सिलसिला यूं ही चलता रहा. इस रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि वित्तीय वर्ष 2023 में देश के सबसे 167 अमीर परिवारों की कुल संपदा पर दो फीसदी का सुपर टैक्स लगाया गया होता तो इससे राष्ट्र की कुल आय में 0.5 फीसदी की वृद्धि होती. निश्चित तौर पर इस प्रयास से देश में लगातार चौड़ी होती असमानता की खाई को पाटने में मदद मिलती. विडंबना यह है कि देश में जारी आर्थिक असमानता के संकट को सत्ताधीशों ने गंभीरता से नहीं लिया. निश्चित रूप से किसी भी देश में लगातार गहरी होती असमानता की खाई कालांतर सामाजिक अशांति की वाहक बन सकती है. जिसका प्रभाव देश की कानून व्यवस्था पर भी प्रतिकूल रूप से पड़ सकता है. आज दुनिया के कई देशों में जारी असंतोष व प्रतिरोध के मूल में आर्थिक असमानता के बीज ही निहित होते हैं. जैसे ही आर्थिक असमानता सीमा असहनीय स्थिति तक पहुंचती है, प्रतिरोध की प्रतिक्रिया सामने आती है.



(द ट्रिब्यून)

### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## डर/भय/दहशत


**वह** आपसे कुछ कहना चाहता था, लेकिन डर के मारे कुछ नहीं कह सका. पीपल के पेड़ के नीचे अचानक सामने आये काले साये को देखकर भय से उसके मुंह से चीख निकल पड़ी. ट्रेन की बोगी में बम होने की बात सुनते ही यात्रियों में दहशत छा गयी. शायर शकेब जलाली कहते हैं-ऐसी दहशत थी फ़ज़ाओं में खुले पानी की, आंख झपकी भी नहीं हाथ से पतवार गिरे. इन वाक्यों में हमारे सामने लगभग एक ही अर्थ वाले तीन शब्द आते हैं-डर, भय और दहशत. शब्दकोशों में यदि दहशत शब्द का अर्थ ढूंढा जाये तो इस प्रकार मिलता है-खौफ, डर, भय, आतंक. खतरे की उपस्थिति या आशंका में उत्पन्न दर्दनाक उत्तेजना को डर कहा जाता है. भय मानव प्रजाति द्वारा अनुभव किया जाता है, यह एक पूरी तरह से अपरिहार्य भावना है. भय की हद और सीमा व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में बदलता है, लेकिन भावना एक ही है. यह प्रत्याशा के कारण होता है. डर और दहशत में सूक्ष्म अंतर है. कोरोना महामारी के समय आदमी को आदमी से डर लगता था. किसी से हाथ मिलाने या उठने बैठने में भी वह डर समाया हुआ था. घर बाहर हर ओर केवल दहशत ही दहशत थी. यानी दहशत उसे कहते हैं, जो प्रेशर में होता है कि किसी के संसर्ग में आने से कोरोना हो सकता है और फिर घर में परिवार के अन्य लोगों को भी हो सकता है और पूरा परिवार साफ भी हो सकता है. यही भाव दहशत है. डर एक अनजानी सी नकारात्मक सोच होती है जो आपको कुछ अच्छा काम करने से रोकती है जैसे की आप कोई व्यापार करना चाहते हैं लेकिन कर नहीं पा रहे है, क्योंकि आपके दिल में एक डर बैठा हुआ कि कहीं इसमें घाटा न हो जाये. कहीं मेरा पैसा मार्किट में डूब न जाये. आप शराब नहीं पीते, क्योंकि उससे घर-परिवार के बर्बाद होने का डर है.

# हुजूर की खिदमत में बंदे का आदाब

तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह 'शशि'

हुजूर की खिदमत में बंदे का आदाब. हुजूर ज़ान की मुआफी मिले तो कुछ अर्ज करूं. नहीं...नहीं ज़ान का डर आपसे नहीं है आपके बंदों से है. आपके बंदे तो, बाप रे, हर बात पर बेंत निकालते हैं. तो जनाब मैं अर्ज कर रहा था कि आपने अपने समय में जो मुद्रा बंद की थी, उसका मज़ाक आज तक लोग उड़ाते हैं. हमने कहीं पढ़ा है जनाब कि आपने सोने की मुद्रा 'दीनार' और चांदी की मुद्रा 'अदली' चलाई थी, लेकिन बिना किसी तैयारी के उसे अचानक बंद कर दिया. आपके दुश्मन बताते हैं कि आपने सुना कि चीन में कागज के और फारस में चमड़े के सिक्के चलाये गये हैं तो आपने तांबे का सिक्का चला दिया. तांबे का सिक्का चला दिया तो चला दिया, आपने अपना आदेश वापस क्यों लिया? हुजूर, यह एक अच्छे सुल्तान के लक्षण नहीं हैं. आपको चाहिए था कि सारे विरोध करने वालों का सिर कलम करा देते. उन्हें राजद्रोही, बेईमान, घुसपैठिये आदि घोषित करके जेल में डाल देते. बादशाह होने का अर्थ है कि आदमी अकेला अक्लमंद हो और बाकी के सारे बेअक्ल और बदजात. शक्ति यानी ताकत का अर्थ ही है हुजूर कि आदमी अपनी पूंछ में खुद आग लगा ले और सारी लंका जला दे. यदि कम पड़े तो अयोध्या भी फूंक दे. हमने माना कि तांबे के सिक्के नकली बनने लगे. वह तो बनेंगे ही हुजूर. आखिर नकली करेंसी बनाना भी हुनर है और हुनरमंद लोग कभी भूखों नहीं मरते. तांबे का नकली सिक्का इतना अधिक बाजार में आ गया कि आपने उसे बंद कर दिया. बस यहीं मात खा गये आप. आपको सारे राज में मुनादी करानी चाहिए थी कि अच्छे दिन आने वाले हैं. लोग इंतजार करें. जो भी हो रहा है वह इंशा अल्लाह मुल्क की हिफाजत के लिए ही हो रहा है. उसके बाद किसी की नानी मरती जो आपकी शान में जुबान भी खोलता. आवाम पर आपने नशा नहीं चढ़ाया था हुजूर, नहीं तो आपकी मात नहीं होती. गली-कूचे वालों के लिए महलों को दाव पर लगाना अक्लमंदी नहीं मानी जाती जहांपनाह. आपको चाहिए था कि तांबे के सिक्के चलने देते और दीनार तथा अदली केवल अपने अमीर मित्रों को चुपके से बंटवा देते. गरीब का क्या है हुजूर. आज मरा कि कल मरा. जी से जाये जंजाल छूटे. तांबे का सिक्का लेकर उन्हें भटकने देते मस्जिद से मजार तक और आप अपने अमीर दोस्तों के साथ शतरंज खेलते. जनाब आवाम को तो एक जोशीली तहरीर दे दीजिये, मुल्क के नाम पर कुर्बानी मांग लीजिये, आंखों में आंसू भरकर मुआफी मांग लीजिये, उनके खून में उबाल आ जाता है. कहना सुनना है तो बहुत है जहांपनाह, पर आप हमारी सुनेंगे ही क्यों? आपके बंदों ने सुन लिया तो गालियां और गोलियां दोनों मिलेंगी. मेरे लिए कहिये खुदा हाफिज.






# फागुन : बाहर और भीतर

# ऋतु फागुन नियरानी हो, कोई पिया से मिलावे



निरंजन प्रसाद श्रीवास्तव

उछाह और उल्लास का महीना कहा जाने वाला आधुनिकता की दौड़ में न जाने कहां गुम हो गया. शहर में तो उसकी आहट तक सुनाई नहीं देती. एक समय था कि फागुन के आते ही वसन्त की हल्दी अभिषिक्त पाती गांव-गांव घूम जाती थी. वह चोवाचन्दन लगाकर पुष्प-मुकुट पहन कर आता था. फागुन में वसन्त का उल्लास खेत-खलिहान, बाग-बगीचे, राह-डगर सब जगह दिखाई देता था. प्रकृति सहस्र-सहस्र भंगिमाओं के साथ क्रीड़ा करने लगती थी. क्षितिज तक फैले फूली हुई सरसों के खेत, उसके किनारे-किनारे तीसी के बैंगनी रंग के फूल, गदराई मंजरियों से बौराये हुए आम्र-वृक्ष, अमराई में भौंरों के गीत और कोयल की तान, सिर पर नव पल्लवों का मुकुट बांधे द्रुम दल, दहकते पलाश, राह-डगर के किनारे अचानक जी उठी हरी घास, पीले और बैंगनी रंग के अनामामा कुसुम, दहकते पलाश, भिनसारे झड़ते महुए के मादक फूल! लगता था वसन्त सर्वत्र उत्तान श्रृंगार का अनुपम श्रव्य और दृश्यकाव्य रच रहा है.

## कोयल की कूक और फाग गीतों की गूंज

फागुन बाहर का ही नहीं मनःस्थिति का भी नाम है. मैं अपनी बात कहूं. जीवन के पूर्वार्द्ध में बाहर फागुन का लास्य तो दिखता ही था, मन के भीतर भी उसकी रसात्मक अनुभूति होती थी. मेरे कैशोर्य काल में बौरों से लदे हुए उल्लास-मत्त आम्र वृक्ष, उनपर भनभनाते हुए झुंड के झुंड मधुवा, आम्र-पल्लवों में छिपी कोयल की कूक और नीचे उसके स्वर का अनुकरण कर चिढ़ाते हुए बच्चे तथा निस्तब्ध रात में ढोल और मजीरे पर गूंजते फाग-गीतों के बोल फागुन का समग्र चित्र पूरा करते थे. तब फागुन का नाम लेते ही मन में घनीभूत जड़िमा विगलित होने लगती थी. लगता था देह और मन के भीतर मीठे गरम पानी का निर्झर फुट पड़ा है और धरती पर गन्धमादन पर्वत उतर आया है. जन-जन मन हाथ से बेहाथ होने लगता था. मनमृग कुलांचे भरने लगता था.

## कंक्रीट के जंगल में गुम हुआ रसबोध स्रोत

इक्कीसवीं सदी का प्रथम चतुर्थांश समाप्ति पर है. औद्योगिक विकास, अंधाधुंध शहरीकरण के कारण आदिगन्त फैले कंक्रीट के महाकांतार में रसबोध का स्रोत कहीं गुम हो गया. फागुन का वह समग्र चित्र धूसरित हो चुका है. जीवन इतना डल हो गया है कि अब मुझे फागुन, फागुनी शाम और फागुनी वातास यानी फगुनहट की अनुभूति नहीं हो पाती. मन के मनुहार के लिए फागुन के गुम हुए उन चित्रों और प्रतीकों को कविता की किताबों ढूंढता हूं. फागुन के सौंदर्य कवियों और शायरों ने बखूबी कलमबंद किया है. आइये, उन्हीं की नजरों से फागुन को देखते हैं. **मलिक मुहम्मद जायसी** के प्रसिद्ध खण्डकाव्य 'पद्मावत' फागुन मास में रत्नसेन के वियोग में रानी नागमती की विरह-व्यथा का वर्णन हैः-

फागुन पवन झंकोरै बहा/ चोगुन सीउ जाइ किमि सहा / तन जस पियर पात भा मोरा/ तेहि पर विरह देइ झकझोर/फाग करहिं सब चांचर जोरी/ माहिं तन लाइ दीन्ह

**ललित निबंध**



जस होरी ब्रजभूमि में फागुन का वर्णन रसखान कुछ इस प्रकार करते हैंः-

फागुन लाग्यौ सखि जब तें, तबतें ब्रजमण्डल धूम मच्यौ है / नारि नवेली बचै नहिं एक, विसेष इहैं सबै प्रेम अच्यौ है

## अध्यात्म के रंग

फागुन के निकट आते ही कबीर का मन अध्यात्म के रंग चढ़ जाता है. उनके लिए फागुन अपने पिया (आराध्य) सतगुरु से मिलने का समय है : ऋतु फागुन नियरानी हो / कोई पिया से मिलावे / सोई सुंदर जाकों पिया को ध्यान है / सोई पिया की मनमानी/ खेलत फाग अंग नहिं मोड़े , सतगुरु से लिपटानी..फागुन पर **रवीन्द्रनाथ ठाकुर** की एक कविता का अनुवाद प्रयाग शुक्ल ने किया है. इसमें फागुन का बड़ा ही मनोहारी चित्र हैः-

वन वन में फागुन लगा, भाई रे/पात पात फूल फूल डाल डाल देता दिखाई रे / अंग रंग से रंग गया आकाश गान गान निखिल उदास/चल चंचल पल्लव दल मन मर्मर संग/ हेरी रे अवनी के रंग.

महाकवि **निराला** को लगता है फागुन की आभा आंखों में अट नहीं रही हैः- अट नहीं रही है / आभा फागुन की/ सट नहीं रही है / कहीं सांस लेते हो / घर -घर भर देते हो / उड़ने को नभ में तुम / पर-पर कर देते हो / मंद-गंध-पुष्प माल / पाट-पाट शोभा-श्री /पट नहीं रही है.

## इनका यह आग्रह!

प्रकृति के सजग चितेरे **सुमित्रानन्दन पन्त** कहते हैं कि वसन्त के आते ही फागुन का सूनापन सुलग उठता हैः- चंचल पग दीप-शिखा-से धर/ गृह, मग, वन में आया वसन्त/ सुलगा फागुन का सूनापन

/ सौंदर्य शिखाओं में अनन्तफागुन पर **बालकृष्ण शर्मा नवीन** की ये पंक्तियां देखेंः-

अरे ओ निरगुन फागुन मास!
मेरे कारागृह के शून्य अजिर में मत कर वास,
अरे ओ फागुन मास!
यहां रास रंग-रस कहां है?
झांझ न मदिर मृदंग यहां है
अरे चतुर्दिक फैल रही यह
मौन भावना जहां तहां है

**भवानी प्रसाद मिश्र** खुशियां मनाने का आग्रह करते हैंः-

चलो फागुन की खुशियां मनाएं!
आज पीले हैं सरसों के खेत, लो;
आज किरनें हैं कंचन, समेट लो;
आज कोयल बहन हो गई बावली
उसकी कुहू में अपनी लड़ी गीत की-
हम मिलाएं
चलो फागुन की खुशियां मनाएं!

## फागुन की शाम

**धर्मवीर भारती** फागुन की शाम का बड़े ही अनूठे बिम्ब के माध्यम से करते हैंः- उस बंसवट से/ एक पीली-सी चिड़िया/ उसका अच्छा-सा कुछ नाम है / मुझे पुकारे ताना मारे / भर आएं, आंखड़िया/ उन्मन/ ये फागुनी शाम है. फागुन के बारे में श्रीकांत वर्मा कहते हैं :- फागुन भी नटुआ है, गायक है, मंदरी है/ आह! इसकी वंशी सुन / सुधियां बौराती हैं / अपनी दुबली उंगली से जब यह जादूगर / कहीं तमतमायी / दुपहर को छू देता है / महुए के फूल चुपके से चू जाते हैं / और किसी झंझकुर से चिड़िया उड़ जाती है

देखिए **बुद्धिनाथ मिश्र** ये पंक्तियां फागुन के बारे में क्या कहती हैंः-

फागुन के दिन बौराने लगे फागुन के
दबे पांव आकर सिरहाने
हवा लगी बांसुरी बजाने
दुखता सिर सहलाने लगेफागुन के
रंग बिरंगा रूप सलोना
कर जाता दरपन पर टोना
सुलझा मन उलझाने लगे फागुन के...

## गीतों में कैसे बंधे फागुन

फागुन के दिन गीतों भरे होते हैं. इन्हें गाने का जी करता है लेकिन ये गीतों में बंध नहीं पाते. फागुन पर केदारनाथ सिंह की कविता की ये पंक्तियां देखें :-
गीतों से भरे दिन फागुन के ये गाए जाने को जी करता!

ये बांधे नहीं बंधते, बांहें-
रह जाती हैं खुली की खुली
ये तोले नहीं तुलते, इस पर
ये आंखें तुली की तुली.
ये कोयल के बोल उड़ा करते,
इन्हें थामे हिया रहता!

दिनेश कुमार शुक्ल के फागुन पर मन को छू लेने वाले कुछ दोहों की बानगी देखिएः-

कौन रंग फागुन रंगे, रंगता कौन वसंत?
प्रेम रंग फागुन रंगे, प्रीत कुसुंभ वसंत

रोम-रोम केसर घुली, चंदन महके अंग
कब जाने कब धो गया, फागुन सारे रंग.

पलट पलट मौसम तके, भौचक निरखे धूप
रह रह कर चितवे हवा, ये फागुन के रूप.

भूली बिसरी याद के, कच्चे पक्के रंग
देर तलक गाते रहे, कुछ फागुन के संग.

मैं भोजपुरी के वड्र्सवर्थ कहे जाने वाले अपने दिवंगत मित्र और भोजपुरी के रससिद्ध कवि अनिरुद्ध के 'फागुन के गीत' की कुछ पंक्तियां प्रस्तुत कर रहा हूंः-

लाल पगड़िया, लसल चुनरिया रंगे नगरिया लाल रे
बगिया में फागुन रस मातल रंगे नजरिया लाल रे।।
किरन डोर खींचत पनघट पर भरल गगरिया लाल रे
लाल हाथ पतइन गुलाल से रंगे उमिरिया लाल रे।।

## पेश हैं फागुन पर दो खूबसूरत अशआर

दहकी-दहकी दोपहर, बहकी-बहकी बात
फागुन आया गांव में लेकर ये सौगात

- शिव ओम अम्बर

फजा में हैं फागुन की रानाइयां
हवाओं में फागुन की सरमस्तियां

-अब्दुल मजीद 'शम्स'

अपने जीवन में इक्यासी वसन्त देख चुका हूं. पर जब कभी भोहजपुरिया फाग के बोल भर फागुन बुढ़ऊ देवर लागे' कानों में पड़ते हैं तो लगता है मन मोरपंखी और तन सुआपंखी हो रहा है. मुझे लगता है कि फागुन एक लोक संस्कृति का नाम है जो कानों में चुपके से कहता है-₹एकरंगा जीवन उबाऊ है. हम जहां भी रहें, जैसे भी रहें भीतर उत्सव का भाव मरना नहीं चाहिए.



रश्मि सिंह

### होलिका

आज होलिका की अग्नि में
आहूत करें दुर्बलता सारी,
ईर्ष्या -द्वेष- बैर- वैमनस्य
प्रतिद्वंदिता मारा-मारी,
इनपर सतरंगी परत चढ़ा दें
फागुन के रंगों में रंगकर
प्रेम प्यार की कलई चढ़ाकर
इक नया रंगीला जहां बसा दें
जहां नहीं कोई भेद-भाव पर हो,
बेटे बेटी संग सम भाव हो
जाति धर्म की नहीं लड़ाई
लड़ें कभी न भाई-भाई
प्यार के रंग में रंगे हों सारे
जीते कोई न कोई हारे,
भूल के सब संग खेलें होली
क्या बेगानों क्या अपनों की टोली.



संगीता कुजारा टाक

### कैसे खेलूं होली?

कैसे खेलूं होली
कैसे गाऊं फाग
करके मुझको जोगनिया
मेरे पिया गए हैं फ्रांस.

कैसे पूजूं नौ रातें
कैसे बोऊं धान
करके मुझको बावरिया
मेरे पिया गए हैं फ्रांस.

कैसे पहनूं पैजनिया
कैसे भर लूं मांग
करके मुझको बावरिया
मेरे पिया गए हैं फ्रांस.

कैसे छिड़कूं अबीर
कैसे लगाऊं गुलाल
करके मुझको जोगनिया
मेरे पिया गए हैं फ्रांस.

कैसे घोलूं शिव बूटी
और कैसे पी लूं भांग
करके मुझको जोगनिया
मेरे पिया गए हैं फ्रांस.



चारुमित्रा

### कंत बसंत

बसंत आ गया
पेड़ों पर नए पत्ते आ गए
हर शाख फूलों से लदी है
भाषा के फल और शब्दों के फूल से
सज गया है बसंत!
सरसों के फूलों पर
भौंरे मंडराने लगे हैं
हवाएं झूम कर कोई नया गीत गाने लगी हैं
स्मृतियों के पृष्ठ उड़ने लगे हैं
स्पष्ट और स्पष्टतर !
पधारे हैं कंत बसंत !
वृक्षों ने उतार फेंके हैं पुराने वसन
चढ़ गया है उस पर फागुनी रंग
धूप जो, ठिठकी - दुबकी सी थी
नीड़ से बाहर आ गई है -
अपने सुनहरे पंख खोलकर
और वासकसज्जा प्रकृति
पूरे उल्लास में है.



डॉ आकांक्षा चौधरी

### आयी होली

मदमस्त सी बयार छाई
देखो कलियां मुस्कुराईं
फागुन आया मस्ती छाई
आयी होली होली आई.
महुआ की डाली इतराई
बागों में कच्ची अमराई
कोयल ने हूक उठाई
आयी होली होली आई.
सखियों संग राधा शर्माई
सृष्टि सारी वासंती हो आई
कान्हा ने जब बंसी बजाई
आयी होली होली आई.
सबने मिल होलिका जलाई
खुशियां छाई ख़तम बुराई
अंब अंबर रंगीनी छाई
आयी होली होली आई.



शालिनी सहवा, सत्या शर्मा कीर्ति, वीना श्रीवास्तव, नंदा पांडे



विभा वर्मा वाची

### होली

आई है होली मस्तानी, पहन चुनर धानी,
दिल तार छेड़ रही, अंगिया भिंगाइए.

पीली-पीली शाम ढली, तन मन आग जली,
हिया में तरंग उठी, अब तो बचाइए.

रंग बिरंगी रंग ली, अंगिया निखर गई,
बह रही पुरवाई, इसे न छुपाइए.

लागे पहर मस्तानी, हो गई समां रूहानी
रात-दिन है सुहानी, धरा को सजाइए.

अमृत रस घोलती, झुरमुट से बोलती,
कोयलिया कुहकती, और न जगाइए.

नया-नया रंग लिए, मधुमाती गंध लिए,
दिल में उमंग धरे, होली है बुलाइए.

फूलों से दुनिया भरी, करी महफ़िल हरी
अंखियां छलक गई, नाहीं छलकाइए.

राधा भी मचल गई, पायल झनक गई,
रिमझिम बूंद आई, अब न सताइए.



रंजना वर्मा उन्मुक्त

### दिल से दिल मिल जाते सबके


रंग- बिरंगी होली आई, झूम उठा संसार.
दिल से दिल मिल जाते सबके, ऐसा यह त्यौहार.

लाल गुलाबी नीले पीले, कितने सारे रंग.
गीला- सूखा रंग डालते, आज चढ़ा कर भंग.
कहे पर्व भाईचारा का, मस्ती का भंडार .
दिल से दिल मिल जाते सबके ,ऐसा यह त्यौहार.

ब्रज की होली करें याद सब ,उड़ते मखमली रंग.
भागे राधा संग गोपियां, कान्हा करते तंग .
फूल और गुलाल से खेले, होली हो लठमार.
दिल से दिल मिल जाते सबके, ऐसा यह त्यौहार.

निकली मस्तों की टोली, जमकर खेलो आज .
सभी प्रेम की खेलो होली, मानो अपना काज.
रंग प्यार में भीगे हम सब, भीगे घर परिवार.
दिल से दिल मिल जाते सबके ,ऐसा यह त्यौहार.

चार दिनों का जग का मेला, जाए देखो बीत.
सुख-दुख आते जाते रहते, जीवन की है रीत.
जीना हमें सिखाए होली, लाये रंग हजार .
दिल से दिल मिल जाते सबके, ऐसा यह त्यौहार.



संगीता सहाय

### होली आई

होली आई होली आई
मौसम ने ली अंगड़ाई
गर्मी ने दे दी दस्तक
ठंड की हो गई विदाई.
उड़े फ़िज़ा में रंग गुलाल
हर घर में मस्ती छाई
ले रंगों से भरी पिचकारी
देखो बच्चों की टोली आई
होली आई
घर-घर जाकर बच्चों ने
लगाया रंग और खाई मिठाई
मां ने बनाए पुए बड़े
और दीदी ने गुझिया बनाई
होली आई .....
पापा-चाचा झूम रहे
ठंडाई -भंग पी रहे
लाल पीले हरे गुलाबी
रंग एक दूजे को लगा रहे
होली आई .....
त्यौहार है ये भाई चारे का
पुरखों ने ये बात बताई
एक दूजे को गले लगाया
सब ने दिल से रंजिश भुलाई
होली आई ......



रूणा रश्मि 'दीप्त'

### आय गयो है फाग पिया

पतझड़ से सूखी शाखों पर,
नवपल्लव ने मुस्कान दिया.
खेतों में सरसों फूलों ने,
भू को पीला परिधान दिया.
आमों के बौर हैं वृक्षों में,
बागों में कूके कोयलिया.
बहती पुरवाई हौले से,
मन जग का सबने मोह लिया.
खेलें मिल रंग गुलाल चलो,
अब आय गयो है फाग पिया.
चहुंदिस बिखरे जब रंग सजन,
देखे नयना हर्षाय जिया.
झोली भर लाय गुलाल तभी,
पिचकारी भरकर रंग लिया.
फिर डाला जो तूने मुझपर,
कोरी चूनर को रंग दिया.
रँग डाला तूने ये तन मन,
मुखमंडल मेरा लाल किया.
अवसर है खास बड़ा फागुन,
तुमको इसने बौराय दिया.



**व्यंग्य**

## रंग-बिरंगे शब्दों वाली होली



दिलीप तेतरवे

जग्गू पहलवान गा रहा था-
बोल जगीरा सारा रारा
सच पर झूठ का काला रंग
झूठ पर सच का सादा रंग
अरे चुनाव आया होली पर
रंग बदलते नेता सेता
बोल जगीरा सारा रारा

शहर के महाकवि कामुक अपने शब्दों में कमनीयता के रंग भर रहे थे तो दूसरी ओर, वासंती बयार में नेता जी ने आंखें मूंद लीं. हसीन सपने देखने लगे. रंग की पिचकारी दाबी तो रंग बिरंगे उनके रंग में रंग गए! उनके रंग के वोट बरसे तो अपने आपको ऊंची कुर्सी पर बैठा पाया! मुंह से पहलवानी के दिन याद आ गए, जब भांग पी कर गाया करते- मेरे रंग में रंग गई दुनिया, मेरी हो गई छमिया, बोल जगीरा सारा रारा.... नेता जी लगे अपनी अनुभवी आंखों की तराजू से कुर्सी का पॉवर चेक करने- इसका अधिकर क्षेत्र क्या है, बोल जगीरा ? इस कुर्सी से कितना दूहा जा सकता है, बोल जगीरा? इस कुर्सी के आगे-पीछे कितनी अप्सराएं नृत्य कर सकती हैं? कितने गुंडे पूंछ डुला सकते हैं? कुर्सी को कितना पैसा योजनाओं के लिए मिलता है? किन-किन योजनाओं का चित्र सात रंगों से कागज पर पेंट कर, 'कार्य पूरा किया लिखा जा सकता है?' यानी उन योजनाओं में कितना बिना काम किए, हरा नोट का काला नोट बनाया जा सकता है? काले को गोरा कर दे, गोरे काला, श्याम को आधा काला आधा गोरा कर दे, बोल जगीरा सारा रारा...

कुर्सी यानी वह कीमती चीज, जो बार-बार बेची जा सकती है और हर बार बेचनेवाले के पास ही रह जाती है और उसके बार-बार बिकने पर क्या बार-बार घर में होली मनाई जा सकती है? हां, होली मनाई जा सकती है, मालपुआ दस किलो, लड्डू पचास किलो, बिरयानी, मांस, मछली, मदिरा, अप्सराएं तो कुर्सी की ताकत के अनुसार होली. महाभोज में सर्व होंगे ही! इतना टेक्नीकलर दृश्य नेता जी आंख मूंद कर देख रहे थे, कि बॉस के दफ्तर से का कॉल आ गया- "नेता जी, होली पर आ जाइएगा, लेट नाईट होली-पार्टी रखी है, पता है न हम लोगों के रंग-बिरंगे अच्छे दिन आ गए हैं!"

"हां सर, बिल्कुल अच्छे वाले दिन आ गए हैं. घर में रुपए रंग बिरंगी चिड़ियां बन कर फुदक रही हैं, होली खेल रही हैं, अप्सराएं वीणा बजा रही हैं, नृत्य कर रही हैं, पृथ्वी-लोक पर स्वर्ग उतर आया है- अच्छे दिन आए हैं. चारों ओर आपके नाम की डंका बज रहा है, लोग आपकी आरती उतार रहे हैं. लोग केसरिया शब्दों की होली खेल रहे हैं, कत्थई शब्दों के मालपुए खा रहे हैं, सफ़ेद शब्दों के दही बड़े बिना गिने निगल रहे हैं- रंग-बिरंगे शब्दों से ही सब काम हो जा रहा है, ऑल इज वेल सर! मैं आपके पुराने भाषणों की होली जला रहा, वे कन्फ्यूजन पैदा कर रहे थे-

बुरे दिन के भाषण, अच्छे दिनों में कुडुए और बदरंग लगते हैं." "वेल डन बॉय!" नेता जी विचारने लगे- "होली सामने है, चुनाव सामने है, ऐसे में मैं भी एक पार्टी थ्रो कर दूं. पार्टी में बॉस को खुश करने का अवसर मिल जाए. फिर नेता जी का सपना प्रारंभ- "अहा! मैं बॉस की मोटी उंगली में भारी अंगूठी पहना रहा हूँ...उनसे मैं कह रहा हूँ- बॉस, आपसे मेरी पत्नी सुधा मिलना चाहती है, एक मिनट के लिए- देख राह हूं, सुधा बॉस को 'मुँह दिखाई में पचास लाख दे रही है'. नेता जी सुधा से कहते हैं, "अपने धीर जी को बोलो कि चुनाव की तैयारी करें और हर महीने होली मनाए..." बोल जगीरा सारा रारा...



संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

**टी20 वर्ल्ड कप 2024 :** आईपीएल की ट्रॉफी पर पूरी टीम की नजरें, फाइनल 15 में कौन-कौन होंगे शामिल, फैसला आईपीएल के जरिए होगा

# किसे मिलेगी भारतीय टीम में जगह, हर खिलाड़ी पर रहेगी चयनकर्ताओं की निगाहें

**भाषा। नई दिल्ली**

टीम इंडिया का अगला इंटरनेशनल मुकाबला सीधे टी20 वर्ल्ड कप 2024 में होगा, जो जून में यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा. वर्ल्ड कप 2023 के बाद से कुल 11 टी20 इंटरनेशनल मैच भारत को खेलने को मिले, जिनमें 5 ऑस्ट्रेलिया, तीन साउथ अफ्रीका और इतने ही मैच अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए. इन मैचों के जरिए भारतीय खिलाड़ियों ने टी20 विश्व कप की तैयारी की. हालांकि, कुछ सवालों के जवाब अभी भी नहीं मिले, जिनकी तलाश भारतीय टीम के चयनकर्ताओं को आईपीएल 2024 में पूरी करनी होगी.

**फाइनल फिफ्टीन में कौन-कौन शामिल? :** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए फाइनल फिफ्टीन में कौन-कौन शामिल होगा, इसका फैसला आईपीएल के जरिए होगा. हालांकि, ज्यादातर नाम फाइनल हैं, लेकिन कुछ जगह अभी भी खाली हैं. यहां तक कि हेड कोच राहुल द्रविड़ ने भी स्वीकार किया है कि हमारे पास आईपीएल होगा और हर कोई यह देखने के लिए करीब से नजर रखेगा कि उनमें से कुछ लोग कैसा खेलते हैं और हमें टीम में कौन से स्थान भरने की जरूरत है. 10 टीमें आईपीएल की ट्रॉफी पर नजरें बनाए होंगी, जबकि अजीत अगरकर की अगुवाई वाली सेलेक्शन कमेटी की निगाहें फाइनल 15 तैयार करने पर होंगी.

**इन खिलाड़ियों की जगह हो सकती है पक्की :** कप्तान रोहित शर्मा, ओपनर यशस्वी जायसवाल, सूर्यकुमार यादव, रविंद्र जडेजा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव और विराट कोहली का नाम पर लगभग मुहर लग चुकी है. हालांकि, विराट कोहली को लेकर तमाम रिपोर्ट्स आई हैं कि उनको ड्रॉप किया जा सकता है, लेकिन विराट जैसे खिलाड़ी को बाहर करना अभी के लिए गलत फैसला होगा. हालांकि, आईपीएल के कुछ मैचों में उनके प्रदर्शन पर नजर रखी जाएगी. वहीं, बाकी के 7-8 पायदानों की खोज आईपीएल के जरिए पूरी होनी है.



## संजू, शिवम, यशस्वी और गायकवाड़ स्पिन हिटर के बेस्ट ऑप्शन

विराट का तो स्ट्राइक रेट 100 से कम है, जबकि रोहित और हार्दिक का स्ट्राइक रेट 130 से कम है. बीच के ओवरों में विराट कोहली और रोहित शर्मा का स्ट्राइक रेट आईपीएल के पिछले चार सीजन में स्पिनर्स के खिलाफ अच्छा नहीं रहा. ऐसे में संजू सैमसन, शिवम दुबे, यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ दावेदार बन सकते हैं, जो स्पिनर्स पर अटैक करते हैं. सभी का स्ट्राइक रेट 140 से ज्यादा का है, लेकिन सैमसन का 150 से भी ज्यादा का है. अंतिम ओवरों के लिए रिंकू सिंह फिलहाल के लिए बेस्ट च्वॉइस हैं. शिवम दुबे भी कमाल के हिटर आखिरी के ओवरों में हैं.

### सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा विकेटकीपर का

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए सबसे ज्यादा प्रतिस्पर्धा टीम इंडिया के लिए विकेटकीपर का है. जितेश शर्मा, संजू सैमसन, केएल राहुल, ईशान किशन और फिट होने के बाद ऋषभ ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जो आईपीएल 2024 के जरिए टीम में जगह बना सकते हैं. ध्रुव को भी नहीं भूलना चाहिए, लेकिन देखना ये होगा कि क्या राजस्थान रॉयल्स में उनको बतौर विकेटकीपर बैटर मौका मिलता है या नहीं. दो ही विकेटकीपर वर्ल्ड कप के लिए चुने जाएंगे और अगले करीब एक महीने में इसका फैसला हो जाएगा.

### पांड्या पहली पसंद के तेज ऑलराउंडर

इस बात में कोई संदेह नहीं है कि हार्दिक पांड्या भारत के लिए पहली पसंद के तेज ऑलराउंडर होंगे. वे टीम के उपकप्तान भी होंगे, लेकिन चोटों के साथ वे आगे कैसे खेलते हैं और क्या पूरी तरह फिट रहते हैं, ये एक सवाल हैं. उनका बैकअप कौन होगा, ये बड़ी माथापच्ची चयनकर्ताओं के लिए हैं. इस समय सेलेक्टर्स के पास सिर्फ एक ही विकल्प हार्दिक पांड्या का है, जो शिवम दुबे हैं. हालांकि, उनकी गेंदबाजी कैसी रहती है, ये देखना दिलचस्प होगा.

गायकवाड़ के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है धोनी की विरासत संभालना

# आसान नहीं गायकवाड़ की राह...

**भाषा। नयी दिल्ली**

**खास बातें**

- सीएसके के नए कप्तान बने ऋतुराज गायकवाड़
- कई चुनौतियां गायकवाड़ का कर रही हैं इंतजार

आईपीएल 2024 के शुरू होने से पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने बड़ा बदलाव किया है. महेंद्र सिंह धोनी की जगह ऋतुराज गायकवाड़ फ्रेंचाइजी के नए कप्तान होंगे. 27 साल के ऋतुराज महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कप्तानी कर चुके हैं. वह महाराष्ट्र राज्य टीम के भी कप्तान हैं. उनकी कप्तानी में भारत ने एशियन गेम्स में गोल्ड जीता था, लेकिन आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी की विरासत को संभालना गायकवाड़ के लिए आसान नहीं है.

कई ऐसी चुनौतियां हैं, जो गायकवाड़ का इंतजार कर रही हैं. हालांकि, गायकवाड़ ने अपनी नई भूमिका के बारे में कहा कि दो कारणों से यह बहुत अच्छा लगता है. जब से मेरी आईपीएल यात्रा शुरू हुई थी, तब से इस अद्भुत फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना और फिर नेतृत्व की भूमिका के लिए एमएस धोनी द्वारा भरोसा किया जाना बहुत कुछ कहता है. चुनौती आगे है और मैं इसके लिए उत्सुक हूं.

**ऋतुराज को पसंद की टीम नहीं मिली :** हर कप्तान नीलामी में अपनी पसंद और प्लानिंग के हिसाब से खिलाड़ी खरीदता है. मुंबई इंडियंस ने भी ऑक्शन से पहले ही हार्दिक पंड्या को कप्तान बना दिया था. इससे कप्तान क्लियर होता है कि उसे कैसी टीम के साथ उतरना है. लेकिन ऋतुराज के साथ ऐसा नहीं है.

उन्हें एक ही दिन पहले कप्तान बनाया गया है. उन्हें मिली टीम धोनी की पसंद की है.

**बल्लेबाजी प्रभावित होने का खतरा :** किसी भी खिलाड़ी के लिए कप्तान बनने के बाद सबसे बड़ी चुनौती अपना खुद का खेल प्रभावित होने से रोकना होता है. ऋतुराज के पास अब कई जिम्मेदारियां होंगी. उन्हें खुद के खेल के साथ ही अन्य को लेकर भी प्लानिंग करनी होगी. इससे अपना खेल खराब होने का खतरा भी रहेगा.



### धोनी अभी भी हैं टीम का हिस्सा

महेंद्र सिंह धोनी अभी भी चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा हैं. वह मैदान पर मौजूद रहेंगे. ऋतुराज के लिए धोनी के रहते फैसले लेना आसान नहीं होगा. डीआरएस के लिए भी उन्हें विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी के पास ही जाना है. कप्तान रहते हुए कई ऐसे मौके भी आ सकते हैं जब उन्हें धोनी के खिलाफ जाना पड़ सकता है.

### टीम के कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए यह भी परेशानी है कि टीम के कई खिलाड़ी चोटिल चल रहे हैं. पिछले सीजन जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना चोटिल हैं. डेवोन कॉन्वे भी शायद ही इस सीजन में खेल पाए. शिवम दुबे और मुस्तफिजुर भी पूरी तरह फिट नहीं हैं. ऐसे में कप्तान का भार संभाल रहे गायकवाड़ के लिए सबकुछ आसान नहीं होने वाला.

**फेल होने पर हो सकता है जडेजा जैसा हाल :** महेंद्र सिंह धोनी ने जो मापदंड सेट किए हैं, उसे बरकरार रख पाना गायकवाड के लिए आसान नहीं है. 2022 सीजन की शुरुआत में धोनी की जगह रविंद्र जडेजा को कप्तानी मिली थी. पहले मैच से जडेजा से धोनी जैसे प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही थी, लेकिन वह कप्तानी का दबाव नहीं झेल पाए और बीच सीजन में ही कप्तानी छोड़ी दी. ऋतुराज के पास भी फेल होने का ऑप्शन नहीं हैं.

# केकेआर व सनराइजर्स के मुकाबले में श्रेयस की वापसी पर फोकस

**खास बातें**


- गौतम गंभीर अब मेंटोर के रूप में दूसरी पारी में लौटे हैं
- स्पिन गेंदबाजी में सुनील, वरुण और सुयश पर बढ़ी जिम्मेदारी

**भाषा। कोलकाता**

कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शनिवार को होने वाले मुकाबले में आईपीएल के दो सबसे महंगे खिलाड़ियों आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के अलावा चोट के कारण लंबे समय बाद वापसी कर रहे श्रेयस अय्यर के प्रदर्शन पर भी फोकस रहेगा. कमर की चोट के कारण पिछले साल पूरे सत्र से बाहर रहे श्रेयस केकेआर की कमान संभालेंगे. उन्होंने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिये 95 रन बनाए, लेकिन फिटनेस को देखते हुए यह तय नहीं है कि वह सारे मैच खेल सकेंगे या नहीं. केकेआर के सबसे कामयाब कप्तान गौतम गंभीर अब मेंटोर के रूप में दूसरी पारी में लौटे हैं. घरेलू सर्किट पर चतुर रणनीतिकार मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित के साथ उनकी साझेदारी दिलचस्प होगी.

**कमिंस पर होगी सनराइजर्स की तकदीर बदलने की जिम्मेदारी :** केकेआर के पास बल्लेबाजी में अय्यर के अलावा रिंकू सिंह, रसेल, रहमानुल्लाह गुरबाज, फिल साल्ट और वेंकटेश अय्यर हैं. स्पिन गेंदबाजी में सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और सुयश शर्मा पर जिम्मेदारी होगी. सनराइजर्स की कमान आस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान कमिंस के हाथ में होगी, जिन्हें 20 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदा गया है. वह आईपीएल के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं और पिछले तीन सत्र में आखिरी स्थान पर रही सनराइजर्स की तकदीर बदलने की जिम्मेदारी उन पर होगी.

सनराइजर्स के पास ट्रेविस हेड और हेनरिच क्लासेन जैसे बल्लेबाज हैं, जबकि गेंदबाजी में कमिंस और भारत के डेथ ओवरों के विशेषज्ञ भुवनेश्वर कुमार होंगे. स्पिन में वानिंदु हसरंगा और वॉशिंगटन सुंदर जिम्मा संभालेंगे. यह देखना होगा कि हसरंगा पहला मैच खेल सकेंगे या नहीं चूंकि बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट के लिए आईसीसी ने उन पर प्रतिबंध लगाया है.



**कोलकाता नाइट राइडर्स**

श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा.

**सनराइजर्स हैदराबाद**

पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन.

### यह तुम्हारी टीम है, बनाओ या बिगाड़ो: शाहरुख

टीम के मालिक शाहरुख खान ने गंभीर से कहा है कि यह तुम्हारी टीम है. बनाओ या बिगाड़ो. गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने 2011 से 2017 के बाद दो आईपीएल खिताब जीते, पांच प्लेआफ खेले और एक बार अब बंद हो चुकी चैम्पियंस लीग में उपविजेता रही. केकेआर ने स्टार्क को 24 करोड़ 75 लाख रुपये में खरीदा है और बायें हाथ के इस तेज गेंदबाज पर अच्छे प्रदर्शन का काफी दबाव होगा. पावरप्ले और डैथ ओवरों में उनके स्पैल निर्णायक साबित हो सकते हैं. केकेआर के पास स्टार्क और आंद्रे रसेल जैसे दो अनुभवी तेज गेंदबाज है और उनकी जगह लेने के लिए उनके जैसा कोई विकल्प नहीं है लिहाजा कार्यभार प्रबंधन में सावधानी बरतनी होगी.



# भारत ने अफगानिस्तान के साथ खेला ड्रॉ

तीसरे दौर में पहुंचने की उम्मीदों को लग सकता झटका

**फीफा विश्व कप क्वालीफायर**

**भाषा। सऊदी अरब**

फीफा वर्ल्ड कप 2026 में भारतीय फुटबॉल टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ मुकाबला खेला. दोनों टीमों के बीच ये मैच सऊदी अरब के डमक स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले के ड्रॉ होने के चलते भारतीय फुटबॉल टीम 3 अहम अंक बटोरने से चूक गई जिसकी वजह से अब उनके क्वालीफायर में तीसरे राउंड में पहुंचने की उम्मीदों को झटका लग सकता है.

**ग्रुप ए में कुवैत से सिर्फ 1 अंक आगे भारत :** अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में यदि भारतीय फुटबॉल टीम जीतने में कामयाब होती तो वह कुवैत से अधिक बढ़त के साथ प्वाइंट्स टेबल में आगे होती. अभी इंडियन फुटबॉल टीम दूसरे स्थान पर तो है लेकिन उसके कुवैत से सिर्फ एक अंक अधिक हैं. इस मुकाबले को लेकर बात की जाए भारतीय टीम की तरफ से काफी आक्रामक शुरुआत देखने को मिली थी. अपने इंटरनेशनल करियर का पहला मुकाबला खेल रहे विक्रम प्रताप सिंह ने अफगान टीम के डिफेंडर खिलाड़ियों को लगातार अपने खेल से उलझाए रखा जिसमें उनका साथ मनवीर सिंह ने दिया. पहले हाफ के खेल के दौरान भारतीय फुटबॉल टीम पूरी तरह से हावी दिखाई दी.



### मैच ड्रॉ पर सुनील छेत्री ने जताई निराशा

भारतीय फुटबॉल टीम के अफगानिस्तान के खिलाफ मुकाबले में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद सुनील छेत्री ने एआईएफएफ को दिए अपने बयान में कहा कि अफगान खिलाड़ियों ने एक टीम के तौर पर खेला जिसमें वह काफी आक्रामक दिखाई दिए. उन्हें पता था कि आखिर उन्हें क्या करना है जो एश्ले वेस्टवुड की कोचिंग में दिखता है. लेकिन मुझे लगता है कि ये हम पर अधिक निर्भर करता है कि हम कैसा खेलते हैं, हम इस मुकाबले में पूरी तरह से हावी नहीं दिखाई दिए. एशियन कप में क्या हुआ उसके बाद हमें वापसी करनी चाहिए थी हालांकि ये आसान नहीं है लेकिन हमें इससे इससे जल्द आगे निकलना होगा.

### क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हरियाणा के 15 मुक्केबाज

**ग्रेटर नोएडा ।** हरियाणा के मुक्केबाजों ने सब जूनियर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के तीसरे दिन प्रभावी प्रदर्शन किया. नौ लड़के तथा छह लड़कियां क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए. उदय सिंह ने 37 किलो वर्ग में पंजाब के रणवीर को 5-0 से हराया. रवि सिहाग (49 किलो), लक्ष्य (52 किलो) और नमन (58 किलो) भी बड़े अंतर से जीतकर आगे पहुंचे. संचित जयानी (46 किलो), अर्पित (55 किलो) और अनमोल दहिया (64 किलो) ने भी अपने अपने मुकाबले जीत लिये. सिद्धांत (61 किलो) ने तमिलनाडु के एमडी देवा आकाश को 3-2 से हराया. कार्तिक डागर ने 70 किलो वर्ग में मणिपुर के लेइमापकम को 4-1 से मात दी. लड़कियों के वर्ग में खुशी (33 किलो), भूमि (35 किलो), निश्चल शर्मा (37 किलो), कुशिका (49 किलो), सुखरीत (64 किलो) और मंशी मलिक (67 प्लस किलो) ने अगले दौर में प्रवेश किया.

**सुपर 300 बैडमिंटन** जापान की तोमोका मियाजाकी ने पी वी सिंधू ओपन टूर्नामेंट में दी मात

# सिंधू-सेन हारे, श्रीकांत व राजावत क्वार्टर फाइनल में

**भाषा। बासेल (स्विटजरलैंड)**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू स्विस ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापानी युवा खिलाड़ी से हार गई जबकि लक्ष्य सेन को प्री क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपै के ली चिया हाओ ने हराया. भारत के किदाम्बी श्रीकांत, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज अपने अपने मुकाबले जीतकर पुरूष एकल वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए. ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में दूसरे दौर में बाहर हुई सिंधू को जापान की 17 वर्ष की जूनियर विश्व चैम्पियन तोमोका मियाजाकी के हाथों 21.16, 19.21 , 16.21 से पराजय झेलनी पड़ी. वहीं सेन को सिर्फ 38 मिनट में ली चिया हाओ ने 21.17, 21.15 से हराया. श्रीकांत ने मलेशिया के दूसरी वरीयता प्राप्त ली जि जिया को 21.16, 21.15 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि राजावत ने चीन के लेइ ला शि को 21.14, 21.13 से हराया. जॉर्ज ने फ्रांस के एलेक्स लेनियर को 18.21, 22.20, 21.18 से मात दी.



### श्रीकांत का सामना ली चिया हाओ से होगा

श्रीकांत का सामना ली चिया हाओ से होगा जबकि राजावत अब चीनी ताइपै के चोउ तियेन चेन से खेलेंगे. जॉर्ज की टक्कर डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगी. चोट के कारण लंबे समय ब्रेक पर रही सिंधू ने पूरी कोशिश की लेकिन जापान की युवा खिलाड़ी के जोश का उनके पास जवाब नहीं था. दो साल पहले विश्व जूनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली मियाजाकी ने पिछले सप्ताह ओरलियंस मास्टर्स जीता था. वह पहला गेम हार गई, लेकिन तुरंत वापसी करके 80 मिनट में यह मुकाबला जीता.

**त्रिसा व गायत्री का सामना सेतियाना और एंजेला से होगा :** इससे पहले महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने प्रिया कोंजेंगबाम और श्रुति मिश्रा को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. उन्होंने सिर्फ 36 मिनट में 21.10, 21.12 से जीत दर्ज की. अब उनका सामना आस्ट्रेलिया की सेतियाना मापासा और एंजेला यू से होगा. भारत की तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को जापान की रूइ हिरोकामी और युना कातो ने 21.17, 21.16 से हराया

### डब्ल्यूटीटी फीडर खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने साथियान

**नयी दिल्ली।** भारत के स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी साथियान ज्ञानशेखरन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरिज टूर्नामेंट में पुरूष एकल खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए, जिन्होंने लेबनान के बैरूत में यह उपलब्धि हासिल की. उन्होंने डब्ल्यूटीटी फीडर बैरूत 2024 के आखिरी दिन भारत के ही मानव ठक्कर को 3.1 (6.11, 11.7, 11.7, 11.4) से हराया. इससे पहले उन्होंने भारत के ही हरमीत देसाई को 15.13, 6.11, 11.8, 13.11 से मात दी थी औ शीर्ष वरीयता प्राप्त चुआंग चिह युआन को 11.8, 11.13, 11.8, 11.9 से हराया था. महिला एकल में शिया लियान नि विजेता रही जिन्होंने सुह यो वोन को 11.9, 11.5, 11.5 से मात दी. पुरूष युगल में भारत के मानव ठक्कर और मानुष उत्पलभाई शाह फाइनल में एंडी परेरा और जॉर्ज कंपोस से 11.5, 7.11, 11.13, 12.14 से हार गए.

# रॉयल्स टीम में जम्पा की जगह कोटियान, शरत टाइटंस से जुड़े

**भाषा। नयी दिल्ली**

**खास बातें**

- रोबिन मिंज की जगह जीटी से जुड़े बीआर शरत
- रणजी सत्र में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे हैं कोटियान

मुंबई को 42वां रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले तनुष कोटियान को आस्ट्रेलिया के एडम जम्पा के विकल्प के तौर पर शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स टीम में शामिल किया गया. कोटियान को उनके बेसप्राइज 20 लाख में खरीदा गया. पिछले सत्र में जम्पा ने रॉयल्स के लिये छह मैचों में आठ विकेट लिये थे. उन्हें डेढ करोड़ पर टीम में बरकरार रखा गया लेकिन जून में होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर कार्यभार का हवाला देकर जम्पा ने आईपीएल से नाम वापिस ले लिया. आफ स्पिनर और निचले क्रम के उपयोगी बल्लेबाज कोटियान ने मुश्ताक अली ट्रॉफी में मुंबई की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन संदिग्ध गेंदबाजी एक्शन के लिये उनकी शिकायत की गई. कोटियान ने शानदार वापसी की और इस रणजी सत्र में प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे . उन्होंने 502 रन बनाने के साथ 29 विकेट लिये थे. क्वार्टर फाइनल में बड़ौदा के खिलाफ वह नाबाद 120 और सेमीफाइनल में तमिलनाडु के खिलाफ नाबाद 89 रन बनाये थे.

आईपीएल ने कर्नाटक के विकेटकीपर बल्लेबाज बीआर शरत के रोबिन मिंज की जगह गुजरात टाइटंस से जुड़ने की भी जानकारी दी. झारखंड के मिंज मोटर साइकिल दुर्घटना में घायल होने के कारण बाहर हो गए थे .

▼ ब्रीफ खबरें

## पूर्व सांसद आनंद मोहन को मिली राहत

**पटना।** 28 वर्ष पुराने मामले में पूर्व सांसद आनंद मोहन को बड़ी राहत मिली. कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में आनंद मोहन को जमानत दे दिया. आनंद मोहन ने भारतीय न्याय व्यवस्था का आभार जताते हुए कहा कि जेल में रहते हुए मुझे जान बूझकर फंसाया जाने का काम किया गया था. वहीं शिवहर से पत्नी लवली आनंद को लेकर के कहा शिवहर की जनता हमेशा से मेरे साथ रही है और बेहद प्यार करती है. जेल में रहते हुए वहां की जनता ने संसद में भेजने का काम किया था और इस बार भी ऐसा ही होगा. हम तैयारी में जुटे हुए हैं.

## पटना में सिलेंडर फटा पांच लोग झुलसे

**पटना ।** पटना के दशरथा मोहल्ले में गुरुवार देर रात खाना बनाने के दौरान सिलेंडर फट गया. सिलेंडर ब्लास्ट होने से एक ही परिवार के पांच लोग बुरी तरह झुलस गए. स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी. सिलेंडर ब्लास्ट की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, जिसके बाद आग पर काबू पाया गया. पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल ले लाया. पुलिस ने बताया कि घटना बेऊर थाना इलाके के दशरथा मोहल्ले की है, जहां किरायेदार के कमरे में अचानक सिलेंडर ब्लास्ट होने से 5 लोग झुलस गए. सभी घायलों को पारस हॉस्पिटल ले जाया गया जहां सभी का इलाज शुरू किया गया.

## रील्स बनाने वाली महिला की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र के सिरसा कॉलोनी में शुक्रवार को रील्स बनाने वाली महिला की लाश फंदे से लटकी मिली है. जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अभिरक्षा में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. मृतका की पहचान गोपालगंज जिला के सासामुसा निवासी लैला खातून के रूप में हुई है. बताया गया कि उसके पति की मौत 6 माह पूर्व हो जाने के बाद वह दो बच्चों के साथ मायके सिरसा में रह रही थी. मृतका लैला के परिजनों ने बताया कि उसके पति की छह माह पहले गोपालगंज में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी.

### लोकसभा चुनाव : राजद ने मीसा को पाटलीपुत्र और रोहिणी को सारण सीट से बनाएंगे उम्मीदवार

# सीट बंटवारे से पहले ही 10 उम्मीदवारों के नाम तय किए

संवाददाता। पटना





आईएनडीआई गठबंधन में सीट बंटवारे से पहले ही राजद ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम तय कर दिये हैं. जल्द ही इनके नामों की घोषणा कर दी जाएगी. इनमें पाटलिपुत्र, सारण, बांका, बक्सर और जहानाबाद संसदीय सीट हैं. इससे पूर्व राजद ने नवादा, जमुई, औरंगाबाद, गया, मुंगेर को लेकर भी कुछ नामों को फाइनल किया है. खास बात यह है कि राजद सुप्रीमो लालू यादव इस बार के लोकसभा चुनाव में दो बेटियों को संसद भेजने की तैयारी में हैं. राजद नेताओं के अनुसार इस बार के संसदीय चुनाव में मीसा भारती और रोहिणी लोकसभा चुनाव लड़ेंगी. मीसा भारती पाटलिपुत्र सीट से और रोहिणी आचार्य सारण सीट से चुनाव लड़ सकती हैं. दोनों के नामों की जल्द ही घोषणा कर दी जाएगी. इसे लेकर लालू यादव ने अपने खास नेताओं के संग बैठक की है और दोनों बेटियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए खास रणनीति बनाई है.

बिहार की सियासत में दोनों सक्रिय हैं : दरअसल, मीसा भारती पहले ही पाटलिपुत्र सीट से चुनाव लड़ने को लेकर संकेत दे चुकी है. साथ ही रोहिणी आचार्य भी सारण सीट से चुनाव लड़ सकती हैं. रोहिणी आचार्य सिंगापुर में रहती है लेकिन नियमित रूप से बिहार की सियासत में सक्रिय रहती हैं. पिछले दिनों ही लालू यादव के खास एमएलसी सुनील कुमार सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि रोहिणी आचार्य सारण से चुनाव लड़ें यह राजद के सभी कार्यकर्ताओं की इच्छा है. बताया गया है कि लालू यादव ने रोहिणी आचार्य के नाम पर सहमति दे दी है. इनके अलावा राजद की ओर से बांका से जय प्रकाश नारायण, बक्सर से सुधाकर सिंह और जहानाबाद से सुरेंद्र यादव के नामों पर लालू यादव से सहमति जताई है. तीनों नेता पूर्व में मंत्री रह चुके हैं और लालू यादव के बेहद करीबी माने जाते हैं.

# बेगूसराय लोस : सीपीआई से अवधेश राय होंगे उम्मीदवार

संवाददाता। पटना

राजद ने कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) को बेगूसराय लोकसभा सीट दे दिया है. सीपीआई ने इस सीट से उम्मीदवार के नाम का भी एलान कर दिया है. इसके साथ कन्हैया कुमार के लिए बेगूसराय की सीट मांग रही कांग्रेस को लालू यादव से जोरदार झटका लगा है और कन्हैया का पत्ता साफ हो गया है. सीपीआई महासचिव डी. राजा ने शुक्रवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीपीआई राज्य कमेटी की बैठक में बेगूसराय से अवधेश राय को उम्मीदवार बनाने का फैसला लिया गया है. अवधेश राय बेगूसराय से आईएनडीआईए के उम्मीदवार होंगे. डी. राजा ने कहा कि सीपीआई की मांग दो सीटों की है लेकिन फिलहाल एक सीट देने का फैसला हो गया है. दूसरे सीट को लेकर राजद से बातचीत जारी है. उम्मीद है कि उनकी पार्टी को दूसरी सीट भी मिल जायेगी.

डी. राजा एक दिन पहले ही सीपीआई लालू यादव और तेजस्वी यादव से मिले थे. वहां हुई बातचीत में राजद ने बेगूसराय सीट को सीपीआई को देने का एलान किया. उल्लेखनीय है कि पिछले लोस चुनाव में कन्हैया कुमार सीपीआई के उम्मीदवार बनकर यहां से लड़े थे. बाद में वे कांग्रेस में शामिल हो गये थे.

### निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा गिरा

# एक मजदूर की मौत, नौ घायल

- घटना में कुल 10 मजदूर फंसे हुए थे और सभी को बचा लिया गया है

संवाददाता। सुपौल/पटना

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा बोले-भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



सुपौल जिले में शुक्रवार सुबह एक निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने एक बयान में कहा, सुपौल और मधुबनी जिले के भेजा-बकौर के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल के एक हिस्से के गिरने से एक मजदूर की मृत्यु और कुछ अन्य मजदूरों के घायल होने की सूचना मिली है. यह घटना बहुत दुखद और मन को पीड़ा देने वाली है. प्रशासन को घायलों की अविलंब मदद करने और समुचित मुआवजा देने का निर्देश दे दिया गया है.

उन्होंने कहा, निर्माणधीन पुल गिरने की जांच कराई जाएगी और दोषी अभियंताओं और कार्यरत कंपनी के विरुद्ध नियम अनुसार जांच की जाएगी. सिन्हा ने कहा, डबल इंजन की सरकार में भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और लोक निधि की लूट की छूट किसी को नहीं दी जा सकती. यदि जांच में यह बात सामने आएगी तो जिम्मेदार कर्मियों और कंपनी पर विधि सम्मत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी.

उन्होंने कहा, हम इस घटना को लेकर लगातार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों से संपर्क में हैं और सारी आवश्यक जानकारी ले रहे हैं. सुपौल जिला के बकौर से मधुबनी जिले के भेजा के बीच कोसी नदी पर निर्माणाधीन उक्त पुल का एक हिस्सा मरीचा के पास गिर गया.

एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी (आरओ) वाई बी सिंह ने कहा, आज एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी जब मधुबनी और सुपौल जिलों में भेजा और बकौर के बीच पुल का एक निर्माणाधीन स्पैन (पिलर नंबर 153-154) ढह गया. उपलब्ध रिपोर्ट के अनुसार, घटना में कुल 10 मजदूर फंसे हुए थे और सभी को बचा लिया गया है. दुर्भाग्य से, अस्पताल ले जाते समय एक व्यक्ति की मौत हो गई और अन्य 9 मामूली चोटों के कारण खतरे से बाहर हैं. सिंह ने कहा, मृतकों के साथ-साथ घायल पीड़ितों के लिए पर्याप्त मुआवजे की व्यवस्था की जा रही है. दुर्घटना के कारण का आकलन करने और आवश्यक उपचारात्मक उपाय करने के लिए विशेषज्ञों को घटना के बारे में जानकारी दी गई है. एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी मामले पर तत्काल कार्रवाई करने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं. पत्रकारों से बात करते हुए, जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा, सभी वरिष्ठ अधिकारी उस स्थान पर पहुंच गए हैं जहां घटना हुई है. उन्होंने बताया कि पुल का निर्माण एनएचएआई द्वारा कोसी नदी पर किया जा रहा है.

## ट्रक और बाइक में टक्कर, दो की मौत

**पूर्वी चंपारण ।** दिल्ली-काठमांडू को जोड़ने वाले हाइवे के रामगढ़वा के पास गुरुवार देर रात ट्रक और बाइक की टक्कर में दो की मौत हो गई. रामगढ़वा पुलिस के मुताबिक रामगढ़वा ओवरब्रिज के पास ट्रक और बाइक में टक्कर हो गई. बाइक पर दो लोग सवार थे. जिसमें एक व्यक्ति टक्कर के बाद वही गिर गया, जिससे मौत हो गई. लेकिन दूसरा व्यक्ति उसी ट्रक में बाइक के साथ फंस गया. बाइक से ट्रक में फंसने के बाद लगभग एक किलोमीटर तक ट्रक बाइक को घसीटते हुए ले गया. बाइक के घर्सन के चलते हुए ट्रक में आग लग गई. उसके बाद ट्रक चालक और खलासी ट्रक छोड़ कर फरार हो गया.

### भोजपुर में स्टेट हाइवे पर बड़ा हादसा

# दो बाइक पर सवार छह को ट्रक ने कुचला, चार की मौत

संवाददाता। भोजपुर

भोजपुर में सड़क हादसे में चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. घटना पीरो थाना क्षेत्र के मनैनी छलका बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर हुई है. इस घटना में चार लोगों की मौत हुई है. जबकि दो लोगों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है. वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद पीरो थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है. वहीं, दूसरी तरफ भीषण दर्दनाक हादसे के बाद ग्रामीणों ने बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे को जाम कर दिया है. वहीं, ट्रक चालक घटना को अंजाम देने के बाद आसानी से फरार हो गया है. जानकारी के मुताबिक, इस घटना में चार लोगों की मौत हुई है, जिसमें सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के नौआ गांव निवासी 40 वर्षीय वीर कुंवर राम और उनकी छह वर्षीय बेटी शिवानी कुमारी है. तरारी थाना क्षेत्र के उमेश पासवान के पुत्र अंटू कुमार, तरारी थाना क्षेत्र के रवींद्र पासवान का बेटा अभिषेक कुमार है.

# 45 किलो गांजे व 98.5 हजार रुपये के साथ तीन गिरफ्तार

संवाददाता। अररिया

घूरना थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा के पास से एसएसबी और घूरना थाना पुलिस ने चेकपोस्ट पर चेकिंग के दौरान तीन तस्करों को 45 किलो गांजा, 98 हजार 500 रूपये, चार मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया. गिरफ्तार तस्करों में कटिहार जिला के समेली थाना क्षेत्र के चांदपुर डुमरिया निवासी सुरेश कुमार सिंह के 44 वर्षीय पुत्र किशोर कुमार सिंह, सुपौल जिला के रतनपुरा पिपरही पट्टी वार्ड संख्या 3 निवासी रामप्रसाद यादव के 35 वर्षीय पुत्र धर्मदेव यादव और तीसरा पूर्णिया धमदाहा के विशनपुर फुलवरिया निवासी लाल चंद मंडल के 25 वर्षीय पुत्र सिकंदर मंडल है. एसएसबी और पुलिस ने तीनों के पास से छह किलो वाले 5 पैकेट और 5 किलो वाले तीन पैकेट गांजा को बरामद किया.पुलिस ने तीनों गिरफ्तार युवकों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. गांजा बरामद किए जाने की जानकारी फारबिसगंज एसएसपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी.

## जंगली फल खाने से छह बच्चे बीमार, भर्ती

**पटना ।** नवादा जिले के शिव नगर के गोनवां मुहल्ले में शुक्रवार को जंगली फल खाने से एक ही परिवार के छह बच्चे गंभीर रूप से बीमार हो गए. सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. शिवनगर गोनवां मुहल्ले में सरकारी आईटीआई के पास नर्सरी में सभी बच्चे खेल रहे थे. इनकी नजर जंगली फल पर पड़ी और पका देखकर सभी ने खा लिया. बीमार पड़े बच्चों में मिथुन मांझी का पुत्र विकास कुमार, कमलेश मांझी का पुत्र लक्षण कुमार, रविंद्र मांझी का पुत्र रौशन कुमार, असरफी मांझी का पुत्र प्रदीप कुमार और संदीप कुमार और सारजन मांझी का पुत्र आशिक कुमार हैं.

## कारोबार

## जेनसोल को महाराष्ट्र में मिली परियोजना

**नयी दिल्ली।** जेनसोल इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र में सौर ऊर्जा परियोजना स्थापित करने के लिए 520 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है. जेनसोल ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह ऑर्डर राज्य की एक अग्रणी बिजली उत्पादन इकाई से प्राप्त किया गया है. इसमें कहा गया, इस परियोजना में महाराष्ट्र में 500 एकड़ में 100 मेगावाट एसी/135 मेगावाटपी ग्राउंड-माउंट सौर पीवी बिजली परियोजना का विकास शामिल है, जिसका कुल ऑर्डर मूल्य 520 करोड़ रुपये है.

## सरसों के बीज की कीमतें कम होना चिंताजनक

**नयी दिल्ली।** खाद्य तेल उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) ने शुक्रवार को सरसों के बीज की थोक कीमतें 5,650 रुपये प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य से नीचे गिरने पर चिंता जताते हुए सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया. एसईए के अध्यक्ष अजय झुनझुनवाला ने बयान में कहा, हम अधिकारियों से एमएसपी पर सरसों के बीज की खरीद की सुविधा के लिए प्रमुख मंडी क्षेत्रों में खरीद केंद्र स्थापित करने के लिए नेफेड को निर्देश दिया गया है.

## सरकार ने जिंक की योजना को किया खारिज

**नयी दिल्ली।** खान मंत्रालय ने वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड द्वारा कंपनी को विभिन्न इकाइयों में विभाजित करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. सरकार हिंदुस्तान जिंक में सबसे बड़ी अल्पसंख्यक शेयरधारक है. सरकार के पास कंपनी में 29.54 प्रतिशत हिस्सेदारी है. खान सचिव वीएल कांता राव ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हम प्रस्ताव से सहमत नहीं हुए. जिंक ने पहले अपने बाजार पूंजीकरण को बढ़ाने के लिए जस्ता और चांदी के कारोबार को अलग-अलग इकाइयों में विभाजित करने की योजना की घोषणा की थी.

### गोल्ड प्रति दस ग्राम 66,914 रुपये के ऑल टाइम हाई पर पहुंच कर बनाया रिकॉर्ड

# ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सोना

- इस साल इंटरेस्ट रेट में तीन बार कटौती हो सकती है

भाषा। नयी दिल्ली




पिछले कुछ दिनों से सोने की कीमत में बढ़त जारी है. यूएस फेड के फैसले के बाद गुरुवार को गोल्ड ने प्रति दस ग्राम 66,914 रुपये के ऑल टाइम हाई पर पहुंच कर नया रिकॉर्ड बना लिया. गोल्ड में लगातार जारी रैली के बाद इस नए टॉप को देख कर झवेरी बाजार में शादियों की खरीदारों कर रहे कस्टमर्स यह पूछते पाए गए कि आखिर गोल्ड और कितना उपर जा सकता है? इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार सिर्फ एक दिन में 999 गोल्ड का भाव 1225 रुपये प्रति दस ग्राम बढ़ गया. यह दिनोंदिन कमोबेश बढ़ता ही जा रहा है. बुधवार को जहां इसकी कीमत 65,689 रुपये थी, वह बढ़कर 66,914 रुपये पर पहुंच गई. झवेरी बाजार स्थित उम्मेदमल त्रिलोकचंद जवेरी के प्रमुख कुमार जैन कहते हैं कि अब तो बायर्स भी सोच में पड़ गए हैं, लेकिन आगे तेजी के डर से इस लेवल पर भी खरीदारी कर रहे. आईबीजेए के नेशनल सेक्रेटरी सुरेंद्र मेहता ने बताया कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने कहा कि वे अभी तो इंटरेस्ट रेट नहीं घटाएंगे, लेकिन अनुमान जताया है कि इस साल इंटरेस्ट रेट में तीन बार कटौती की जाएगी. हालांकि अमेरिका में महंगाई बढ़ी हुई है, लेकिन बावजूद इसके कम ब्याज दरों की संभावना के चलते गोल्ड निवेशकों के लिए आकर्षक निवेश बन जाता है, जिससे इसकी खरीदारी बढ़ जाती है और कीमतों में वृद्धि होती है. सभी के लिए सलाह है कि इस रेट पर थोड़ा-थोड़ा ही खरीदें, क्योंकि हिस्टोरिकली ऐसा देखा गया है कि गोल्ड नया टॉप बनाने के बाद गिरता है. हो सकता है गोल्ड नीचे से 62,500 के लेवल पर मिल जाए और अगर ऊपर की बात करें तो यह 68,200 के लेवल पर भी जा सकता है. वहीं पीएल वेल्थ मैनेजमेंट के चीफ बिजनेस ऑफिसर शशांक पाल ने कहा कि हमें नहीं लगता कि रेट में कटौती की मात्रा 75 बीपीएस से अधिक होगी. गोल्ड हमेशा इंफ्लेशन के खिलाफ एक अच्छा बचाव रहा है और कीमतें 2024 तक मजबूत बनी रहेंगी. ऑल इंडिया जेम एंड ज्वेलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चैयरमेन संयम मेहरा का कहना है कि यूएस फेड द्वारा इस साल के अंत में तीन दर ब्याज दरों में कटौती के स्टेटमेंट से संकेत मिलता है कि महंगाई में बढ़ोतरी अमेरिकी नीति निर्माताओं के लिए कोई चिंता की बात नहीं है. इससे गोल्ड की कीमतें रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गई. गोल्ड की कीमतों को जियो-पॉलिटिकल और सेंट्रल बैंकों द्वारा की जा रही रिकॉर्ड खरीदारी का भी सपोर्ट मिला है. गोल्ड की कीमतें और बढ़ने की उम्मीद है.

## न्यूजीलैंड में मंदी सकल घरेलू उत्पाद में आई भारी गिरावट

**लंदन।** यदि आप न्यूजीलैंड में रहते हैं और आप गरीब महसूस कर रहे हैं, तो आप इसकी कल्पना नहीं कर रहे हैं. न्यूजीलैंड की आधिकारिक सांख्यिकी एजेंसी स्टैट्स एनजेड ने कहा है कि अर्थव्यवस्था पिछले साल की दूसरी छमाही में मंदी में थी. सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में सितंबर तिमाही में 0.3 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 0.1 फीसदी की गिरावट आई.

आप्रवासन के रिकॉर्ड उच्च स्तर को ध्यान में रखते हुए वेस्टपैक के सबसे हालिया आर्थिक बुलेटिन में अनुमान लगाया गया है कि यह प्रति व्यक्ति जीडीपी के बराबर हो सकता है, जो 2022 के मध्य में अपने चरम से लगभग चार प्रतिशत गिर गया है तो फिर, राजनीतिक रूप से इसका क्या मतलब है और गठबंधन इसके बारे में क्या कर सकता है? चूंकि आंकड़े पूर्वव्यापी हैं तो नई सरकार पुरानी सरकार को दोषी ठहरा सकती है लेकिन यह बहुत से लोगों को अधिक समय तक संतुष्ट नहीं करेगा. फरवरी के अंत में आईपीएसओएस सर्वेक्षण के अनुसार, न्यूजीलैंडवासियों ने अक्टूबर, 2023 में आम चुनाव से ठीक पहले लेबर सरकार को 10 में से 4.7 की तुलना में गठबंधन के प्रदर्शन को 4.6 रेटिंग दी.

# डीजीसीए ने एयर इंडिया पर लगाया 80 लाख का जुर्माना

**नयी दिल्ली ।** डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 80 लाख रुपये का भारी भरकम जुर्माना लगाया है. एयरलाइंस द्वारा दो नियमों का उल्लंघन किया गया है. यह जुर्माना उड़ान सेवा अवधि (एफडीटीएल) सीमित करने और चालक दल के लिए थकान प्रबंधन प्रणाली (एफएमएस) से संबंधित मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया. दरअसल नागर विमानन महानिदेशालय ने जनवरी में एयर इंडिया का ऑडिट किया था. इस दौरान डीजीसीए को कुछ सबूत मिले और इनके आधार पर यह फैसला किया गया है. डीजीसीए द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि रिपोर्ट और सबूतों के विश्लेषण से कुछ बातें सामने आई हैं. पता चला है कि एयर इंडिया लिमिटेड ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों चालक दल के सदस्यों के साथ उड़ान भरी थी. बयान के मुताबिक एयर इंडिया ने चालक दल को पर्याप्त आराम नहीं दिया.

# जोमैटो के सीईओ ने रचाई दूसरी शादी

एजेंसी। नयी दिल्ली

ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल ने दूसरी बार शादी रचायी है. दीपिंदर गोयल ने मैक्सिको में जन्मी ग्रेसिया मुनोज के साथ सात फेरे लिये हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो जोमैटो के सीईओ ने ग्रेसिया मुनोज से एक महीने पहले ही शादी की है. कपल फरवरी में ही हनीमून से लौटे थे. ग्रेसिया मुनोज मैक्सिकन मॉडल थी. 2022 में ग्रेसिया अमेरिका के मेट्रोपॉलिटन फैशन वीक की विजेता भी थी. हालांकि अब उन्होंने मॉडलिंग छोड़ दी है. फिलहाल वो लग्जरी प्रोडक्ट्स के स्टार्टअप पर काम कर रही है. रिपोर्ट्स की मानें तो ग्रेसिया कुछ दिन पहले दिल्ली घूमने आयी थी. इस दौरान उनकी मुलाकात दीपिंदर गोयल से हुई. दोनों ने काफी दिनों तक एक-दूसरे को डेट किया. इसके बाद शादी रचा ली. ग्रेसिया ने अपने इंस्टाग्राम पर ढाई माह पहले दिल्ली की कुछ तस्वीर शेयर की है. इस तस्वीर पर उन्होंने लिखा है कि दिल्ली दर्शन (भाग 1) मेरे नये घर में मेरे नये जीवन की झलकियां. ग्रेसिया के इस कैप्शन से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अपने ससुराल यानी भारत में नये जीवन की कुछ तस्वीर दिखा रही हैं.

**शेयर बाजार** हफ्ते के आखिरी सत्र में शानदार तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

# बीएसई सेंसेक्स 72,832 व निफ्टी 22,097 अंकों पर हुआ बंद

एजेंसी। मुंबई



हफ्ते का आखिरी कारोबारी सत्र भारतीय शेयर बाजार के लिए राहत भरा रहा है. आईटी स्टॉक्स में जोरदार बिकवाली के बावजूद भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ है. जिसमें बैंकिंग, ऑटो और फार्मा स्टॉक्स का बड़ा योगदान रहा है. मिडकैप और स्मॉलकैप स्टॉक्स में खरीदारी देखने को मिली है.

शुक्रवार का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 190 अंकों के उछाल के साथ 72,832 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 84 अंकों के उछाल के साथ 22,097 अंकों पर बंद हुआ है. शुक्रवार के ट्रेड में बाजार में तेजी के चलते निवेशकों की संपत्ति में उछाल देखने को मिला है. बीएसई पर लिस्टेड स्टॉक्स का मार्केट वैल्यू 382.13 लाख करोड़ रुपये रहा है जो पिछले सत्र में 380 लाख करोड़ रुपये रहा था. यानि सत्र में शेयर बाजार के मार्केट कैपिटलाइजेशन में 2.13 लाख करोड़ रुपये का इजाफा देखने को मिला है. बीएसई के डेटा के मुताबिक कुल 3906 स्टॉक्स की ट्रेडिंग हुई जिसमें 2431 स्टॉक्स तेजी के साथ जबकि 1375 शेयर गिरावट के साथ बंद हुआ है. 100 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ है.

### ऑटो-बैंक स्टॉक्स में रही तेजी

शुक्रवार के ट्रेड में बैंकिंग, ऑटो, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल्स, रियल एस्टेट, मीडिया, एनर्जी, इंफ्रा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस स्टॉक्स शानदार तेजी के साथ बंद हुए. पर आईटी स्टॉक्स में जोरदार गिरावट देखने को मिली है. निफ्टी का आईटी इंडेक्स 838 अंकों की गिरावट के साथ क्लोज हुआ है. निफ्टी के 50 शेयरों में 37 तेजी के साथ और 13 गिरकर बंद हुए. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 21 तेजी के साथ और 9 गिरकर बंद हुए. वहीं मारुति सुजुकी 3.55 फीसदी, सन फार्मा 2.77 फीसदी, टाइटन 2.21 फीसदी, आईटीसी 171 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है. जबकि इंफोसिस 2.98 फीसदी, विप्रो 2.73 फीसदी, एचसीएल टेक 2.46 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है.

# टेक रिक्योरिटी कंपनी लाएगी आईपीओ, 27 मार्च को खुलेगा

एजेंसी। मुंबई

आईपीओ मार्केट में यह तेजी पिछले साल से ही बनी हुई है. कई छोटी-बड़ी कंपनियां लगातार अपने आईपीओ ला रही हैं. आज हम आपको देश के पहले साइबर सिक्योरिटी आईपीओ के बारे में बताने जा रहे हैं. यह 29.99 करोड़ रुपये का आईपीओ टेक सिक्योरिटी कंपनी का है. इसे 27 मार्च को सब्सक्रिप्शन के लिए खोला जाएगा. इस कंपनी को विजय केडिया का समर्थन प्राप्त है. टेक सिक्योरिटी का आईपीओ आने के बाद कंपनी के फाउंडर त्रिशनित अरोड़ा की हिस्सेदारी घटकर 54.02 फीसदी रह जाएगी. यह भारतीय स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड होने वाली पहली साइबर सिक्योरिटी कंपनी बनने वाली है. विजय केडिया की इस कंपनी में 10.95 फीसदी और उनके बेटे अंकित की 3.65 फीसदी हिस्सेदारी है. इस आईपीओ में 28.3 लाख फ्रेश शेयर जारी किए जाएंगे. आईपीओ के लिए कंपनी ने प्राइस बैंड 100-106 रुपये प्रति शेयर तय किया है. यह 27 मार्च को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलकर 2 अप्रैल तक खुला रहेगा. एंकर निवेशकों के लिए इसकी शुरुआत 26 मार्च को होगी. कंपनी के शेयर एनएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे. इस आईपीओ से मिलने वाले पैसे का इस्तेमाल कंपनी ह्यूमन रिसोर्स और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए करेगी. इसके अलावा टेक सिक्योरिटी इंक, डेलवेयर में भी निवेश किया जाएगा.

▼ ब्रीफ खबरें

## भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण शुरू हुआ

**धार (मप्र)** । भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के दल ने मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले में स्थित विवादास्पद भोजशाला/कमाल मौला मस्जिद परिसर का शुक्रवार को सर्वेक्षण शुरू किया. करीब 12 सदस्यों वाला एएसआई का दल शुक्रवार सुबह परिसर में पहुंचा. उसके साथ जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी थे. मप्र उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह के भीतर वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था.

## रसायन प्रयोग के दौरान विस्फोट, एक की मौत

**चेन्नई** । बारहवीं कक्षा के 17 वर्षीय एक छात्र की अपने आवास पर कुछ रसायनों के साथ प्रयोग करने के दौरान हुए विस्फोट में मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी है. छात्र कोलाथुर पुलिस थाने की सीमा के अंतर्गत आने वाले एक निजी स्कूल में पढ़ता था. अधिकारियों के अनुसार अपनी पढ़ाई संबंधी रुचि के चलते यह प्रयोग किया था, लेकिन उसमें विस्फोट हो गया. इस घटना के बाद विशेषज्ञ छात्र द्वारा इस्तेमाल किए गए रासायनिक पदार्थ की जांच कर रहे हैं.

## इस्लाम के पन्ने जलाने के जुर्म में मिली उम्रकैद

**लाहौर** । पाकिस्तान की एक अदालत ने एक मुस्लिम महिला को इस्लाम के पवित्र ग्रंथ के पन्ने जलाने का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. एक अभियोजक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. पाकिस्तान के ईशनिंदा कानूनों के तहत, धर्म या धार्मिक शख्सियतों का अपमान करने का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को मौत की सजा तक दी जा सकती है. सरकारी अभियोजक मोहजिब अवैस ने कहा कि आसिया बीबी को 2021 में ईशनिंदा के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.

## आईएस ने बम धमाके की जिम्मेदारी ली

**इस्लामाबाद** । इस्लामिक स्टेट (आईएस) समूह ने दक्षिणी अफगानिस्तान के एक बैंक में हुए बम धमाके की जिम्मेदारी ली है और कहा कि उसने अपना वेतन निकालने के लिए पहुंचे तालिबानियों को निशाना बनाया. कंधार शहर के एक निजी बैंक में एक शख्स ने गुरुवार को खुद को बम से उड़ा लिया था जिसमें कम से तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य जख्मी हो गए थे. घटना में जान गंवाने वाले और घायल वे लोग थे जो अपना मासिक वेतन निकालने के लिए बैंक पहुंचे थे.

## विदेश मंत्री ब्लिंकन वार्ता के लिए पहुंचे इजराइल

**यरुशलम** । अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन इजराइल और हमास के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से क्षेत्र की अपनी छठी अत्यावश्यक यात्रा के तहत शुक्रवार को इजराइली शहर तेल अवीव पहुंचे. ब्लिंकन का कहना है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके 'युद्ध मंत्रिमंडल' से मुलाकात के दौरान वह दक्षिणी गाजा शहर रफह में इजराइल के नियोजित जमीनी हमले के विकल्प साझा करेंगे. संघर्ष विराम के प्रयासों पर गुरुवार को चर्चा की.



होली के रंग
भोपाल में शुक्रवार को युवा महिलाएं होली खेलती हुई

# भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से पीएम सम्मानित

एजेंसी । थिंपू



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शुक्रवार को भूटान के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया. यह सम्मान पाने वाले वह किसी विदेशी सरकार के पहले प्रमुख हैं. प्रधानमंत्री मोदी को यह पुरस्कार भारत-भूटान संबंधों के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान और भूटानी राष्ट्र तथा इसके लोगों के वास्ते उनकी विशिष्ट सेवा के लिए प्रदान किया गया है. पुरस्कार मिलने के बाद मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'भूटान द्वारा 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' पुरस्कार दिए जाने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं. मैं इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित करता हूं.' भूटान के राजा जिग्मे खेसर नांग्याल वांगचुक ने प्रधानमंत्री मोदी को 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया. सम्मान की घोषणा भूटान के राजा ने 17 दिसंबर, 2021 को 114वें राष्ट्रीय दिवस समारोह के दौरान की थी. शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी दो दिवसीय भूटान यात्रा के दौरान इसे प्राप्त किया.

### मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का मामला

# दिल्ली समेत देशभर में आप व अन्य दलों ने किया प्रदर्शन

भाषा । नयी दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किए जाने के खिलाफ शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी समेत देशभर में आम आदमी पार्टी (आप) और अन्य राजनीतिक दलों ने प्रदर्शन करते हुए विरोध जताया. राजधानी दिल्ली में आप के नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया. आईटीओ पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने इस क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों को वहां से जाने के लिए कहा. इसके बाद पुलिस ने कैबिनेट मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज को हिरासत में ले लिया. आईटीओ के करीब ही भाजपा और आप के मुख्यालय हैं. पुलिस ने प्रदर्शन के मद्देनजर भाजपा मुख्यालय और ईडी कार्यालय जाने वाले मार्गों को बंद कर दिया गया. इससे आईटीओ चौराहे, राजघाट तथा विकास मार्ग पर बड़े स्तर पर यातायात अवरुद्ध हुआ. दिल्ली यातायात पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी परामर्श में कहा, दिल्ली के डीडीयू मार्ग पर राजनीतिक दल के प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर आईपी मार्ग, विकास मार्ग, मिंटो रोड और बहादुर शाह जफर मार्ग पर भारी यातायात रहेगा. डीडीयू मार्ग यातायात के लिए बंद रहेगा.





### विपक्षी दलों ने एकजुट होकर किया प्रदर्शन

वहीं, आप और रायजोर दल (आरडी) की असम इकाई ने शुक्रवार को गुवाहाटी में प्रदर्शन किया और विपक्षी दलों ने एकजुट होकर आप नेता के खिलाफ ईडी की कार्रवाई की निंदा की. गुवाहाटी में आप सदस्यों ने राज्य सचिवालय से करीब दो किलोमीटर दूर स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय से जुलूस निकाला, लेकिन सुरक्षा बलों ने उन्हें रोक दिया. कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, विपक्ष को कुचलना इस सरकार का स्वभाव बन गया है. एक ही दिन में दो कदम– कांग्रेस के बैंक खाते 'फ्रीज' करना और वर्तमान मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर विपक्ष को कुचलने का प्रयास किया गया. स्वतंत्र एजेंसियां स्पष्ट रूप से राजनीतिक आकाओं के इशारे पर काम कर रही हैं. वहीं कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी की आलोचना की और कहा, भारत मुंहतोड़ जवाब देगा. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, एक डरा हुआ तानाशाह ऐसे लोकतंत्र बनाना चाहता है जिसमें जान ही न हो. जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शुक्रवार को विरोध मार्च निकालने की कोशिश कर रहे आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया. तेलंगाना के हैदराबाद में आप कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय के पास विरोध–प्रदर्शन किया. पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर प्रदर्शनकारियों को तितर–बितर किया. इस दौरान आप कार्यकर्ताओं ने हाथों में मोदी हटाओ–भारत बचाओ लिखी तख्तियां ली हुई थीं और ईडी और सीबीआई मुर्दाबाद के नारे भी लगाए.

### पश्चिम बंगाल : स्कूल भर्ती घोटाला

# मंत्री चंद्रनाथ के घर पर हुई छापेमारी

- सीबीआई ने सिन्हा को मवेशी और कोयला तस्करी मामलों में तलब किया था

भाषा । कोलकाता



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक दल ने शुक्रवार को कथित स्कूल भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में बीरभूम जिले के बोलपुर में, पश्चिम बंगाल के मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा के आवास पर छापेमारी की. अधिकारियों ने बताया कि ईडी की टीम केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी के साथ शुक्रवार सुबह करीब सवा नौ बजे सिन्हा के आवास पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू किया. ममता सरकार में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) और कपड़ा मंत्रालय का प्रभार संभालने वाले सिन्हा उस समय अपने आवास पर नहीं थे. वह करीब 90 किमी दूर मुरारई में अपने पैतृक घर पर थे. एक अधिकारी ने बताया, स्कूल भर्ती घोटाले में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में मंत्री के आवास पर तलाशी ली गई. इस समय वह अपने घर पर मौजूद नहीं हैं और हम उनके परिवार के लोगों से बात कर रहे हैं. पूर्व में, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सिन्हा को मवेशी और कोयला तस्करी मामलों में तलब किया था. अधिकारियों ने बताया कि ईडी कथित भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में लेक टाउन, चेतला और बालीगंज सहित कोलकाता के विभिन्न हिस्सों में कुछ कारोबारियों के आवासों पर भी छापेमारी कर रही है. अधिकारी ने कहा, उन पर संदेह है कि उन्होंने भारत से दूसरे देशों में अवैध रूप से धन स्थानांतरित करने में मदद की.

### भाजपा ने चौथी सूची जारी की

# तमिलनाडु में लोस के 15 और उम्मीदवारों की घोषणा

भाषा । नयी दिल्ली


भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए शुक्रवार को 16 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी कर दी. इसमें तमिलनाडु के 15 और पुडुचेरी के उम्मीदवार का नाम शामिल है. पार्टी की ओर से जारी इस सूची के मुताबिक चेन्नई उत्तर से आर सी पॉल कनगराज, तिरूवल्लूर से पॉन वी बालागणपति, तिरवन्नमलाई से ए अश्वथामन, नामक्कल से केपी रामलिंगम, त्रिपुर से एपी मुरुगनांदम, पोलाची से के वसंतराजन, करूर से वी वी सेंथिलनाथन, चिदंबरम से श्रीमती पी कार्तियायनी, नागपत्तिनम से एस जी रमेश, तंजावुर से एम मुरुगानंदम, शिवगंगा से देवनाथन यादव, मदुरै से राम श्रीनिवासन, विरूद्धनगर से राधिका शरतकुमार और टेनकासी से बी जॉन पांडियान को उम्मीदवार बनाया गया है. पुडुचेरी की एकमात्र लोकसभा सीट से भाजपा ने ए नमाशिवायम को पार्टी ने टिकट दिया है. इससे पहले गुरुवार को भाजपा ने पूर्व राज्यपाल तिमिलसाई सौन्दर्यराजन, पार्टी की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई और केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन सहित राज्य से नौ उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की थी. इस प्रकार तमिलनाडु के लिए भाजपा ने अब तक 24 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है.

## तेदेपा ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की

**अमरावती (आंध्र प्रदेश)**। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने आंध्र प्रदेश में आगामी लोस चुनाव के लिए 13 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की. पार्टी ने हाल ही में वाईएसआर से अलग हुए दो सांसदों को भी टिकट दी है. पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली पार्टी ने राज्य में आगामी विस चुनाव के लिए 11 और सीटों पर उम्मीदवारों की तीसरी सूची भी जारी की है. राज्य में विधानसभा चुनाव 13 मई को लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे. नरसरावपेटा सीट से वाईएसआरसीपी के लोकसभा सदस्य एल श्रीकृष्ण देवरायुलु को उसी निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा गया, जबकि वाईएसआरसीपी के राज्यसभा सदस्य वी प्रभाकर रेड्डी नेल्लोर से चुनाव लड़ेंगे.

# मदरसा शिक्षा अधिनियम 2004 को 'असंवैधानिक' घोषित किया

भाषा । लखनऊ



इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शुक्रवार को 'यूपी बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004' को धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों के प्रति उल्लंघनकारी करार देते हुए उसे 'संवैधानिक' घोषित कर दिया. न्यायमूर्ति विवेक चौधरी और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने मदरसा शिक्षा अधिनियम को 'अधिकारातीत' करार देते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिये कि वह एक योजना बनाए जिससे राज्य के विभिन्न मदरसों में पढ़ रहे छात्र-छात्राओं को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जा सके. यह आदेश अंशुमान सिंह राठौर नामक व्यक्ति की याचिका पर दिया गया है. याचिका में उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए मदरसों का प्रबंधन केंद्र और राज्य सरकार के स्तर पर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा किये जाने के औचित्य पर सवाल उठाये गये थे.

# इसरो ने किया सफल परीक्षण

भाषा । बेंगलुरु





भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को कहा कि उसने 'आरएलवी एलईएक्स-02' लैंडिंग प्रयोग के माध्यम से पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. यह परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज में सुबह सात बजकर 10 मिनट पर किया गया और यह इस श्रृंखला का दूसरा परीक्षण है. अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में बताया कि पिछले साल किए गए आरएलवी-एलईएक्स-01 मिशन के बाद आरएलवी-एलईएक्स-02 ने हेलीकॉप्टर से छोड़े जाने के बाद पुनः प्रयोज्य प्रक्षेपण यान (आरएलवी) की स्वायत्त लैंडिंग क्षमता का प्रदर्शन किया.

इसमें कहा गया है, आरएलवी को फैलाव के साथ अधिक कठिन करतब करने, 'क्रॉस-रेंज' एवं 'डाउनरेंज' दोनों को सही करने और पूरी तरह से स्वायत्त मोड में रनवे पर उतरने के लिए बनाया गया था. इसरो ने बताया कि भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर पंखों वाले पुष्पक नामक इस यान को ऊपर लेकर गया और इसे 4.5 किलोमीटर की ऊंचाई से छोड़ा गया. उसने बताया कि रनवे से चार किलोमीटर की दूरी पर छोड़े जाने के बाद 'पुष्पक' स्वायत्त तरीके से 'क्रॉस-रेंज' सुधार करते हुए रनवे पर पहुंचा. यह सटीक तरीके से रनवे पर उतरा और अपने ब्रेक पैराशूट, लैंडिंग गियर ब्रेक और नोज व्हील स्टीयरिंग प्रणाली का उपयोग करके रुका. इसमें कहा गया है कि इस मिशन ने अंतरिक्ष से लौटने वाले आरएलवी की उच्च गति की लैंडिंग स्थितियों का सफलतापूर्वक अनुकरण किया.

## ओडिशा के दिग्गज राजनेता दामोदर राउत का निधन

**भुवनेश्वर** । बीजद विधायक दामोदर राउत का निधन हो गया. उनके परिवार ने यह जानकारी दी है. राउत ने 81 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली. उनके परिवार में उनके बेटे और पारादीप के बीजद विधायक संबित राउत्रे और उनकी बेटी तथा भुवनेश्वर की पार्षद प्रतिनंदा हैं. उनकी पत्नी स्नेहलता महापात्रा की पहले ही मृत्यु हो गई थी. वह स्कूल शिक्षिका थीं. राउत को 18 मार्च को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया था. वहीं, गुरुवार को मृत घोषित कर दिया गया था. सीएम नवीन पटनायक, राज्यपाल रघुवर दास, केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आदि ने निधन पर दुख व्यक्त किया.





### कॅरियर-काउंसिलिंग

# बीएससी माइक्रोबायोलॉजी में बना सकते हैं अपना कॅरियर

रजनीश प्रसाद । रांची

**बीएससी माइक्रोबायोलॉजी एक 3 वर्ष का अंडर ग्रेजुएट डिग्री प्रोग्राम है, जिसमें आप विभिन्न प्रकार के माइक्रोब्स जैसे वायरस, प्रोटोजोआ और बैक्टीरिया और उन सभी से संबंधित फैक्टर्स के बारे में अध्ययन करते हैं. इन सभी माइक्रोब्स का अध्ययन उनकी संरचना, उनके विकास के पैटर्न और उनके द्वारा वातावरण में जो प्रभाव होता है, इससे संबंधित है. विद्यार्थी अपनी 12वीं कक्षा के साइंस बायोलॉजी के स्ट्रीम से पूरा होने के बाद इस कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं. इस डिग्री में बायोलॉजी के एक पर्टिकुलर एरिया पर फोकस किया जाता है.**



### कार्य

- नई योजनाएं बनाना करना व परीक्षण करना.
- पर्यावरण के सूक्ष्म जीवों के विकास पर नजर रखना.
- सूक्ष्मजीवों की बढ़ती हुई संस्कृतियों को परखना.
- एंटीसेप्टिक की तरह नए फार्मास्यूटिकल प्रोडक्ट वैक्सीन व दवाइयों का निर्माण करना.
- अलग–अलग जगहों से या लोकेशन से सैंपल्स कलेक्ट करना.
- डाटा को रिकॉर्ड करना, एनालिसिस करना व इंटरप्रेट करना.
- नए रिसर्च पेपर रिपोर्ट और रिव्यूज को लिखना.
- साइंटिफिक रिसर्च और डेवलपमेंट के साथ अप–टू–डेट रहना.
- यह सुनिश्चित करना कि डाटा को दिशा–निर्देशों के साथ में ही सही तरीके से रिकॉर्ड किया गया है.
- उच्च स्वास्थ्य व सेफ्टी स्टैंडर्ड्स का पालन क्या जाना चाहिए.
- जांच के लिए खाद्य और पेय निर्माण होने वाली प्रक्रियाओं का निरीक्षण करना.
- एक लेबोरेटरी का मैनेजमेंट देखना एवं उसे सुनिश्चित करना.

### विदेशी यूनिवर्सिटीज

**कनाडा**
- यूनिवर्सिटी ऑफ विक्टोरिया
- यूनिवर्सिटी आफ ब्रिटिश कोलंबिया
- मैकगिल यूनिवर्सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ सेस्केशेवन
- यूनिवर्सिटी ऑफ ग्यूल्फ

**ऑस्ट्रेलिया**
- यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू इंग्लैंड
- यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी
- यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड
- ग्रिफ्फिन यूनिवर्सिटी
- वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी

**यूके**
- यूनिवर्सिटी ऑफ लीड्स
- यूनिवर्सिटी ऑफ सरे
- यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग
- यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन
- यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्रैथक्लाइड

**अमेरिका**
- यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ फ्लोरिडा
- सैनडिएगो स्टेट यूनिवर्सिटी
- सेन फ्रांसिस्को स्टेट यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ एरीजोना
- यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास



### भारतीय इंस्टीट्यूट्स

- माउंट कार्मल कॉलेज, बैंगलोर
- सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई
- जय हिंद कॉलेज, मुंबई
- फर्ग्युसन कॉलेज, पुणे
- इतिराज कॉलेज फॉर वुमन, चेन्नई
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज, चेन्नई
- भास्कराचार्य कॉलेज आफ अप्लाइड साइंसेज

### एंप्लॉयमेंट एरिया

- हॉस्पिटल्स
- यूनिवर्सिटीज
- मेडिकल स्कूल्स
- गवर्नमेंट लैबोरेट्रीज
- फूड एंड ड्रिंक
- फार्मास्यूटिकल कंपनीज
- हेल्थ केयर ऑर्गनाइजेशन
- एनवायरमेंटल ऑर्गनाइजेशन
- ऑक्सफोर्ड कॉलेज ऑफ साइंस बेंगलुरु

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)